दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :163
प्रतापगढ़ | मंगलवार, 16 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

उप्र की खानदानी सीट बचानी मुश्किल हुई तो केरल को बनाया ठिकाना

कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिस पर देश में बैन है

मोदी ने साधा राहुल पर निशाना



नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है।त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, ÷कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है।÷ कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है।केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ÷केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।÷ प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, ÷केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर वे भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी हैं लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा।भाजपा के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणापत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे, मोदी की गारंटी का मतलब है कि केरल के हर जन औषधि केंद्र पर लोगों को 80 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और मोदी की गारंटी यानी हमारे युवाओं को अब मुद्रा योजना के तहत 10 लाख की जगह 20 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा।

उप्र के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी-योगी

पटना/औरंगाबाद, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां औरंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी है।योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण को दौरान राजद एवं सपा पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट के बीच होने जा रही है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू यादव के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए। परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। योगी ने कहा कि एक परिवार बिहार और एक परिवार उत्तर प्रदेश में है। उप्र की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें।उप्र मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट मोदी सरकार में खोल दिए गए हैं।

इससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। योगी ने कहा कि हम लालूजी से कहेंगे, आप संख्या बढ़ाइए, मोदीजी फ्री में मकान दे ही रहे हैं।

क्राइम ब्रांच ने शुरू की सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले की जांच

मुंबई,(हि.स.)। फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है।क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों के फोटो सीसीटीवी के जरिये मिल गए हैं। साथ ही फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। यह मोटरसाइकिल रायगढ़ जिले की है और आरोपितों ने इसे सेकंड हैंड खरीदा था। अब मोटरसाइकिल के पहले मालिक की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि दोनों आरोपितों ने सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग करने के बाद मोटरसाइकिल बांद्रा में ही छोड़ दी थी। इसके बाद रिक्शा से बांद्रा स्टेशन पहुंचे थे।बांद्रा स्टेशन से सांताक्रुज तक आरोपितों ने लोकल ट्रेन का सफर तय किया। इसके बाद सांताक्रुज रेलवे स्टेशन से आरोपित वाकोला तक रिक्शा से गए थे। वाकोला के बाद का आरोपितों का लोकेशन पुलिस नहीं मिल सका है। अब तक की जांच में पता चला है कि हवाई फायरिंग की जिम्मेदारी लेने वाले गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के फेसबुक पेज के आईपी पते का पता लगा लिया गया है। जांच में पता चला है कि प्रोफ़ाइल का आईपी पता कनाडा का था। पुलिस को संदेह है कि फेसबुक पोस्ट के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया गया होगा।पुलिस सूत्रों ने बताया कि खान के घर के बाहर गोलीबारी के कुछ घंटों बाद अनमोल बिश्नोई ने ऑनलाइन पोस्ट में घटना की जिम्मेदारी ली और बॉलीवुड अभिनेता को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यह एक 'ट्रेलर' था। आरोपियों में से एक की पहचान विशाल उर्फ कालू के रूप में हुई है, जो गोदारा के लिए काम करता है। मुंबई पुलिस की एक टीम इन दोनों आरोपितों की तलाश में हरियाणा गई है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

आम चुनाव में अब तक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती

नई दिल्ली,(हि.स.)। चुनाव आयोग ने आम चुनावों के दौरान देश में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती की है। यह 75 साल के चुनावी इतिहास में अबतक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग का कहना है कि आगे भी ऐसी ही तेज गति से कार्रवाई जारी रहेगी।चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार अबतक 395.39 करोड़ रुपये नकद, 489.31 करोड़ रुपये की शराब, 2068.85 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 562.10 करोड़ रुपये का सोना, 1142.49 करोड़ की मुफ्त सामग्री जब्त की है। पिछले आम चुनाव के मुकाबले इस बार ड्रग्स और मुफ्त सामग्री में अधिक जब्ती हुई है।आयोग की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल के खिलाफ ईसीआई की दृढ़ लड़ाई में 4650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

इज़राइल पर ईरान के हमले की जी-7 देशों ने की निंदा

संयम रखने का किया आह्वान

लंदन, (हि.स.)। जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इज़राइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और ÷संयम÷ रखने का आह्वान किया।यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इज़राइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की÷। ÷हम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे। गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा। नेताओं ने इज़राइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे ÷आगे अस्थिर करने वाली पहल÷ के जवाब में ÷आगे कदम उठाने÷ के लिए तैयार हैं।बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं। इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इज़राइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया, ऐसे समय में जब गाजा युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है।इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया।इज़राइल के शीर्ष सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी सावधानी और शांति का आग्रह किया। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया, ÷हम इसे आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। हम ईरान के साथ व्यापक युद्ध की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़राइल के लिए अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की, लेकिन अपने सहयोगी को अपने आम प्रतिद्वंद्वी ईरान के खिलाफ सैन्य प्रतिक्रिया से दूर रखने का मार्गदर्शन भी किया।तेहरान पर हमला करने से पहले, इज़राइल की सेना ने ईरान को चेतावनी दी थी कि उसे ÷स्थिति को और अधिक बढ़ाने का विकल्प चुनने के परिणाम÷ भुगतने होंगे।

केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच 29 अप्रैल को करेगी अगली सुनवाई

ईडी के जवाब पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।कोर्ट ने ईडी को 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ईडी की ओर से जवाब दाखिल होने पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने 9 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि ये जमानत याचिका नहीं है बल्कि गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो वे न्यायिक अधिकारी का काम होता है न कि जांच एजेंसी ईडी का। हाई कोर्ट ने कहा था कि किसने किस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया ये कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बांड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा था कि जांच एजेंसी किसी की भी जांच कर सकती है।हाई कोर्ट ने कहा था कि मार्च महीने से ही केजरीवाल समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता है कि चुनाव को ध्यान में रखकर गिरफ्तारी की गई है। कोर्ट कानून से बंधे हैं न कि राजनीति से। जज संविधान से बंधे होते हैं। न्यायपालिका का काम कानून की व्याख्या करना है और इसमें वो किसी का पक्ष नहीं लेती है, वो राजनीति में नहीं पड़ती है। राजनीतिक हस्तियों के मामलों में कोर्ट को केवल कानून को देखना है।हाई कोर्ट की चिंता संवैधानिक नैतिकता है, राजनीतिक नैतिकता नहीं। इस मामले में भी कोर्ट ने कानूनी तथ्यों पर ही विचार किया। हाई कोर्ट ने कहा था कि 2020 में गोवा विधानसभा के चुनाव में हवाला डीलर के बयान बताते हैं कि उस चुनाव में पैसे का इस्तेमाल हुआ। कोर्ट ने एनडी गुप्ता के बयान का जिक्र किया। केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। 1 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया।आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक की ईडी हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को पेशी के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि ये राजनीतिक साजिश है, जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखते हुए कहा था कि असली घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ।

विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

ईडी के समक्ष पेश होने का आदेश

नई दिल्ली,(हि.स.)। आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को ईडी के सामने 18 अप्रैल को पेश होने को कहा है।कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी के पास गिरफ्तारी के लायक साक्ष्य हैं तो अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर सकती है। अमानतुल्लाह खान ने दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपये की जमीन बिक्री से जुड़ा है। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान की अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीनें खरीदी और बेची गई। आरोपित कौसर इमाम सिद्दिकी की डायरी में 8 करोड़ रुपये की एंट्री की गई है।

जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची। जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी।इस मामले में सीबीआई ने 23 नवंबर, 2016 को आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2022 को चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गई।सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान एवं महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

के. कविता को सीबीआई मामले में 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली,(हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया।आज के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया । सीबीआई ने के. कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत में थी।

अजीत पवार ने विपक्ष पर लगाया मोदी के बारे में गलतफहमी फैलाने का आरोप

मुंबई, (हि.स.)। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विपक्ष गलतफहमी फैला रहा है। नेहरू से लेकर मोदी तक के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान संविधान में 106 बार संशोधन किया गया है। यह विपक्ष को भी पता है लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री पर संविधान बदलने की साजिश करने का तथ्यहीन आरोप लगाया जा रहा है।अजीत पवार ने कोल्हापुर में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष की ओर से नई सरकार में संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। 2014 और 2019 में भी इन लोगों ने यही किया था, अब 2024 में भी वही कर रहे हैं

समाजवादी पार्टी का मुसलमानों से कोई सरोकार नहीं - मायावती

मुरादाबाद,(हि.स.)। समाजवादी पार्टी(सपा) धर्म व जाति के नाम पर प्रदेश को बांटने का काम कर रही है। मुस्लिम बहुल आबादी वाले मुरादाबाद में सपा ने मुस्लिम प्रत्याशी का टिकट काटकर हिंदू प्रत्याशी को टिकट दे दिया, जबकि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को ही मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी का मुसलमान से कोई सरोकार नहीं है।यह बातें बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की सुप्रीमो एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को मुरादाबाद में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। वह महानगर के लाइनपार स्थित रामलीला ग्राउंड में मुरादाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंची थीं।मायावती ने सपा संसदीय दल के नेता व मुरादाबाद लोकसभा से सांसद डॉ.एसटी हसन का टिकट काटकर हिंदू प्रत्याशी रूचि वीरा को टिकट देने पर सबसे पहले सपा पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियां सांप्रदायिक व देश विरोधी हैं। इसलिए अब भाजपा सरकार को हटाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल जुमलेबाजी करते हैं। इन लोगों ने विकास का एक चौथाई प्रतिशत काम भी नहीं किया है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा धन्नासेठों व पूंजीपतियों की पार्टी है। यह सरकार पूंजीपतियों व कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर चल रही है। भाजपा सरकार ने देश की सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया है। यह चिंता की बात है। इनकी गलत नीतियों को जनता देख समझ चुकी है। यह लोग साम दाम दंड भेद अपनाकर किसी भी कीमत पर सत्ता में आना चाहते हैं। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मीडिया के ओपीनियन पोल व सर्वे पर भरोसा न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की बजाय उनकी पार्टी जनता के हित में काम करने में भरोसा करती है।बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार की उपलब्धि गिनाकर कहा कि हमारी सरकार में अपराधी डरते थे। हमने मुसलमानों, दलितों, पिछड़े सबके लिए एक समान रूप से कार्य कर सर्वसमाज का भला किया था। इस मौके पर बसपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राइन, मंडल कोआर्डिनेटर रणविजय सिंह, जिलाध्यक्ष डा सुनील आजाद एडवोकेट, मुरादाबाद से बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी, संभल के प्रत्याशी सौलत अली मौजूद रहे।

रामनवमी जुलूस के लिए हाई कोर्ट ने दी इजाजत

कोलकाता,(हि.स.)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने हावड़ा में रामनवमी जुलूस निकालने की इजाजत दे दी है। सोमवार को जस्टिस जॉय सेनगुप्ता की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य पुलिस जुलूस को नियंत्रित नहीं कर सकती, यदि उनके पास पर्याप्त बल नहीं है, तो राज्य को केंद्रीय बल से मदद लेनी होगी। जज ने कहा, %%अगर पुलिस 200 लोगों के जुलूस को नहीं संभाल सकती तो कहने को कुछ नहीं है।%% हावड़ा में विश्व हिंदू परिषद के रामनवमी जुलूस पर राज्य की आपत्ति पर जस्टिस जय सेनगुप्ता ने कहा कि आश्चर्य है कि राज्य पुलिस इतना भी नहीं कर सकती।चूंकि पिछली बार रामनवमी जुलूस में गड़बड़ी हुई थी

आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

भगवान और पूजा स्थल के नाम पर वोट मांगने का आरोप, कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली,(हि.स.)। भगवान और पूजा स्थल के नाम पर वोट मांगकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है।वकील आनंद एस जोंधाले की ओर से दायर याचिका में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को मुसलमानों से जोड़ कर बोला, जो जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन है।

याचिका में मांग की गई है कि प्रधानमंत्री को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री का भाषण लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा पैदा कर सकता है। इसलिए निर्वाचन आयोग इस पर संज्ञान लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करे। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री देशभर में हवाई यात्रा कर ऐसे भाषण दे रहे हैं, जिससे एक समुदाय के खिलाफ घृणा का माहौल पैदा हो सकता है। देशभर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए ऐसे भाषणों पर रोक लगनी चाहिए।

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला- अनिल राजभर

कांग्रेस सपा का चुनावी घोषणा पत्र एक मात्र चुनावी झुनझुना

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर, गंगा पार एवं यमुना पार के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का लोक संकल्प पत्र को लेकर सीपीएस कॉटेज सिविल लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री और लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अनिल राजभर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देशभर के 15 लाख जनता जनार्दन के सुझाव पर बनाए गए हैं। बाबा साहब के चरणों में नमन करते हुए इसे जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प और मोदी की गारंटी पर जनता को अटूट विश्वास है। पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत सरकार की उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत के चार स्तंभ युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ़ लाइफ पर है, क्वालिटी ऑफ़ लाइफ पर है, निवेश से नौकरी पर है। इस संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ अपॉर्चुनिटी और क्वालिटी आप अपरटुनिटीस दोनों पर बहुत जोर दिया गया है। एक तरफ हमने सारे इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोजगार बनाने की बात की है तो दूसरी तरफ हम स्टार्टअप ऑफ ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेस पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। विपक्षियों पर निशाना चाहते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र मात्र एक झुनझुना है। जिस पर जनता विश्वास अब नहीं करती क्योंकि जब यह पार्टियों सत्ता में थी तो अपनी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सपा और बसपा का जनाधार खो चुका है। वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और गुंडे मिट्टी में मिल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश उद्योग का सबसे बड़ा हब बन रहा है बड़ी-बड़ी कंपनियां आज उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं।

प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने किया। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष महानगर राजेंद्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष गंगा पार कविता पटेल, फूलपुर लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी, फूलपुर लोक सभा संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी यमुना पार दिलीप चतुर्वेदी, फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विधायक प्रवीण पटेल, विधानसभा शहर उत्तरी प्रभारी अनुज सिंह परिहार, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मीडिया संपर्क प्रमुख आनंद सुदर्शन वैश्य, नीरज पांडे एवं सम्मानित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

गाजी मियां के नवरात्र मेले में जायरीनों की भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह पर नवरात्र में पड़ने वाले रविवार के मेले में जायरीनों की भारी भीड़ जुटी। गाजी मियां की दरगाह पर प्रत्येक रविवार को रौजा मेला लगता है। जिसमें लोग सिन्नी प्रसाद चढ़ाने और मन्नत उतारने आते हैं। नवरात्र में पड़ने वाले रविवार को भारी भीड़ होती है। इस बार शनिवार की देर रात से ही दरगाह में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो रविवार को देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह और चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कुमार कटियार सिपाहियों के साथ मौजूद रहे।

मेरी लड़ाई लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की- अमरनाथ मौर्य

फूलपुर लोकसभा से सपा प्रत्याशी का पार्टी कार्यालय में पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। लोकसभा फूलपुर से घोषित सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य आज लखनऊ से चलकर दोपहर में प्रयागराज पहुंचे। टिकट की घोषणा के बाद आज पहली बार शहर आगमन पर श्री मौर्य ने सर्व प्रथम डॉ अम्बेडकर एवं डॉ लोहिया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे जहाँ पूर्व जिलाध्यक्ष स्व जवाहर सिंह की मूर्ति पर माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य का शहर की सीमा लालगोपालगंज, मंसूराबाद, नवाबगंज, गड्डोपुर, शांति पुरम, तेलियर गंज, सिविल लाइन्स सहित कई स्थानों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद कर जमकर स्वागत किया।

सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने पार्टी कार्यालय पर अपने सम्बोधन में पार्टी की ओर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाये जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मेरी लड़ाई लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की है। डॉ लोहिया और बाबा साहब अम्बेडकर सहित समता मूलक समाज की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बिताने वाले महापुरुषों के बताये रास्ते पर चलकर यदि मौका मिला तो क्षेत्र की जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में बुलंद करने का काम करूँगा। मेरी जीत सामाजिक न्याय और फूलपुर की जनता की जीत होगी। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव ने कहा की 2014 में देश की जनता से झूठे वादे करके सत्ता में आने वाली भाजपा की 2024 में विदाई होगी।

इस अवसर पर अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,पप्पू लाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, श्याम लाल पाल, विधायक गीता शास्त्री, पूर्व विधायक अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, रविन्द्र यादव, दूधनाथ पटेल, आर. एन. यादव, राजू पासी, डॉ एस पी सिंह पटेल, शांति प्रकाश पटेल, राजकुमार पटेल, डॉ राजेश यादव, नाटे चौधरी, मेराज आरिफ, राम अवध पाल, मयंक जोंटी, जगदीश प्रसाद मौर्य, सुमन शर्मा, प्रतिमा रावत, मंजू यादव, वजीर खान, खिन्नी लाल पासी, रजनीश पासी, सुधीर निषाद राकेश पासी, सचिन श्रीवास्तव, सत्यभामा मिश्रा, अभिमन्यु पटेल, बच्चा यादव आदि सहित सैकड़ो की संख्या में सपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

स्वर्गीय छुन्नन गुरु की प्रतिमा की उपेक्षा पर व्यापार मंडल नाराज़

ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ी बंद होने पर भी जताया गुस्सा

प्रयागराज। प्राग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पालकों चौक पर मण्डल के महामंत्री सुहैल अहमद की अध्यक्षता में एक मीटिंग आहूत की गई।बैठक का संचालन अरूण केसरवानी अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज ने किया और जिला प्रशासन से तथा नगर निगम से मांग की कि प्रयागराज का गौरव पूर्ण घंटाघर जिसकी घड़ी लगभग साल भर से बंद है और इस घड़ी का घंटा भी नहीं बजता इसको अतिशीघ्र ठीक कराया जाय। पदाधिकारियों ने कहा कि इसकी कई बार सूचना समाचार पत्रों और सोशल मीडिया द्वारा प्राग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम ने किया भी लेकीन विडंबना है अभी तक ठीक नहीं कराया गया।

अरूण केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज जिस व्यक्तित्व पर गर्व करता है वो हैं स्वर्गीय छुन्नन गुरु। जिन्हे समाज अपना आदेश मानता है। उनकी प्रतिमा का सौंद्रीय करण होना है जिसका बजट पैसा भी पास है। अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ, ऐसे ऐतिहासिक पुरुष की अवहेलना बहुत खराब है। मांग किया की अविलंब सौंदर्यीकरण कराया जाय। गुरु जी की प्रतिमा को सफेद या स्क्रीन रंग का कराया जाए। लगे की गुरुजी खड़े हैं। इस उपरोक्त मांग को बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने सर्व सम्मति से समर्थन किया।

मीटिंग में मुख्य रूप से प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, सरदार प्रीतम सिंह, अखिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार जतिंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम, पार्षद साहिल अरोरा, गुरुचरण अरोरा, राजीव नैय्यर, अंब्रिश खुराना, अशोकी अरोरा, सरदार हरजिंदर सिंह, धनंजय सिंह, राजेश गुप्ता, अतुल केसरवानी, सरदार दिलजीत सिंह, रामलोचन साहू, सुरेश गुप्ता, विकाश केसरवानी, कृष्ण बहादुर, रतन अग्रवाल, अनूप केसरवानी, रोहित अरोरा, महमूद खां, अन्नू दूबे, सत्यप्रकाश मिश्रा, उमेश केसरवानी, निखिल मलंग, धर्मेंद्र दिवेदी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद आमिर, संजू केसरवाणी आदि उपस्थित रहे।

बहुजन समाज के अधिकारी, कर्मचारी और रंगकर्मी सम्मानित

रन फॉर डा.अम्बेडकर दौड़ के पांच रनअप किए गए पुरस्कृत

प्रयागराज। प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवापती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) एवं बाबा साहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व बाबासाहेब डा. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 133 वीं जयन्ती के अवसर पर एक ओर जहा हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर समानता के संघर्ष का डा. अम्बेडकर मेला- 2024 का भव्य अयोजन किया गया तो वही इस मेले में बहुजन समाज के अधिकारियों और कर्मचारियों को डा. अम्बेडकर समाज सेवा सम्मान- 2023 प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बहुजन साहित्य कला और संस्कृति के साथ बहुजन रंगमंच के पुर्नस्थापित करने की दिशा में काम करने वाले पांच बाल रंगकर्मी रिया, सीतू, काजल,

विनोद और करन को केंद्रीय कारगर के जेलर ओम प्रकाश आर्या के द्वारा प्रबुद्ध गौतम बाल रंगमंच सम्मान - 2023 देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर देवपती मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष आशारानी ने रन फॉर डा. अम्बेडकर दौड़ के पांच रनअप रहे प्रद्युम्न, दूधनाथ, शैलेश कुशवाहा, पूजा पटेल और कविता निषाद को क्रमशः पांच, चार, तीन, दो और एक हजार की नकद राशि मय सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डा.अम्बेडकर मेला को अपर पुलिस उपयुक्त अपराध सतीश चन्द्र ने उदघाटन किया तो वही केन्द्रीय कारागार नैनी के जेलर ओम प्रकाश आर्या ने बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा ही

☞समानता के संघर्ष का डा. अम्बेडकर मेला आयोजित

एक माध्यम है जिससे बहुजन समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

विशिष्ट अतिथि में उतर मध्य रेलवे के राजेश चौधरी और ब्रजेंद्र बहादुर ने संयुक्त वक्तब्य में बहुजन समाज को अंधविश्वास, पाखण्ड और कुरीतियो से मुक्त होकर अपने तर्क की कसौटी पर चिन्तन कर तर्कसंगत और वैज्ञानिक दृष्टि से सकारात्मक बातो को मानना होगा। अम्बेडकर मेला में एलके अहेरवार, करन कुमार, अमर नाथ, मुन्ना कुमार, जय हिन्द, बिंदू गौतम, डा.अशोक कुमार, लाल चंद्र गौतम, श्री राम, डा. एसपी सिद्धार्थ, जीडी गौतम ने भी अपने विचार रखे।

मेला में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शराबियों के उत्पात से लोगों का राह चलना मुश्किल

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। शराबियों के उत्पात से लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर शराबियों की हरकतों से आए दिन राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित देशी शराब की दुकानों से नशेडी शराब खरीद कर पीने के बाद सड़कों पर उत्पात मचाते हैं। बताया गया है कि आते जाते लोगों को जहां शराबियों की हरकतों से काफी जलालत झेलनी पड़ती है वहीं महिलाओं को इन नशेड़ियों की हरकतों से काफी शर्मसार होना पड़ता है।

बाबा साहब सदी के महानायक- डॉ एसपी पटेल

पार्टी नेता बुलबुल पटेल ने कहा, कार्यकर्ता निभाएं गठबन्धन धर्म

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। करछना क्षेत्र के बड़ी बजरिया गांव में रविवार को अपना दल भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब की जन्म जयंती उनके चित्र पर माला पहनाकर नमन करते हुए मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शरीक हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच डॉ एसपी पटेल ने कहा उनके द्वारा सामाजिक ताने बाने को दुरुस्त करने के लिए संघर्षो को सदा याद किया जाएगा। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अपना दल के तत्वावधान में बड़ी बजरिया विधानसभा करछना में बहुत ही भव्य आयोजन करके उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर एसपी पटेल राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच ने कहा उनका पूरा जीवन संघर्षों की एक किताब है। उंन्होने समाज कल्याण की लंबी लड़ाई लड़ते हुए जातीय खाई को पाटने की कोशिश करते रहे। पार्टी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सदी का महानायक बताया है। कहा उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी।

समारोह में इलाहाबाद 52 से संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को भारी बहुमत से विजयी बनाने की भी अपील की गयी। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल ने कहा अपना दल गठबंधन धर्म का पालन करता है। बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि हम एनडीए प्रत्याशी को बड़ी जीत दिलाएं। जयंती के आयोजक पार्टी जिलाध्यक्ष राम मनोहर पटेल रहे जबकि संचालन दिनेश ने किया।

देश की आर्थिक ग्रोथ में व्यापारी अहम -नीरज त्रिपाठी

अध्यक्ष ने कहा, हम राष्ट्रहित के लिए देंगे भाजपा को समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। संसदीय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के प्रथम मेजा आगमन को लेकर व्यापारियों में भी उत्साह देखा गया।व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों ने श्री त्रिपाठी का स्वागत एवं सम्मान किया है।भाजपा नेता नीरज ने कहा कि व्यापारी भाई विकसित राष्ट्र संकल्पना के अहम कारक हैं।आपसे अपेक्षा है कि राष्ट्र उत्थान के लिए भाजपा की मिशन 400 पार मुहिम में सहभागी बनें।

नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्र विकास की जो भी ऊँचाई दी है उसमें व्यापारी भाईयों का पूर्ण सहयोग रहा है।देश की आर्थिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए अपने उत्कृष्ट व्यापार संयोजन से वैश्विक बाजार में आप सबने पैठ बनाकर मोदी जी के विकसित राष्ट्र के संकल्प को बल दिया है। यह समेकित सहयोग ही है कि देश दुनिया की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।मै मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा में आपसे साथ और सहयोग मांगने आया हूँ। राष्ट्रहित में आप मेरे साथ जरूर खड़े होंगे।

व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने त्रिपाठी को साथ का भरोसा दिया है।प्रचार अभियान को लीड कर रहे अधिवक्ता अभिषेक तिवारी टिंकू ने व्यापार मंडल महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों से परिचय कराया और जीत के लिए सहयोग मांगा है।अभिषेक तिवारी ने माण्डा के पूर्व प्रमुख अशोक सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल,वरिष्ठ नेता जय शंकर पांडेय ,पुष्कर तिवारी से सहयोग के लिए आग्रह किया है।

नीरज त्रिपाठी का काफिला मेजारोड के व्यापारियों से मिलने के बाद कोरांव के लिए निकल गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बनाई मानव श्रृंखला

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु लगभग 400 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, बाल विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा कतारबद्ध ढंग से बनाई गई मानव श्रृंखला का फीता काटकर शुभारम्भ किया व स्वयं मानव श्रृंखला में अन्य अधिकारियों के साथ सम्मिलित हुए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु लोगो को प्रेरित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गयी बाईक मतदाता जागरूकता रैली व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं की पैदल मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाईक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से कटरा होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से होते

☞मतदाता जागरूकता हेतु निकाली बाइक रैली, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मानव श्रृंखला का फीता काटकर किया शुभारम्भ

हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई एवं पैदल मतदाता जागरूकता रैली मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चैराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। इसके साथ ही कलेक्टेऊट परिसर में मतदाता जागरूकता रंगोली भी बनाई गयी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, परियोजना निदेशक ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, बी0एस0 यादव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी की भाजयुमो टीम ने की भव्य अगवानी

प्रवेश द्वार समहन से आयोजन स्थल तक की यात्रा में दिखा युवा उत्साह

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। इलाहाबाद संसदीय सीट के एनडीए प्रत्याशी भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी का मेजा विधान सभा क्षेत्र के प्रथम द्वार कहे जाने वाले समहन (टीकुरी) गांव में युवा मोर्चा के जिला मंत्री राहुल मिश्र की अगुआई में बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया।भाजयुमो की टीम ने सैकड़ों बाईक के काफिले के साथ त्रिपाठी की अगवानी कर अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी सोमवार को पार्टी द्वारा आयोजित परिचय बैठक में भाग लेने मेजारोड के डीजीएस गेस्ट के लिए निकले थे।

मेजा विधान सभा क्षेत्र में प्रथम बार आगमन को लेकर भाजयुमो की टीम बेहद उत्साहित रही।युवा मोर्चा के जिलामंत्री राहुल मिश्र की अगुआई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के प्रवेश द्वार टिकुरी में त्रिपाठी को फूल मालाओं से लादकर मानस पेट्रोल पंप पहुँचे।यहाँ जमा सैकड़ो युवाओं ने डीजे की रामधुन पर जमकर धमाल मचाया है।यूवाओ ने मोदी,योगी के साथ नीरज भैया जिंदाबाद के नारे लगाए। अबकी बार 400 पार के नारों से हाईवे गूंजता रहा।

बाइक काफिले को लीड कर रहे राहुल मिश्र ने कहा कि युवा टीम पूरे जोश खरोश में है और क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी की बम्पर जीत होगी।

उंन्होने कहा कि यह टीम घर घर दस्तक देगी और पार्टी के जीत के संकल्प को पूरा करेगी। युवा टीम में राहुल मिश्र के साथ प्रमुख रूप से सुशील शर्मा, सुधाकर पांडेय, सूरज शुक्ल, नागेंद्र निषाद, रोहित पांडेय, अंकित यादव, सूर्या, अरबिंद राय सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

बच्चों के चतुर्मुखी विकास में ईशा पब्लिक स्कूल की अहम भूमिका - अशोक चौधरी

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। विकास खंड फूलपुर के बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल में अंक पत्र वितरित किया गया । जिसमें नर्सरी से कक्षा 9 व कक्षा 11 के सभी छात्राएं शामिल थी । अंक पत्र वितरण में उपस्थित मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने कहा कि किसी भी सफलता को पाने के लिए परिश्रम व धैर्यता का होना अति आवश्यक है सभी छात्राओं को बड़ी ही विनम्रता व अनुशासित तरीके से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाने में जहां बच्चों द्वारा कठिन परिश्रम जरूरी है वही उनके लक्षणों को प्राप्त करने में अभिभावकों की भी अहम भूमिका है अपने बच्चों का दाखिला दिलाते समय माता-पिता को भी या ध्यान रखना चाहिए कि हमारा बच्चा एक अच्छे परिवेश में रहकर शिक्षक ग्रहण करें ग्रामीण परिवेश में ईशा पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम का शिक्षण प्रदान करने वाला प्रथम शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों का बहुमुखी विकास होता है। समारोह में डीके पटेल इंदु त्रिपाठी श्वेता पाल सविता चौरसिया प्रतिभा पांडे उषा राय श्रेया मौर्य पूजा चौधरी तनु मिश्रा उपासना यादव सोनम पाल पूनम पटेल संगीता पटेल अलका सिंह मोहम्मद जावेद व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम पाल उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन रोड पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। प्रबंधक विजयपाल ने उपस्थित अतिथि विमलेश कुमार विजय चंद विश्वकर्मा रामचंद्र गुप्ता बद्रे आलम पूजा जायसवाल आदि का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

विनय कुशवाहा प्रदेश सचिव मनोनीत

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व प्रदेश प्रवक्ता पूर्व पार्षद चार बार के जिला उपाध्यक्ष विनय कुशवाहा को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जिसका पत्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जारी किया। मनोयन पर विनय कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने पीडीए का सही स्वरूप प्रदान किया हैं। इस लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण में जिसमें सभी जातियों का प्रतिनिधित्व दिया है।

जिसके परिणामस्वरूप इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आश्चर्य जनक परिणाम आयेगा।

आठ दिनों तक ठप रहेगी तिलई फीडर की बिजली

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा विद्युत उप केन्द्र से संचालित तिलई फीडर के जर्जर तारों और पोलों के मरम्मतीकरण का कार्य 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलेगा। इसलिए इन तिथियों में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक इस फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी जेई नरेंद्र कुमार यादव ने दी

माननीय बनने के ललक में छेद्दू चमार हर बार ठोक रहे ताल

दोवाबा की तपोस्थली से इस बार भी ताल ठोकेंगे छेद्दू

24 साल के सियायी सफर में 13 बार लड़ा चुनाव

रवि अग्रहरी/आबिद हुसैन
लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद का मजरा तैबापुर निवासी छेद्दू चमार घर-घर बर्तन बेचकर अपना गुजारा करते हैं। छेद्दू चमार के घर में पिता दुर्गा प्रसाद के अलावा पत्नी सहित चार पुत्र व दो पुत्रियां है। छेद्दु 26 वर्ष की उम्र में पहला चुनाव वर्ष 2000 में शमसाबाद क्षेत्र पंचायत से अपने सगे चाचा धर्मराज को 195 मतों से शिकस्त देकर क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) निर्वाचित हुए थे।

जिसके बाद चुनाव लडने की ऐसी ललक जगी की चाहे लोकसभा हो या विधानसभा हर चुनाव में छेद्दू चमार ताल ठोकते है कई बार तो ऐसा भी हुआ है की राष्ट्रीय पार्टियों से भी ज्यादा मत प्राप्त किया है। छेद्दू चमार को चुनाव लड़ने शौक नहीं, जुनून है। कहते हैं कि वह सुबह कभी तो आएगी जब मैं विधायक-सासंद बनूंगा। इसीलिए 24 साल से घर-घर जाकर वोट मांग रहा हूं। क्षेत्र पंचायत से लेकर लोकसभा तक के 13 चुनावों में ताल ठोक चुके हैं। एक बार कामयाबी भी मिली। इस बार फिर सांसदी लड़ने की तैयारी है। पिछले 24 वर्षों के राजनीतिक सफर में वह अब तक क्षेत्र , 2005 में जिला पंचायत, 2010 में ग्राम पंचायत के अलावा 2014 व 2019 में दो बार लोकसभा और 2012, 2014, 2017 व 2022 में विधानसभा के चार चुनाव लड़ चुके हैं।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य के सामने भी ताल ठोक चुके है छेद्दू

कौशाम्बी। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में सिराथू सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सामने मैदान में उतरे छेद्दू को 3,756 वोट मिले थे, जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 1,147 वोट हासिल हुए थे। इसी तरह वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में छेद्दू ने कौशाम्बी सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें 3,340 वोट मिले थे, जबकि 2019 के चुनाव में 3,566 मत प्राप्त हुए थे।

छेद्दू का कहना है कि चुनाव लड़ना उनका जुनून है। इसके लिए वह अपनी तमाम जरूरतों में कटौती करते हैं। रूखी-सूखी रोटी खाकर धन बचाते हैं ताकि चुनाव का खर्च निकल सके। छेद्दू क्षेत्र में साइकिल से घूम-घूम नगड़िया बजाकर अपना चुनाव प्रचार करते हैं। उनके हाथ में एक बैनर होता है, जिस पर अपील लिखी रहती है कि उन्हें हर घर से बस एक वोट दे दिया जाए। वह आश्वस्त हैं कि अगर हर घर से एक वोट भी मिल गया तो वह चुनाव जीत जाएंगे।

उनका कहना है कि कभी तो लोगों का दिल पसीजेगा। इस बार होने वाले लोकसभा की तैयारी में वह कई माह पहले से जुट गए हैं। छेद्दू स्व. शिव सागर सिंह को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं। शिव सागर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव के अध्यक्ष और सिराथू तहसील के ब्लॉक प्रमुख रहे। उनकी गिनती असरदार नेताओं में होती थी। अव वह नहीं रहे। छेद्दू चमार 2024 में तीसरी बार कौशांबी संसदीय सीट से ताल ठोकने की तैयारी में है।

दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के डाउन लाइन पर वृद्ध महिला का मिला शव, ट्रेन से गिरकर हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों और रेलवे के कर्मचारियों ने देखा कि डाउन लाइन में एक वृद्ध महिला का शव पड़ा हुआ है, सूचना पर रेलवे पुलिस पुलिस पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की तो मृतका के पास पोटली में गहने और नगद रुपए मिले, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाऊस में भेज दिया और जांच में जुट गई।

घटना के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के नगर के वॉर्ड नंबर सात रामनगर के राम चौरा के पास की है, जहा देर रात किसी अज्ञात यात्री ट्रेन से एक वृद्ध महिला जिसकी उम्र लगभग (60) है, जुगनू रंग का घाघरा, काले रंग की कुर्ती, सफेद हल्का लाल गुलाबी रंग की ओढ़नी पहने है, जिसकी ट्रेन से गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई,मृतका के पास गहने और रुपए मिले है स पुलिस फोर्स ने शव की सूचना उच्च अधिकारियों को दी,जिसके बाद फोरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची और जांच की,मृतक महिला ने गले में हंसुली और पैर में छागल पहन रखा था, नगदी लगभग 1500रुपए, पहनावा और गहना देखकर महिला राजस्थानी लग रही है,मृतका के पास शिनाख्त के लिए कुछ ही नही मिला, जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम हाउस में बनें मोर्चरी में शिनाख्त करवाने के लिए रखवा दिया और शिनाख्त करने में जुट गई।

इस सम्बंध में कोखराज थाना प्रभारी इंद्रदेव ने कहा कि डाउन लाइन पर एक महिला का शव मिला है, शिनाख्त नहीं हो पाई है, शव को मोर्चरी में रखवा दिया है, शिनाख्त करवा कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

हत्या के दो आरोपियों को घटना से 11 माह के अन्दर आजीवन कारावास

1,10,000-1,10,000 रूपए के अर्थ दण्ड की दिलाई गई सजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 31 मई, 2023 को थाना संदीपनघाट अन्तर्गत ग्राम मुजाहिदपुर के पास खेत में अज्ञात व्यक्ति लाश मिली थी, जिसे पत्थर से कुचलकर मारा गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी सूरज उर्फ आदर्श सूर्यवंशी, जयकिशन निवासीगण बाकराबाद बम्हरौली थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय एएसजे प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 1,10,000-1,10,000रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

हत्या के आरोपियों को घटना से 08 माह के अन्दर आजीवन कारावास तथा 60,000-60,000 रू0 के अर्थ दण्ड की दिलाई गई सजा

कौशाम्बी। 10 सितम्बर, 2023 को थाना सैनी अन्तर्गत ग्राम नया पुरवा में आरोपियों द्वारा साजिश कर युवक की हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी छेदी लाल, मिथुन निवासीगण गरीब का पुरवा थाना कोखराज को न्यायालय एएसजे प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक आरोपी को आजीवन कारावास तथा 60,000-60,000 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

भेराए में निकली भीमराव अंबेडकर की याद में जुलूस

अजुहा, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के भैराये में रविवार को भीमराव अम्बेडकर 133वी जयंती डी जे के साथ अजुहा के टेडरी मोड में स्थित अशोक गौतम के आवास से डूडा कालोनी में जलूस समाप्त हुआ। इस मौके पर मौजूद लोगो ने डा अंबेडकर की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जुलूस में जयभीम के जयकारे लगाते हुए उन्हे याद किया गया । इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा , मज्जन अली , मनोज गौतम , फूल चंद केसरवानी , रामू आंनद , बीरेंद्र कुमार , बिमल कुमार आर्य मौजूद रहे।

दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस थानाध्यक्ष बृजेश कुमार करवरिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित धर्मेन्द्र कुमार निवासी सेवथा गोपालपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को मखऊपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित राज कुमारी, संगीता निवासीगण कोरांव खास थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

दस वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक विपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी गुफ्रान, नज्जी, नन्हे निवासीगण कुड़ापुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया। थाना मेहवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक आत्मा प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी दिनेश निवासी मवई थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रमता निवासी पूरब सरावां थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक मनोज तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मिथुन निवासी पट्टी परिवेजाबाद थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी सन्तोष कुमार निवासी तडहर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक लाल साहब यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा सुरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद निवासीगण फतेहपुर सहावपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी बुधई लाल निवासी औधन थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी पुर्रा पासी निवासी गौसपुर टिकरी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक कामता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकेश कुमार उर्फबल्लू निवासी कोइलहा थाना संदीपनघाट को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 122 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 07 वाहन सीज किया गया।

निरोधात्मक कार्रवाई मे 11 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में(थाना मंझनपुर से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना चरवा से 03, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कोखराज से 02, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

श्री दक्खिनी माता मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के सौरई मोड़ अंतूकापूरा स्थित श्री दक्खिनी माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे से पूर्व रविवार को मंदिर में अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया।पाठ के समापन के पश्चात सोमवार को भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे की शुरुवात कन्या भोज के साथ हुई।इस दौरान मौजूद कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें दक्षिणा व उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया गया।सांयकाल से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा।भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, सरवन साहू, अवध पटेल, संजय पटेल, सुमित साहू राजेश पटेल, बीरनलाल, मान सिंह, मनीष कुमार, मनराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

करारी में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती, काटा गया केक

कौशाम्बी बौद्ध बिहार एवं दलित सेवा संस्थान की ओर से मनाई गई जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कस्बे के सोनारन टोला में रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया।

कस्बे के सोनारन टोला में कौशाम्बी बौद्ध बिहार एवं दलित सेवा संस्थान की ओर से बाबा साहब की 133 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ संस्थान के प्रबंधक कमलेश गौतम ने बाबा साहब के चित्र पर मालयार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश गौतम ने कहा कि बाबा साहेब एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने दलितों, गरीबों, मजदूरों के अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहे। तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली। प्रदीप गौतम ने कहा कि आज संकल्प लेते हैं कि हम लोग अपने समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे, क्योंकि हमारा समाज पढ़ेगा तभी आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब का कहना था कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो। इस मौके पर सभासद सुनील चौधरी, सौरभ, रवि, मायाराम, सुधाकर, चंद्र शेखर, देवलाल, गिरीश, भीम, अशोक, सिपाही सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में अस्पताल कर्मी गंभीर घायल

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के जिला अस्पताल के सामने हनुमत अस्पताल में काम करने वाले चंदन (27) वर्ष पुत्र दिलीप कुमार जहांगीर नगर कॉलोनी मंझनपुर से सोमवार की दोपहर को बाइक से हनुमत अस्पताल अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे लेकिन जैसे ही वह जिला अस्पताल के आसपास पहुंचे तेज गति एक नेता की लग्जरी गाड़ी ने अस्पताल कर्मी को टक्कर मार दिया है जिससे बाइक समेत चंदन सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से लहू लुहान हो गए हैं हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है अस्पताल कर्मियों को भी मामले की जानकारी मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गए हैं एंबुलेंस 108 के जरिए घायल चंदन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

बेनीराम कटरा चौराहे पर नाबालिग चलाते है वाहन

लोकमित्र ब्यूरो

बेनीराम कटरा, कौशाम्बी। बेनीराम कटरा चौराहे पर इन दिनों नाबालिग वाहन चालक बेखौफ होकर फर्राटा भर रहे। वही पुलिस चौकी तमाशबीन साबित हो रही है। गौरतलब हो कि नेवादा विकास खण्ड के बेनीराम कटरा चौराहे पर इन दिनों दो पहिया, तिपहिया तथा ट्रैक्टर वाहनों पर भी नाबालिग चालक वाहनों को तीव्र गति से फर्राटा भरते नजर देखे जाते हैं। वहीं इस ओर सम्बन्धित विभाग के कानो मे जू तक नहीं रेग रही जिससे इन नाबालिग चालक दो पहिया, तिपहिया वाहनों को बेखौफ होकर तीव्रगति से फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। कभी कभी यही नाबालिग चालक वाहनों पर नियंत्रण खो देने से आप भी चोटिहल हो जाया करते हैं साथ ही दूसरे एवं विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को भी चोटिहल कर दिया करते हैं इस ओर से सँबधित विभाग जानते हुए भी अँजान साबित हो रही है।

जिले में कांग्रेस पार्टी की वापसी करना है मेरी प्राथमिकता- गौरव पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले में कांग्रेस पार्टी संगठन की सक्रियता कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार एवं गांव मोहल्ला एवं नगर के प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस पार्टी शीघ्र ही पुनर्वापसी करेगी तथा खोया हुआ आधार पुनर्स्थापित करना मेरी प्राथमिकता होगी उक्त उद्गार नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी गौरव पांडे आज मुख्यालय स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित पदभार ग्रहण को ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित चायल के पूर्व विधायक श्री विजय प्रकाश ने कहा कि लंबे अरसे के बाद कांग्रेस की संगठन की व्यवस्था हो सकेगी मुझे विश्वास है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अवश्य ही अपेक्षाओं पर खड़ा करने का काम करेंगे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र संविधान और मताधिकार खतरे में है कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो कि लोकतंत्र संविधान मताधिकार की लड़ाई लड़कर है सांप्रदायिक फासिस्ट ताकतों को तोड़ने का काम करेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक

प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव हंजला उस्मानी ने कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के मनोनयन से जिले में पार्टी संगठन ही नहीं जिले के किसानों गरीबों महिलाओं और संख्या को के भरोसे को निश्चित रूप से नई ताकत मिल सकेगी तथा उनकी लड़ाई मजबूती से लडी जा सकेगी ,

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के नेता सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री तथा मंझनपुर के विधायक इंद्रजीत सरोज ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज को विजई बनाने के प्रति आवाहन करते हुए गठबंधन की जीत को स्वयं की लड़ाई लड़कर सुनिश्चित करना है ,पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम ने शुभकामना देते हुए पार्टी हाई कमान के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया , कार्यक्रम में प्रदेश सचिव एवं जिला के सह प्रभारी राजेश साहनी भाई ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ व सक्रिय कार्य कर्ताओं से इंडिया गठबंधन के चुनाव में भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी महेंद्र गौतम ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापसी की ।मणीलाल पासी बसपा छोड़कर थे जानो कार्यकर्ताओं में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की भाजपा पुनीत वर्मा बीजेपी से पुनीत वर्मा दिलीप चंद्र केसरवानी ने कांग्रेस सदस्य कहां की संगीता सरोज भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

नगर पालिका के सभासद सोनू एवं प्रदीप धर्मेश्वर अजमल और शहर में भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता कर की इस अवसर पर सुरेश यादव जिला अध्यक्ष गंगा पार प्रयागराज , सुधाकर तिवारी पूर्व प्रदेश महासचिव , बार एसोसिएशन कौशाम्बी के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, चंद्रशेखर मौर्य , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आनन्द मोहन पटेल , चंद्रजीत यादव , सुशील केशरवानी ष्गोलूष् ,राम बहादुर त्रिपाठी , ब्राह्मण समाज कौशाम्बी जिलाध्यक्ष सोमप्रकाश मिश्र , युगल किशोर त्रिपाठी ,कौशलेश द्विवेदी , सत्येंद्र प्रताप सिंह ,राजेन्द्र त्रिपाठी , उमेश पांडे , राज नारायण पासी ,नसीमुद्दीन अमित द्विवेदी , एडवोकेट रोहित मिश्रा , विवेक मिश्रा माइकल ,दुर्गेश प्रजापति विजय सिंह यादव ,सुरेंद्र शुक्ला , सावित्री देवी , देवेश श्रीवास्तव , सचिन पांडे अलकमा उस्मानी , मोहम्मद सफीक , दीपक पांडेय , महेंद्र मिश्रा , अशोक पांडेय , विक्की तिवारी , कैलाश केशरवानी , गुड्डू रैदास , अजय पांडेय , मोहित पांडेय सहित युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग , अनुसूचित वर्ग कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब के व्यक्तित्वों पर डाला गया प्रकाश

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यो का वर्णन किया। साथ ही बच्चों को भारतीय संविधान में उनके द्वारा अदा की गई भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

अनेक छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन के बारे में बताते हुए भारतीय राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी व संविधान निर्माण करने आदि की जानकारी भी दी।प्रधानाचार्य महोदय ने समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सर्व-समावेशी संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक एवं विधिवेत्ता, श्भारत रत्नश् बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे देश में हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू छावनी में हुआ था, इनके बचपन का नाम भिवा था। इनके पिताजी का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई मुरबादकर था। वो अपने माता-पिता के आखिरी और 14वीं संतान थे। उनका शोषितों व वंचितों के उत्थान और समरस समाज के निर्माण हेतु योगदान हम सभी के लिए पथ-प्रदर्शक है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक,शिक्षिकाए,छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के औधन गांव में बुधवार देर शाम बाजार से घर लौटते समय युवक को अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से घायल कर दिया था। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सोमवार भोर इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के उजिहिनी गांव निवासी राजकुमार (35) अपनी ससुराल पिपरी कोतवाली के औधन गांव में मकान बना कर परिवार समेत रहता था। पत्नी सुनीता के अनुसार मेहनत मजदूरी कर उसके पति ने औधन गांव में ही एक व्यक्ति की जमीन खरीदी थी। उसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की देर शाम राजकुमार तिल्हापुरमोड़ बाजार पैदल ही घर लौट रहा था। इसी बीच गांव के बाहर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से राजकुमार पर हमला बोल दिया।

होमगार्ड्स अनुशासन में रहकर ईमानदारी पूर्वक लोकसभा चुनाव सम्पन्न करायें-डीएम

अर्न्तजनपदीय चुनाव हेतु जवानों को बसों को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अर्न्तजनपदीय चुनाव हेतु मतदान के लिये लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किये गये होमगार्ड्स के साथ पुलिस लाइन परिसर के टीन शेड सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार ने बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु होमगार्ड्स की ड्यूटी अन्य जनपदों में लगायी जाती है। उन्होने कहा कि सभी होमगार्ड्स अनुशासन में रहकर ईमानदारी पूर्वक लोकसभा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें, सभी होमगार्ड्स अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। पेशेवर जवान की तरह अपनी ड्यूटी करें, जनता के साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करें तथा निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफसख्ती से निपटा जाये, अपने क्षेत्र के अन्तर्गत बनाये गये बूथों को सुरक्षित रखें। उन्होने होमगार्ड्सों से कहा कि खाली पेट कभी न रहे क्योकि खाली पेट रहने से विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न हो सकती है तथा पीने का पानी हमेशा साथ रखें। सभी होमगार्ड्स निर्वाचन में सख्ती से कार्य करें और जहां भी जाये प्रतापगढ़ जनपद का नाम रोशन करें।

होमगार्ड्स सफलता पूर्वक कार्य करें और स्वास्थ्य रहकर वापस लौटे। जिलाधिकारी ने सभी होमगार्ड्स को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शुभकमानायें दी। उसके उपरान्त जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अर्न्तजनपदीय चुनाव हेतु मतदान के लिये लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किये गये 540 होमगार्ड्स जवानों की 12 बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, जिला कमांडेन्ट होमगार्ड्स धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय व होमगार्ड्स जवान उपस्थित रहे।

पूरे समाज की तरक्की के लिये अच्छी शिक्षा जरुरी - सदर विधायक

धूमधाम से मना रिवरडेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नया माल गोदाम रोड स्थित रिवरडेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव नगर के प्लाजा पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्नों बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन करें। शिक्षा का एक इन्सान के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा वह वस्तु है जो हमें एक सभ्य इंसान बनाती है और समाज के उन्नति में अपना योगदान देती है।स्कूल के मैनेजर मो0 इमरान खान ने कहा कि शिक्षा एक व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के तरक्की के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी माँ-बाप अपने बच्चों को जरुर शिक्षा दें।इस दौरान केजी क्लास के छात्र-छात्राओं ने हवा-हवाई और धड़क-धड़क नृत्य प्रस्तुत किया तो अभिभावकों की तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके अलावा बटरफ्लाई डांस, मोगली डांस,

पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे खराब, पंजाबी डांस, टुकुर-टुकुर, सजदा सांग पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर आए हुए अतिथियों का दिल जीत लिया। इसके अलावा हर क्लास के टॉप थ्री रैंकर्स को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।अंत में स्कूल के मैनेजर मो0 इमरान खान व सह प्रबंधिका सादिया खान ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर साकेत गर्ल्स कालेज के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एमबीएस स्कूल के मैनेजर धर्मवीर सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, पूनम सिंह, सानिया, सांभवी,

शालू, रुचि, हुवैदा, तूबा, सारा, सबा, फरहाना, फातिमा, महिमा, सतीश पाण्डेय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन समेत कई मौजूद रहे।

1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

तीन वारण्टी भी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। पुलिस ने एक किलो 400 ग्राम अवैध गाजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 श्री अमित सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री सुशील राय, का0 उपेन्द्र यादव, का0 कृष्णा पाल द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के गडउवा पुल शादर नहर कुशुवापुर के पास से 01 अभियुक्त गुलशन यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी ग्राम कुशुवापुर बाजार थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ को 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 81,2024 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना हथिगवां के उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराय हे0का0 सत्येन्द्र, का0 गौरव, म0का0 पूजा द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान वाद संख्या - 115,2023 मु0अ0सं0 190,2020 धारा 7,8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्ता ननकी पत्नी मुनई नट निवासी कटरा गड़रियान मजरे बिसहिया थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया जनपद के थाना मान्धाता के उ0नि0 श्री तौफीक खान मय हमराय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,

तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान एसटी नं0- 0567,05 धारा 379,511 भादवि से सम्बन्धित 01 पुनित कुमार तिवारी पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी सीधापुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना सांगीपुर के उ0नि0 श्री मुसाफिर यादव मय हमराय का0 अवतार सिंह, म0का0 कविता भदौरिया, म0का0 अंजली शाक्य द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0- 1561,2020 धारा 31 घरेलू हिंसा से सम्बन्धित 01 अभियुक्त अमित मिश्रा पुत्र चन्द्रशेखर 02. रेनू पत्नी अमित निवासीगण ग्राम विजहड़ा थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

दुष्कर्म, अपहरण के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

पट्टी,प्रतापगढ़। पुलिस ने दुष्कर्म एवं अपहरण के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में आज दिनांक 15.04.2024 को जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 श्री लक्ष्मीकान्त सेंगर मय हमराय द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 21,24 धारा 363, 366ए, 368, 504, 506, 376 भादवि व 3,4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त चन्द्रभान पुत्र संतोष कुमार निवासी होशियारपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत बीबीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

रंगदारी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लालगंज,प्रतापगढ़। पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में आज दिनांक 15.04.2024 को जनपद के थाना लालगंज के उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह मय हमराह का0 अमर कुशवाहा, का0 श्रीचन्द्र द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज के मु0अ0सं0 94,2024 धारा 384,386,323,427,506 भादवि से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त जितेन्द्र सिंह उर्फ दउवा पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम कलापुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र सेवांक बाबा के स्थान के पास से गिरफ्तार किया गया । पूंछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र सिंह उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 23.03.2024 को रानीगंज कैथौला बाजार से एक व्यक्ति से 5000- रुपये की रंगदारी ली थी , जिसमें मेरे साथी राहुल ने 3000ध्- रुपये रख लिए थे, बाकी 2000- रुपये मैने रख लिए थे

मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान को सकुशल सम्पन्न करायें-सीडीओ

जीआईसी एवं सेन्ट एन्थोनी में मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

प्रशिक्षित मास्टर टेऊनर्स द्वारा मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में 03 दिवसीय प्रशिक्षण में पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षित किया गया। दोनो प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा द्वारा किया

गया। उन्होने इस दौरान कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूर्ण मनायोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें और जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर टेऊनर से कर लें। ईवीएम को जोड़ना सीखे लें, मशीन सम्बन्धित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें और सभी मास्टर टेऊनर्स मतदान कार्मिकों को गम्भीरतापूर्वक एवं अच्छे से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझकर जनपद में मतदान सकुशल सम्पन्न करायें। उन्होने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें जो भी जिज्ञासायें है उसका समाधान यहीं पर कर लें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से प्रश्न भी किया और सही उत्तर मिलने पर संतुष्ट हुये। उन्होने कहा कि इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब है मतदाता प्रतिशत संकलन होता है।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेऊनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेऊनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा मास्टर टेऊनर द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। दोनो प्रशिक्षण केन्द्र पर दोनो पारियों में 3200 मतदान कार्मिक जिसमें पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला सहित कुलश्रेष्ठ तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, वंशीधर दूबे, वसीम, रणवीर, नीरज मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

भाजपा का संकल्प मोदी की गारण्टी है - शंकर गिरी

जनता को है मोदी की गारण्टी पर पूरा भरोसा भ्रष्टाचार के विरूद्व जारी रहेगी कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । यह वार्ता भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो, भाजपा का संकल्प ÷मोदी की गारंटी÷ के संदर्भ में आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री शंकर गिरी वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार जो भी पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में जो घोषणा किया था, उसे आज 05 वर्षों में पूरा किया और आज 2024 में जो संकल्प पत्र की घोषणा कर रहे उसे भी अगले 05 वर्षों में पूरा करेंगे । यही मोदी जी की गारंटी है । मुख्य वक्ता ने यह भी बताया कि कल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0 पी0 नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी का लोकार्पण किया । जो कि संकल्प पत्र के रूप में जारी घोषणा पत्र में किये गये सभी वादों पर मोदी की गारंटी की मुहर लगी है । भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वादा किया । जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए , भाजपा ने साफकर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी । और इसमें नई तकनीक का उपयोग किया जायेगा । देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और उनकी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए उन्हें सालाना 05 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज देने का वादा किया है । साथ में उन्होंने यह भी बताया कि स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में मुद्रा और स्वनिधि योजनाओं की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका विस्तार करने का वादा किया । मुद्रा योजना में अब 10 लाख की जगह बिना गारंटी 20 लाख रुपये तक कर्ज दिया जाएगा । इसी प्रकार से रेहड़ी पटरी ठेला वालों को 50 हजार रुपये तक कर्ज देने वाली स्वनिधी योजना का विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण तक किया जायेगा और ऋण की सीमा भी बढ़ाई जाएगी । साथ में उन्होंने किसानों के बारे में बताया कि 10 करोड़ किसानों को सम्मान निधि मिलती रहेगी, पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट बड़ी संख्या में लगाने का वादा भी किया है । सोशल, डिजीटल और फिजिकल तीनों क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बताया बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भाजपा ने इसकी गति और तेज करने का वादा किया है । नये शिक्षण संस्थाओं का निर्माण, 5-जी के विस्तार और 6-जी के तैयारी के साथ ही सर्विस सेंटरों व टेलीमेडिसिन का विस्तार साथ में सड़क, रेल, जलमार्ग के नेटवर्क को विस्तार के साथ अत्याधुनिक बनाया जायेगा । शहरीकरण की रफ्तार को देखते हुए नये दू नये सेटेलाइट, टाउनशिप बनाये जायेंगे । भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा को दुनिया भर के उभरते क्षेत्रों का ग्लोबल हब बनाने का वादा किया है । साथ में फसलों के लिए एम0एस0पी0 बढ़ाना, कृषि गतिविधियों के एक स्वदेशी भारत कृषि उपग्रह लांच करना, सभी सामाजिक सुरक्षा योजना में ऑटो रिक्शा, ट्रक, टैक्सी चालकों और अन्य चालकों को शामिल करना , नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करना एक राष्ट्र एक चुनाव को हकिकत बनाना के बारे में बताया । साथ में उन्होंने बताया कि सरकारी सेवाओं में भर्ती के लिए पारदर्शी प्रणाली बनेगी पेपर लीक को रोकने के लिए कानून का क्रियान्वयन किया जायेगा, भाजपा का संकल्प पत्र महिला, गरीब,युवा, महिला एवं किसान को समर्पित करते हुए 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने वाला साबित होगा । गरीबों के लिए आवास योजना के तहत 3 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य, फ्री बिजली और 5 साल तक मुफ्त राशन की व्यवस्था जारी रहेगी । तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की गारंटी, किसान सम्मान निधि की राशि भी बढ़ाएंगे, बुलेट ट्रेन का विस्तार करेंगे, वुमेन हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर महिलाओं की आय बढ़ाएंगे, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और तेज करेंगे । के साथ दू साथ घोषणा पत्र के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा किया ।उक्त प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से आशीष श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष एवं राघवेन्द्र शुक्ला जिला प्रवक्ता राजेश सिंह महामंत्री उपस्थित रहे।

प्राइवेट विद्यालयों द्वारा लिए जा रहे री एडमिशन फीस के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने फूका बिगुल'

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। विदित हो कि आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिला अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें शिक्षा के बाजारीकरण व अभिभावकों के ऊपर री एडमिशन फीस के नाम पर बनाए जा रहे दबाव व विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से इन विषयों की जांच करने के लिए एक जांच कमेटी का गठन करने के लिए कहा गया।इस मौके पर सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा की प्राइवेट विद्यालय प्रतिवर्ष एडमिशन फीस के नाम पर मनमानी तरीके से अभिभावकों से एक मुस्त धनराशि जमा करवाई जा रही है जिससे अभिभावकों को के ऊपर एक बड़ा बोझ पड़ता है प्रशासन को एक गाइडलाइन तैयार करनी चाहिए जिससे एक मानक फीस का तैयार हो सके। इस मौके पर प्रांत इंटर कॉलेज संयोजक रमेश पटेल ने कहा जनपद में अधिकतम विद्यालय अपने कैंपस में ही पुस्तक व ड्रेस विकृत करते हैं जो की नियमों के खिलाफहै। इस मौके पर जिला साथ संयोजक बालाजी ओझा ने कहा की प्राइवेट विद्यालय के विद्यार्थियों को एनसीसी से दूर रखा जा रहा है उनका दाखिला एनसीसी में हो सके इसको लेकर एक पारदर्शी प्रक्रिया की शुरुआत करनी चाहिए इस मौके पर सदर तहसील सयोजक शुभम् मिश्रा, अक्षत श्रीवास्तव, सुशांत रावत,अमन श्रीवास्तव, किशन रावत, नमन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर सीज महाविद्यालय में चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। माननीय न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा सीज किए गए महाविद्यालय में अज्ञात बदमाशों ने सफलतापूर्वक चोरी को अंजाम देते हुए विद्यालय से भारी समान उड़ा ले गए। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी मऊ दारा निवासी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छबि नाथ यादव का दहेगरी जमालपुर गांव में स्व.सुंदरलाल यादव महाविद्यालय का है। जो बीते कई वर्षों से संचालित है। राजनीतिक द्वेष भावना से प्रतिद्वंदियों ने झूठे आरोप लगाकर विद्यालय को माननीय न्यायालय के आदेश पर 2 वर्ष पूर्व सीज करा दिया था। महाविद्यालय में तालाबंदी होने से विद्यालय में शैक्षणिक कार्य स्थगित है। जब से विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बंद है। तब से विद्यालय की संपत्ति प्रशासन की देखरेख में है। महाविद्यालय के प्रबंधक छवि नाथ यादव लगभग 9 महीने से जेल में है। प्रशासन महाविद्यालय की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हुआ है। तभी तो विद्यालय के संपत्ति पर निगाह लगाए चोरों ने बीते 11 अप्रैल की रात्रि में अंदर रखा चार बैट्री इनवर्टर, एलईडी टीवी, 5 पीस कैमरा, 6 पीस पंखा तथा लाइब्रेरी के लोहे के उठा ले जाने में सफल रहे। जानकारी पर प्रबंधक के छोटे भाई अंकित यादव ने मानिकपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफघटना की तहरीर देकर विधिक करवाई की मांग की है। जानकारी पर मानिकपुर थाना प्रभारी जय चंद्र भारती ने बताया कि मामला अभी हमारी जानकारी में नहीं है। जांच करवाकर विधिक करवाई की जाएगी।

परीक्षाफल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग विद्यालय का परीक्षाफल वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। विकास खंड बाबागंज की ग्राम पंचायत अर्जुन अतेरू के राघव शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल में शिक्षण सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा फल का प्रमाण पत्र रविवार को समारोह पूर्वक विद्यालय में वितरित किया गया। जहां पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में बाल कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। विद्यालय की एलकेजी की सार्थक यादव, यूकेजी का अभिराज, कक्षा एक का शिवांश

पुष्पाकर, कक्षा 2 की श्रेया यादव, कक्षा 3 की निखिल पटेल, कक्षा 4 का आदर्श पटेल, कक्षा 5 की आंचल ओझा, कक्षा 6 की प्राची पटेल, कक्षा 7 का प्रिंस सरोज व कक्षा 8 का राजन केसरवानी को कक्षा में प्रथम स्थान तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र दिया गया। परीक्षाफल पाकर बच्चे खिलखिला कर हस पड़े। क्योंकि यह उनकी साल भर की पढ़ाई लिखाई की मेहनत का फल था। वरिष्ठ पत्रकार व मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव तथा अर्जुन अतेरू ग्राम प्रधान आनंद पांडे ने संयुक्त रूप परीक्षा फल प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि राघव शिक्षा निकेतन क्षेत्र का एक आदर्श है । जहां पर बच्चों को संस्कारित शिक्षा सुयोग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान की जा रही है। बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने पाल्यों को घर के अंदर अच्छे संस्कार देकर विद्यालय भेजें यही बच्चे देश के भविष्य हैं, कल का भारत इन्हीं के कंधों पर होगा। इस विद्यालय से निकले हुए बच्चे क्षेत्र समाज व राष्ट्र में अपना नाम रोशन करेंगे। इसलिए अभिभावक व शिक्षक शिक्षिकाएं मिलकर बच्चों बच्चों का भविष्य संवारने में अपना संपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक श्याम शंकर मिश्रा तथा विद्यालय के प्रबंधक अंजनी कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बृजेश सिंह धर्मेंद्र पटेल रिंकू शुक्ला, श्याम शंकर मिश्र, शशिधर पांडे, अभय प्रताप सिंह, रामराज यादव, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, राहुल सिंह, रिद्धि सिंह, वंदना सिंह, मालती विश्वकर्मा समेत समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण मौजूद

तमंचा,कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अन्तू,प्रतापगढ़। पुलिस ने 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद, 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 श्री अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त राशिद खान पुत्र मो0 जहीर उर्फ अम्मू निवासी कठार थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ थानाक्षेत्र अन्तू के ग्राम सराय महिमा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना अन्तू पर मु0अ0सं0 154,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

10 अदद देसी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने 10 देसी बम के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 15.04.2024 को जनपद प्रतापगढ़ के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री अजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम रतिगरपुर लक्ष्मणपुर से कुल 10 अदद देसी बम के साथ 01 अभियुक्त राजेश सरोज पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम रतिगरपुर लक्ष्मणपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के संबंध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0 142,24 धारा 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

सराय अकिल कस्बे में मध्य भागवत के सातवें दिन सुदामा कृष्ण का चरित्रका हुआ वर्णन

डॉ आशीष श्रीवास्तव ने बाल गोपाल पर चांदी का चढ़ाया मुकुट कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने पत्रकारों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय की सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम के सातवें दिन मध्य भागवत कथा में भगवान कृष्ण व सुदामा का चरित्र चित्रण का वर्णन किया सुदामा कृष्ण की मित्रता देखकर लोगों की आंखें नम हो गई भागवत समाप्त होने के पश्चात कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने पत्रकारों को सम्मानित किया।

बता दे, सब्जी मंडी स्थित शिव शक्ति धाम में मध्य भागवत कथा 9 तारीख से चल रहे आज सोमवार को सातवे दिन सुदामा कृष्ण का कथा सुनाया गया मध्य भागवत कथा को सुनने निकाला भक्तों का सैलाब कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने अपने मुखारविंद से सुदामा कृष्ण की मित्रता का वर्णन किया बताया ,सुदामा जी शिक्षा और दीक्षा के बाद अपने ग्राम अस्मावतीपुर (वर्तमान पोरबन्दर) में भिक्षा मांगकर अपना जीवनयापन करते थे। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे। विवाह के बाद वे अपनी पत्नी सुशीला और बच्चों को बताते रहते थे कि मेरे मित्र द्वारिका के राजा श्रीकृष्ण है जो बहुत ही उदार और परोपकारी हैं। यह सुनकर एक दिन उनकी पत्नी ने डरते हुए उनसे कहा कि यदि आपने मित्र साक्षात लक्ष्मीपति हैं और उदार हैं तो आप क्यों नहीं उनके पास जाते हैं। वे निश्चित ही आपको प्रचूर धन देंगे जिससे हमारी कष्टमय गृहस्थी में थोड़ा बहुत तो सुख आ जाएगा। सुदामा संकोचवश पहले तो बहुत मना करते रहे लेकिन पत्नी के आग्रह पर एक दिन वे कई दिनों की यात्रा करके द्वारिका पहुंच गए।द्वारिका में द्वारपाल ने उन्हें रोका। मात्र एक ही फटे हुए वस्त्र को लपेट गरीब ब्राह्मण जानकर द्वारपाल ने उसे प्रणाम कर यहां आने का आशय पूछा।

जब सुदामा ने द्वारपाल को बताया कि मैं श्रीकृष्ण को मित्र हूं दो द्वारपाल को आश्चर्य हुआ। फिर भी उसने नियमानुसर सुदामा जी को वहीं ठहरने का कहा और खुद महल में गया और श्रीकृष्ण से कहा, हे प्रभु को फटेहाल दीन और दुर्बल ब्राह्मण आपसे मिलना चाहता है जो आपको अपना मित्र बताकर अपना नाम सुदामा बतलाता है।

द्वारपाल के मुख से सुदामा नाम सुनकर प्रभु सुध बुध खोकर नंगे पैर ही द्वार की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने सुदामा को देखते ही अपने हृदय से लगा लिया और प्रभु की आंखों से आंसू निकल पड़े। वे सुदामा को आदरपूर्वक अपने महल में ले गए। महल में ले जाकर उन्हें सुंदर से आस पर बिठाया और रुक्मिणी संग उनके पैर धोये। कहते हैं कि प्रभु को उनके चरण धोने के जल की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। उनकी दीनता और दुर्बलता देखकर उनकी आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी, जिसमें भागवत कथा में सुदामा कृष्ण की झांकी दिखाई गई पूरा पंडाल राधे-राधे से गूंजने लगा मध्य भागवत कथा का आयोजन शिव शक्ति धाम के समस्त भक्तों ने कराया जिसके जजमान आद्या प्रसाद मिश्रा पत्नी मालती देवी निवास केवट का पुरवा ,भागवत में चितापुर से चलकर डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव में श्री कृष्ण की मूर्ति पर चांदी का मुकुट चढ़कर आशीर्वाद लिया कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव को आशीर्वाद दिया तत्पश्चात कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज जी ने आशीष श्रीवास्तव व पत्रकारों को सम्मानित किया मौके पर भरत केसरवानी शिवाकांत मिश्रा कृष्ण नारायण रस्तोगी श्याम केशरवानी राजेश केसरवानी अमित रस्तोगी अंकित रमेश वर्मा सुनील सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षा समाज का दर्पण है- अजय कुमार चौबे

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुरखास विकास खंड नेवादा के कंपोजिट विद्यालय उस्मानपुर बिगहरा विद्यालय के प्रधानाध्यपक अजय कुमार चौबे ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन रैली निकालकर अभिवावकों को संदेश दिया कि नए सत्र की शुरुवात हो चुकी आप लोग अपने अपने बच्चों का नामांकन करवाएं साथ ही प्रधानाध्यपक ने रैली के दौरान बीच बीच में अभिवावकों को जागरूक किया जिसमे अभिवावकों जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है जिससे बच्चो को पढ़ना बहुत जरूरी है इसी प्रकार बच्चों ने घर घर गूंजे यह जयनाद,यू.पी. बेसिक जिंदाबादष् जैसे के नारा लगा कर गली गली मोहल्ले मोहल्ले जागरूक किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार चौबे सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

राजनैतिक दल राजनैतिक दलों से घोषित प्रत्याशी, अनुमति प्राप्त करके ही करें कार्यक्रम का आयोजन व जनसम्पर्क

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार सिंहता का अनुपालन किया जाय। राजनैतिक दलध्राजनैतिक दलों से घोषित प्रत्याशी द्वारा कोई भी कार्यक्रम का आयोजन जनसम्पर्क किया जाता है तो उसकी पूर्वानुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय, बिना पूर्वानुमति के किसी भी कार्यक्रम का आयोजन एवं जनसम्पर्क न किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल करने के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में नामांकन प्रपत्र दाखिल करने से एक दिन पूर्व का खाता खोला जाना अनिवार्य होंगा। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रू0-10000 से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। उम्मीदवार द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए छपाई गई प्रचार सामग्री की प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी,जिस प्रिन्टिंग प्रेस से सामग्री तैयार करायी जा रही है, उसके प्रोपराइटर का नाम,पूर्ण पता,मोबाइल नम्बर, ई-मेल, जी0एस0टी0 नम्बर आदि उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगायी गयी है, जिसका अनुपालन प्रत्येक प्रत्याशी को करना आवश्यक है। प्रत्याशी द्वारा किसी भी प्रकार का जुलूसध्सभा, बिना अनुमति किया जाना प्रतिबन्धित है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बेरौचां के खूनी संघर्ष में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, जायजा लेने पहुंची राजस्व टीम

लोकमित्र ब्यूरो

कनैली/गुरौली, कौशाम्बी। कौशाम्बी कोतवाली क्षेत्र के बेरौचा गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर मिट्टी खोदने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्ष के आठ लोग घायल हो गए थे। जिसमें इलाज के दौरान शनिवार की भोर में राजाराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जैसे ही सूचना पर बेरौचां के खूनी संघर्ष में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, के बाद जायजा लेने पहुंची राजस्व टीम गांव पहुंची परिवार वालों से मिल कर हाल चाल जाना आपको राजेश द्विवेदी भूमि संरक्षण नायब, ओम प्रकाश सिंह,प्रमोद पाण्डेय,ग्राम प्रधान राजेश द्विवेदी, मृतक परिवार से मिले और आश्वाशन दिया की आप के साथ न्याय होगा और और हर संभव मदद किया जाएगा।घटना के बाद से गांव में तनाव के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने गर्मी के कारण परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। तेज धूप व गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। इसको देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कौशाम्बी की ओर से समय में बदलाव करने की मांग की गई है। माध्यमिक विद्यालयों की तरह ही परिषदीय विद्यालयों का समय भी सुबह साढ़े सात से दोपहर 12.30 बजे निर्धारित करने की मांग की गई है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए विद्यालय के समय में बदलाव की मांग की है। उन्होंने डीएम को संबोधित मांगपत्र बीएसए को दिया। उनका कहना है कि परिषदीय विद्यालय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक संचालित हो रहे हैं। इस समय में बदलाव करते हुए सुबह 7.30 बजे से 12.30 बजे तक किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सुबह साढ़े सात से दोपहर 12.30 बजे तक समय निर्धारित करने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश में लू चल रही है। जिससे कई जगहों पर तापमान काफी बढ़ गया है, सुबह 10 बजे के बाद लोगों को घरों से निकलने में कठिनाई महसूस हो रही हैं। ऐसे में कोमल बच्चे बिना साधन के विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं। दोपहर में अधिक गर्मी के कारण बच्चों को दिक्कत हो रही है। दो बजे अवकाश होने पर कड़ी धूप व लू में पैदल घर जाना पड़ रहा है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसका असर उपस्थिति पर भी पड़ रहा है।इस मौके पर मायापति त्रिपाठी,भूपेंद्र सिंह,दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु अधिवक्ताओं ने लिया शपथ

सिराथू, कौशाम्बी। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु शत प्रतिशत मतदान हेतु अधिवक्ताओं ने शपथ लिया। अधिवक्ता संघ सिराथू के अध्यक्ष शिव सेवक अग्रहरी व महामंत्री उमाकांत शुक्ल की अगुवाई में सोमवार को दर्जनों अधिवक्ताओ ने लोकसभा चुनाव ने शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ लिया। साथ ही जनपद के लोगो को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अधिवक्ता शिव सेवक अग्रहरी, उमाकांत शुक्ल, हरी मोहन गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, सतीश मिश्रा, गिरजेश, विप्र, कमलदीप, धीरेंद्र, अभितोष सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर लोकगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। थाम्भा अलावलपुर करारी कौशाम्बी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में बिरहा लोकगीत का कार्यक्रम रखा गया जिसमें बिरहा के मुख्य कलाकार जयकरण जिद्दी एवं काजल कोकिला के बीच महा मुकाबला हुआ कार्यक्रमके आयोजक संजय कुमार रतनलाल महाराज पासवान एवं नवयुवक कमेटी बाबा साहब एव रमा जी का त्याग और बलिदानअपने चार-चार बच्चे कुर्बान किए सर्व समाज के खातिर बहुत संघर्ष झेलते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला काजल कोकिला ने भी गया बाबा साहब फिर से आजा बुलावे भारतवासी जिद्दी ने बताया बाबा साहब का मिशन आगे बढाते रहना जिद्दी अपने बिरहा के माध्यम मा रमा बाई जब अपने चारो बच्चो का बारी बारी कुवार्न कर दिया सर्व खातिर तब जनता के आंखो मे आसो आ गया जिद्दी के गीत के बोल - जीबनावले संविधनवा जागा देश के जवनवामंच पर अन्य कलाकार व्यस्थित रहे बनवारी लाल राम बहादुर हरिकेश प्यारेलाल अशोक रसिया कल्लू खलीफा एवं दिनेश कुमार करन सिंह कन्हैया लाल राम सुरेमन आदि काल कार मंच पर उपस्थित रहे।

जामिया इमदादुल उलूम के शिक्षक शहजादे खान हुए सेवानिवृत्त, साथियों ने दी विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कस्बा करारी स्थित जामिया इमदादुल उलूम के शिक्षक शहजादे खान के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें नम आंखों से विदा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन से छात्र अरमान ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान तथा प्रबंधक मोहम्मद इमरान हबीबी ने सेवानिवृत्त शिक्षक शहजादे खान को शाल ओढ़ाया तथा सिपासनामा पेश किया। प्रबंधक ने शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित भी किया, उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर सफलता मिल ही नहीं सकती। बच्चों खूब मेहनत और लगन से पढ़ो, समाज और देश की सेवा करो , आप लोग इस देश का भविष्य हैं। प्रधानाचार्य मो.इमरान ने भी शहजादे खान को अपने संबोधन में संबोधित किया और कहा कि तीस साल की सेवा के दौरान अगर आपका कभी किसी की जानिब से दिल दुखा हो तो हम सब की तरफसे क्षमा चाहते हैं। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों कर्मियों ने रिटायर्ड शिक्षक का माल्यार्पण किया। ज्ञात हो कि उक्त शिक्षक 31मार्च को ही रिटायर हुए थे मगर मदरसे में रमजान और ईद की लंबी छुट्टी होने के कारण 15अप्रैल को मदरसा खुलने पर शिक्षक को विदाई दी गई। अंत में दुआ मांगी गई और मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौलाना मेराज अहमद, मुफ्ती हबीब उल्लाह, कारी रफी उल्लाह, मौलाना शाहिद हसन, हाफिज लईक , मौलाना मुमताज अहमद, मौलाना मो. अकरम, शहंशाह आलम, हाफिज मो.इस्माईल, हाफिज रफीक, हाफिज समीउल्लाह, शहंशाह, खुर्शीद, सलमान, यासीन, नफीस, अमीन, इशराक, सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

जिला जेल अधीक्षक की अनोखी पहल,जेल में स्थापित हुई लाइब्रेरी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला जेल अधीक्षक अजितेश कुमार ने एक अनोखी पहल शुरू एक है,जिला जेल अधीक्षक ने जिला जेल के अंदर एक लाइब्रेरी का स्थापित किया है,जिसका उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेश चंद्र गुप्ता ने किया है।इस लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तको के माध्यम से अब जेल में निरुद्ध बंदी अपनी पढ़ाई की इच्छा भी पूरी कर सकेंगे।कौशाम्बी जिला जेल में सोमवार को लाइब्रेरी स्थापित की गई है,इस लाइब्रेरी को सामाजिक संस्था हेल्प यू फाउंडेशन की सहायता से स्थापित किया गया है,इस लाइब्रेरी में ऐसी अनेकों पुस्तके रखी गई है जिसको जेल में निरुद्ध 18 से 21 वर्ष तक के बंदी पढ़ सकेंगे और अपनी आगे की पढ़ाई की इच्छा की पूर्ति कर सकेंगे। जिला जेल अधीक्षक अजितेश कुमार ने बताया कि बहुत से ऐसे बंदी जेल में निरुद्ध होते है जिनकी पढ़ाई जेल में बंद होने के बाद बाधित हो जाती है,ऐसे बंदियों के लिए शासन के निर्देश के क्रम में लाइब्रेरी की स्थापना की गई है,इस लाइब्रेरी में आकर ऐसे बंदी अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

नवरात्रि के सातवें दिन हुई मां कालरात्रि स्वरूप की पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। 51वीं शक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के सातवें दिन भक्तों ने मां कालरात्रि स्वरूप की पूजा की। सुबह से भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त कडाधाम पहुंचे और मां शीतला की एक झलक पाने को घंटो लाइन में खडे होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पूजा करने से मां कालरात्रि अपने भक्तों को काल से बचाती हैं अर्थात उनकी अकाल मृत्यु नही होती है।पुराणों में इन्हें सभी सिद्दियों की देवी कहा गया है। इसलिए तंत्र, मंत्र के साधक इस दिन देवी की विशेष रूप से पूजा अर्चना करते है। पौराणिक कथा है कि शुभ निशुंभ और उसकी सेना को देखकर मां दुर्गा को भयंकर क्रोध आ गया जिसके वजह से उनका वर्ण श्यामल हो गया और इसी श्यामल रूप से देवी कालरात्रि प्रकट हुई।मां का यह रूप अपने भक्तों के लिये ममतामयी होने से इनका एक नाम शुभंकरी भी माना जाता है।माता की सवारी वैसाख नंदन,गर्दभ यानि गदहा है जो कि समस्त जंतुओं में सबसे ज्यादा परिश्रमी और निर्भय होकर अपनी अधिष्ठात्री देवी कालरात्रि को लेकर इस संसार में विचरण कर रहा है।कडाधाम में मां शीतला भी गर्दभ पर सवार जिससे इस दिन कडाधाम में मां शीतला कि पूजा का विशेष महत्व है। मां कालरात्रि की पूजा में गुड के भोग का विशेष महत्व है और फूलो में गुडहल अतिप्रिय है। मां कालरात्रि के उच्चारण मात्र से ही भूत,प्रेत,राक्षस,दानव और सभी पैशाचिक शाक्तियां भाग जाती है। कडाधाम में आनेवाली श्रद्धालु भक्तों की व्यवस्था के लिये भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल मौजूद रही।

जानकीपुर में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव की दी गई जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें बच्चों को संचारी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई व पोस्टर के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। संचारी रोग टी.एल.एम के माध्यम से भी बच्चों को सजग करते हुए संचारी रोगों से बचने के उपाय बताए गए। शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि बच्चे सजग हो और अपने परिवार व अभिभावकों को भी बताएं और अपने आसपास साफ सफाई रखें। जिससे कि वह बीमारी से बच सके। जो भी हीनता जन्य बीमारियां हैं उनसे लोगों को बचाया जा सके। सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में शिक्षिका द्वारा थोड़ा सा प्रयास करते हुए बच्चों को संचारी लोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम से जोड़ा गया।

घर में बंधी बकरियों को चोरों ने किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में बंधी बकरियों को चोरों ने पार कर दिया, जानकारी पर गृह स्वामिनी ने मामले की सूचना पुलिस को दी।बताते चले की सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव की रहने वाली अंजुमन बानो पुत्री स्व अहमद ने बकरिया पाल रखी थी, बीती रात आए चोरों ने घर के अंदर बंधी पांच बकरी पार कर चार पहिया वाहन में भरकर फरार हो गए घरवालों को मामले की जानकारी हुई तो चार पहिया वाहन सवार चोरों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर फरार हो गए, गृह स्वामिनी अंजुमन बानो ने बताया की लगभग चालीस हजार की कीमत की बकरिया थी , घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

मंदिर के पुजारी का गंगा घाट में उतराता मिला शव

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा के कुबरी घाट में सोमवार की सुबह एक वृद्ध का शव उतराता देख आसपास हड़कंप मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज शिनाख्त में जुट गई है , शाम को पुलिस ने शव की शिनाख्त मंदिर के पुजारी के रूप में की। वही वृद्ध की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा के कुबरी घाट के नजदीक सोमवार की सुबह एक वृद्ध का शव गंगा नदी में उतारता देख मौजूद लोगो में हड़कंप मच गया , शव मिलने की खबर पर क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और शव को नदी से बाहर निकाल शिनाख्त में जुट गए , पुलिस के अनुसार वृद्ध की शिनाख्त फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के आदमपुर के भिटौरा के पक्का घाट में स्थित शिव मंदिर के पुजारी राम कृष्ण तिवारी पुत्र स्व रामकुमार 75 वर्ष के रूप में की । पुलिस की माने तो वृद्ध मंदिर में रहकर पूजा पाठ करता था । लगभग नौ दिन पहले पिछले रविवार को मंदिर में साफसफाई के बाद गंगा स्नान के लिए गया था जिसके बाद गंगा नदी में डूब गया, जिसके बाद स्वजन स्थानीय पुलिस को खबर कर वृद्ध की तलाश में जुटे थे। कड़ा धाम पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा , घटना की जानकारी पर स्वजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। वही मृतक की पत्नी गौरा तिवारी , पुत्र पीयूष तिवारी व अतुल तिवारी का रोरोकर बुरा हाल है।

साथी की मौत पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का किया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपने दिवंगत साथी की आत्मा की शांति हेतु शोकसभा का आयोजन किया।इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।विदित हो कि एबीवीपी के सिराथू नगर के सहमंत्री शिवम मिश्रा का गत 12 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो जाने से एबीवीपी के कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त है।सोमवार को एसएवी इंटर कालेज सैनी में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत को पुष्पांजलि अर्पित किया और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।इस अवसर पर रिचा पांडेय, अनूप पटेल, आंनद, कमल, ऋषभ द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्त्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम-स्रोत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है।इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों-मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांदर्भिक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है।यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है।जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे-विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती।भारत जिस जगह पर है, वहां से तो इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। फिलहाल, इसका देशज अर्थ यही है कि मोदी ने कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश की है। चीन ने खुले दिल से इसका स्वागत भी किया है।हालांकि उसने भारत के रवैये में सुधार आने को अमेरिका को संदेश दिया जाना भी पढ़ा है, जो क्वाड के मंच से भारत के जरिए चीन की घेरेबंदी कराना चाहता है, लड़ाना चाहता है। बाइडेन क्वाड, यूक्रेन करते हुए भी चीन के साथ होने का इजहार करने से बाज नहीं आ रहे तो तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत सामान्यतया की ओर क्यों नहीं बढ़ सकता। इससे अमेरिकी दौरे तेज हो जाएंगे।

मेष राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखें। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा। मां कात्यायनी को फूल अर्पित करें, शुभ समाचार सुनने को मिलेगा।
वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप कोई नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है। अपनी कार्य कुशलता को बढाने के लिए आप नई तकनीकों का सहारा लेंगे। माँ दुर्गा को लौंग अर्पित करें, सेहत अच्छी रहेगी।
मिथुन राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा, मेडिटेशन आदि का सहारा ले। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगाएं, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।
कर्क राशि: आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप और नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। आज कोई भी परेशानी आने पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। वर्तमान परिस्थितियों में समय के अनुसार खुद में भी बदलाव लाने की जरूरत है। आज आर्थिक मामलो में दोस्तों से मदद मिलेगी। आखों का खास ख्याल रखें। मां कात्यायनी के सामने हाथ जोड़े, माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।
सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर ले। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आज अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहरी गतिविधियों को पूरा करने में ही बीत सकता है। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। मां दुर्गा का आशीर्वाद लें, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।
कन्या राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा। युवाओं और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की उत्तम संभावनाएं हैं। समय अनुसार कोई भी निर्णय ले। आज जल्दबाजी और आवेश की वजह से किसी कार्य में समय लग सकता हैं। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाएंगे। मां कात्यायनी को नारियल अर्पित करें, रूकें हुए काम पूरें होंगें।
तुला राशि: आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाए। ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, उचित भोजन का ध्यान रखें। आज व्यायाम करें इससें आपके अंदर सकरात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं। घर के जरुरत का सामान खरीदने जीवनसाथी के साथ मार्केट जाएंगे। मां दुर्गा के सामने कपूर जलाने सें, लाभ के अवसर मिलेंगे।
वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें और फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं। लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान कराने का मन बनायेंगे। मां दुर्गा को कुमकुम का टीका लगायें, कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।
धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है। आज अपने व्यवसाय की गतिविधियों में भी बदलाव करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से बेहतर होगी। समाज में आपका प्रभाव व दबदबा बना रहेगा। मां कात्यायनी का ध्यान करें, मन में शान्ति बनी रहेगी।
मकर राशि: आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप कोई खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज नकारात्मक प्रवृत्ति के मित्रों की किसी भी सलाह पर विश्वास ना करके अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। आज व्यर्थ के खर्चों पर काबू रखना आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी। नौकरी कर रहे लोग अपना टारगेट आसानी से पूरा कर लेंगे।
कुंभ राशि: आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं खालीपन का एहसास रहेगा। आज सिर्फ सुनी सुनाई और आलोचनात्मक बातों पर ध्यान ना दें और अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें। आज साझेदारी के बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला न लें। मां दुर्गा के सामने घी का दीपक जलाएं, सारे काम बनेगें।
मीन राशि: आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें और उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं, इससे उनकी आत्म निर्भरता बढ़ेगी। आज व्यवसाय में इस प्रतिस्पर्धा के दौर में बहुत मेहनत और सजग रहने की जरूरत है। आज बाहरी लोगों का अपने कार्यस्थल पर हस्तक्षेप ना होने दें। आज कोई भी निर्णय लेने में समय ना लगाएं।

भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आर.के. सिन्हा

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है।अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।पूर्वोत्तर की ÷सेवन सिस्टर्स÷ या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोक सभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है।इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह - प्रभारी डॉ 0 संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन को मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है ।मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देंन ही मानी जाती है ।इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5त्र कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहाँ के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षो में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला।मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं । यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगें। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक 'खेलो इंडिया सेंटर' बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया।पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षो में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड़ना शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को 'समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिल' कहा है।हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की।अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

खिड़की पर खड़ी मैं

खिड़की पर खड़ी मैं,
अक्सर राहें तेरी तकती,
प्रियतम मेरे तुम परमेश्वर,
प्रेम ही मेरी भक्ति।
बांट निहारूं नाम पुकारूं,
तुमसे मेरी है शक्ति,
पतिव्रता स्त्री मैं रहूं तो,
मिले इसी से मुक्ति।
इंतजार में रैना बीते,
कब आएंगे स्वामी,
मेरे मन का सब तुम जानो,
हे मेरे अंतर्यामी।
मान मेरा इस रिश्ते से है,
जुड़ी जो तुमसे जाकर,
धन्य धन्य है भाग्य हमारे,
प्रियवर तुमको पाकर।
आन मिलो सजना जी अब,
सही न जाए जुदाई,
कैसे कहूं कैसे मैंने ?
तुम बिन पल है बिताई।

अमित पाठक
शाकद्वीपी

माता महागौरी

आठवें दिन करते हैं भक्त सब अष्टम
दुर्गा, माता महागौरी की उपासना,
दिव्य चक्र पर विराजित देवी, वृषारूढ़,
अष्ट वर्षा, कमल नयना ।
माता महागौरी का यह रूप है, अति
शांत मृदु और उज्जवल,
शीतल चांदनी प्रवाहित होती, कर देती
हर मन को निर्मल ।
डम डम डम डम डमरू बजाती, देवी
शिव शंकर अर्धांगिनी,
त्रिशूल दाहिने कर में सुशोभित, मां
चतुर्भुजी, आनंदी, कोमलागी ।
प्रगटि धरा पर शक्ति दिव्य एक,
कल्याणमयी कृपालु त्रिभुवन उपासित,
शाकंभरी है देवी तेजोमयी, यह पर्वत
राज हिमालय पर विराजित ।
श्वेत वस्त्र है मां गौरा के, श्वेत ही सारे
आभूषण व नाना श्रृंगार,
कुमुदिनी सा धवल चमकता है रुप,
मां का तेज है अपरंपार ।
नारियल का भोग, मोगरे का पुष्प माता
महागौरी को है भाता,
शनै शनै कर्मो के शुद्ध होते ही, साधक
तेजोमयी बन जाता ।
भगवती दुर्गा सभी जनों का मंगल
करती, जो आता देवी महागौरी की
शरण,
पूर्व जन्म के कर्मो की होती यही छटाई,
पकड़ लो तुम महामाई के पवित्र चरण
।
मन पर जमें जन्म जन्मांतर के मैल की
परते, यहीं पर है धूलती,
सात्विक विचार व भाव देती है, मैया
गौरी की दिव्य अनुपम शक्ति ।
तप से ही साधक साध सकता, अपने
मन की अतृप्त इच्छाएं,
गौरी मां ने स्वयं प्रकट किया यह रहस्य,
तप से बढ़ती है आत्मिक क्षमताएं ।
जगत जननी अंबे महामाई, त्रिपुर सुंदरी
जग की पालन हारिणी,
तत्पर रहती माता सदैव अमित
÷आनंद÷ बरसाने को वह है
भवतारिणी ।
वेदों, पुराणों, उपनिषदों ने युगों युगों से,
अंबिके तेरी अद्भुत, अद्वितीय महिमा
गाई,
तेरी अतुलनीय कृपा हुई है जिस पर,
उसने ही शेरोवाली की यह प्यारी भक्ति
पाई ।

मोनिका डागा ÷आनंद÷ ,
चेन्नई , तमिलनाडु



स्कूल का मेरा पहला दिन

स्कूल का पहला दिन,
केवल पहला ही नहीं,
बल्कि सबसे महत्वपूर्ण दिन है।
स्कूल ही नहीं सब कुछ नया होता है,
सभी संगी-साथी नए मिलते हैं,
सुन्दर सी किताबें,पेन्सिल,रबर,
सब कुछ नया,ने कलेवर से
सजा नया परिवेश।
प्यारी-प्यारी मैम,प्यारे गुरू जी
सबका अलग-अलग सम्बोधन।
पंडित जी, मुंशीजी, गिरी जी,बहिन जी,
पर पढ़ाते बढ़िया थे।
एवं बहुत ही आसानी से
समझा-समझा कर पढ़ाते थे।
पटरी पर नरकट की कलम से लिखना,
दावात में दुद्धी और डोरे के सलाके से
सलीके से सलाकना।
सब जस का तस याद है,
आज भी उन्हीं लोगों की
डाली नींव पर टिकी हूं।
जो भी सीखा है उन्हीं के
तराशने से सीख पाई हूं।
स्कूल का पहला दिन मेरे जीवन को
गतिमान करने का पहला दिन है।

अनुपम चतुर्वेदी
सन्त कबीर नगर, उत्तर प्रदेश

तुमने फ़िर से पुकारा होता....

काश किसी भीगे आँचल का हमको
सहारा होता।
जज्बा- ए - दिल से तुमको मेरे पास
आना गवारा होता।।
दूरियां बढ़ती रहीं हमारे दरम्या कदम
दर कदम।
चले आते हम, नाम लेकर तुमने फ़िर
से पुकारा होता।।
बागे चमन खिल जाते मौसमे बहार
चली आती।
पैगाम भेजा था,उसका कोई तो जवाब
आया होता।।
जिक्र रहेगा मेरे अफसानों में तुम्हारा,
तुम मिलो ना मिलो।
सारे गिले शिकवे भुला के सीने से
मुझको लगाया होता।।
जाने क्यों भरम होता हैं हर आहट पर
तुम्हारा।
मेरे सजदो के सदके उधर से कोई
पयाम आया होता।।
तुम्हारी यह बेरुखी किसी दिन जा ले
लेगी हमारी।
तकदीर बदल जाती गर मुझमें समा कर
देखा होता।।
जाना ही था दूर मेहरबा मेरे सब कुछ
भुलाकर।
आप को पा लेते अगर दुवाओं में
असर आया होता।।
यकीन कर लेते एक बार हमारे वादों
पर इरादों पर।
कभी तो तुमको मेरी वफाओं पर
एतबार आया होता।।
दर्दे दिल का दर्द से वास्ता हमारा धूप
छांव सा।
दिलशाद होता गर तुम्हारे शाने का
सहारा होता।।
जाने कब से बिछड़ गये मुझसे लिपटे
मेरे खूवाब।
मुद्दत से थी तलाश, तुम आते तो ज़ख्मे
जिगर दिखाया होता।।

सुधाकर ईशी
वृन्दावन कालोनी सेंधवा
जिला बड़वानी (मध्य प्रदेश)



सियासत गांव आयी है

जलाओ दीप घर-घर में सियासत गांव आयी है।
जो रहती राज महलों में वो नंगे पांव आयी है।।
जिसे ये भी खबर ना थी डगर ये किस शहर की है।
वही अब झोली फैलाये हमारे ठांव आयी है।।
बात कर जाति गोत्र धर्म वंशज मिलते नेताजी।
मिली होली दीवाली ईद क्रिसमस की बधाई है॥
कहाँ मुन्नू कहां मजनूं कहां मरियम कहां मिल्खा।
पता हर एक का पूछे वो लिख कर नांव आई है।।
जलाया जनता को जिसने जहन्नुम की ज़लालत से।
उन्ही शैतानों से करने हिसाब ये छांव आयी है॥
भला हो उसका जिसने भी चुनावों का दिया तोहफा।
बड़ी मुश्किल से अय्यारी हमारे दांव आयी है।।

अनिल सुरेश मिश्र
प्रतापगढ

कवि की दुनिया निराली है

मनोभाव शब्दों में तोले, रौद्र-शृंगार सभी रस बोले ।
भक्ति भाव उमड़े कविता में,क्रांति की लावा खौले।।
कवियों की दुनिया है निराली,कलम भाव सब मन के बोले।
शब्दों से ही आंके सबको, शब्दों से ही सबको तोले।।
सूर्य, चंद्रामा,पर्वत,नदियाँ, संग उसके सब ही तो होले।
बरखा की बूंदों संग बातें, सुमन के संग बतियाते डोले।
भंवरों की गुंजन भाए , और तितली भेद जिया के खोले।
कवियों की दुनिया है निराली,कलम भाव सब मन के बोले।।
चालीसा,छंद,गीत,दोहों से, अंतस सबके सदा टटोल।
सुख-दुख सारे ही घड़ियों में, संग सभी के ये तो होले।।
अंगार भरे हो शब्दों में, या चाहे फिर वो मिश्री घोले।
शब्द हिया में घर कर जाते, भावों से वो सदा टटोले।।
सूर, तुलसी और कबीर, संग सब के हर पल ही होले।
कवियों की दुनिया है निराली,कलम भाव सब मन के बोले।।

पूनम शर्मा
स्नेहिल
जमशेदपुर
झारखंड

विदुर घर साग

बहुत भाग्यशाली हैं, महात्मा विदुर जी।
तभी तो विदुर घर,साग खाए कृष्ण
जी।।
महल का राज भोग छोड़ के,खाए
साग।
तभी दुर्योधन के हृदय में, लगी थी
आग।।
वन्दना करती हूँ ,हे कृष्ण आइये मेरे
घर।
मैं भी भाग्यशाली बनूंगी,दिजिए ऐसे
वर।।
रूखा सूखा जो भी है,अर्पण करती हूँ
मैं।
फुर्सत पाकर आ जाना स्वीकार करना
तुम।।
सुनी हूँ निर्धनों के झोपड़ी में,तुम जाते
हो।
बिना मांगे मनबांक्षीत फल देकर आते
हो।।
लचार,विधवा,नारी की,लज्जा बचाते
हो।
महारानी द्रौपदी के जैसे,पुकार सुनते
हो।।
हे कृष्ण रूदन हृदय से पुकारी है
देवन्ती।
चरणों में मस्तक झुकाई हूँ,नमन
करती।।
हे कृष्ण हम भक्तों में भी,प्रेम बरसाइऐ।
अपने निराक्षर भक्तों को,नहीं तरसाइऐ।
हमें भी विदुर समझ के,आप आ
जाईए।
फल,गंगा जल मैं भी रखी हूँ,भोग
लगाईऐ।

श्रीमती
देवन्ती देवी
चंद्रवंशी
धनबाद
झारखंड



पग -पग पर पीड़ा देते हो

सहनशीलता की इतनी, क्यूँ नाथ
परीक्षा लेते हो
क्या धैर्य नहीं है तुमको, पग -पग पर
पीड़ा देते हो
मन में उनका रूप बसा,प्राण बिना वो
अब जीती है
आस मिलन की रख दिल में,खुद
अपने आँसू पीती है।
तन -मन जर्जर कर डाला,क्या कोई
बदला लेते हो
क्या धैर्य नहीं है तुमको,पग -पग पर
पीड़ा देते हो
भूल हुई हो जो मुझसे, माफ करो तुम
मेरी गलती
सब कर्तव्य निभाऊँगी,संध्या जीवन
की है ढलती
निज सुख खातिर तुम अपने,छीन चैन
सबका लेते हो
क्या धैर्य नहीं है तुमको,पग -पग पर
पीड़ा देते हो
जीत लिया हो जग जैसे, तुम धौंस
जमाते हो ऐसे
नाथ राम को दो सीता, विष्णु रूप है
स्वामी वैसे
भाग्य विधाता वो सबके,स्वप्निल
बदला क्यूँ लेते हो
क्या धैर्य नहीं है तुमको,पग -पग पर
पीड़ा देते हो

कल्पना
भदौरिया
स्वप्निल
लखनऊ उत्तर
प्रदेश



फाइनेन्स कम्पनी के मैनेजर से लूट का आरोपी गिरफतार

लूट के नगदी के साथ बाइक,तमंचा बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज,प्रतापगढ़। पुलिस ने लूट के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, लूट का 01 मोबाइल फोन, रूपये 9000- नकद तथा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 15.04.2024 को जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराह उ0नि0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 अमरनाथ यादव, का0 मनोज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 116,24 धारा 392,120बी भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र धर्मप्रकाश निवासी ग्राम बडौरा थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत नरसिंहगढ़ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0सं0 116,24 धारा 392,120बी भादवि से संबंधित घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, लूट का 01 मोबाइल फोन, रूपये 9000- नकद तथा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । अवैध तमंचा, कारतूस उपरोक्त की बरामदगी के आधार पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 125,24 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट बनाम विनीत कुमार उपरोक्त के अभियोग पंजीकृत किया गया तथा मु0अ0सं0 116,24 में धारा 120बी 392 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई ।गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में बताया कि दिनांक 12.04.2024 को मैं तथा मेरे साथी 1- अज्जू सरोज उर्फ शीतला प्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी देवगलपुर थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज, 2- सौरभ पुत्र मन्नू निवासी ग्राम तौकालपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़, 3- सचिन यादव पुत्र चन्द्र प्रकाश यादव निवासी निवासी देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ ने मिलकर दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर भारत फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर जो ग्राम द्वारिका से पैसे लेकर आते हुए बंशी तिराहा, कशेरूआ थाना रानीगंज के पास में रोड़ पर खड़ी उसकी मोटर साइकिल की डिक्की से 70890- रूपये, टैबलेट सैमसंग कम्पनी, बायोमैट्रिक स्कैनर, एटीएम पीएनबी, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस निकाल लिए थे । मैनेजर के आने जाने व पैसे की जानकारी हमें रोशन पुत्र कल्लू निवासी द्वारिका थाना रानीगंज देता था ।

जनसेवा केन्द्र संचालक से लूट का अभियुक्त पिस्टल,कारतूस के साथ गिरफ्तार

कुण्डा,प्रतापगढ़। पुलिस ने लूट के अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है।दिनांक 14.04.2024 को थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत जनसेवा केन्द्र ग्राम मुन्दीपुर रानापट्टी में के पास मोटर साइकिल सवार 03 अज्ञात बदमाशों द्वारा जनसेवा केन्द्र दुकान के अन्दर घुसकर संचालक से अवैध पिस्टल का प्रयोग कर लूट के प्रकरण में थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 85,2024 धारा 392 भादवि व 3,25 आर्म्स एक्ट बनाम 03 अज्ञात मोटर साइकिल सवार व्यक्ति के अभियोग पंजीकृत किया गया था ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय के नेतृत्व में आज दिनांक 15.04.2024 को थाना मानिकपुर के उ0नि0 श्री जिलेदार पाल मय हमराह उ0नि0 रोहित सिंह, का0 वासिल , का0 प्रवीण कुमार द्वारा मु0अ0सं0 85,2024 धारा 392 भादवि व 3,25 आर्म्स एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त राजेश कुमार गौतम पुत्र शंकर लाल निवासी पचदेवरा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को जनसेवा केन्द्र संचालक उपरोक्त की मदद से थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुन्दीपुर रानापट्टी से 01 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया जबकि मौके से भौगोलिक स्थिति का लाभकर उठाकर 02 बदमाश (अन्य साथी) भाग निकले ।गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार गौतम उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 14.04.2024 को मैं अपने दो साथियों 1- विवेक विश्वकर्मा पुत्र स्व0 छोटेलाल विश्वकर्मा निवासी सरसा थाना सोरांव जनपद प्रयागराज व 2- निहाल गौतम पुत्र अर्जुन निवासी सराय बहर (हाजीगंज) थाना सोरांव जनपद प्रयागराज के साथ जनसेवा केन्द्र ग्राम मुन्दीपुर रानापट्टी के अन्दर लूट करने के नियत गए थे, निहाल दुकान के बाहर मोटर साइकिल के पास खड़ा था, मैं तथा विवेक विश्वकर्मा दुकान के अन्दर गए थे ।

लूट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कंधई,प्रतापगढ़। लूट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कंधई से उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री भूपेशनाथ सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कंधई के सरखेलपुर नहर पुलिया के पास से थाना कंधई के मु0अ0सं0 294,2023 धारा 323,392 भादवि से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त आसिफ अली उर्फ खन्ने पुत्र अब्दुल मोबीन निवासी सरवरपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

तमंचा,कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफतार

रानीगंज,प्रतापगढ़। पुलिस ने 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में दिनांक 14.04.2024 को जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री राजनारायण यादव मय हमराह उ0नि0 श्री गिरजाशंकर प्रसाद सिंह, का0 नारायण जी, का0 राजकिशोर चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र रानीगंज के चिरकुट्टी चौराहा के पास से 01 अभियुक्त मेहताब उर्फ औरंगजेब पुत्र अकबालुद्दीन उर्फ इकबालुद्दीन निवासी निवासी गुतौली, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना रानीगंज पर मु0अ0सं0 123,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिला बदर अभियुक्त तमंचा,कारतूस के साथ गिरफतार

लोकमित्र ब्यूरो

आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़। पुलिस ने 01 अदद अवैध तमंचा 315बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315बोर के साथ जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन मेंजनपद के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 श्रीप्रभात कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टीअभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त अनुप सरोज पुत्र अशोक सरोज निवासी ग्राम बैजलपुर थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315बोर के साथ थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के ग्राम नीमा रेलवे स्टेशन से पट्टी ढकवा रोड नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अनुप सरोज उपरोक्त ने बताया कि मा0 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ द्वारा दिनांक 04.03.2024 को जिला बदर का आदेश किया गया था । उक्त बरामदगी के संबंध में गिरफ्तार अभियुक्त अनुप सरोज के विरुद्धथाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 95,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट' तथा मु0अ0सं0 96,2024 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

02 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

जेठवारा,प्रतापगढ़। पुलिस ने 2 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 श्री अरुण कुमार मौर्या मय हमराह हे0का0 रामआश्रय यादव, का0 अर्पित त्रिपाठी, का0 सतीश पाल द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश, वारण्टी अभियुक्त व विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र जेठवारा के गजराही नहर पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों को कुल 2 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । 01- सचिन कुमार यादव पुत्र श्रीकान्त यादव निवासीगण ग्राम हैदरपुर थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ के पास से 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । 02- सचिन यादव पुत्र शम्भूनाथ यादव निवासीगण ग्राम हैदरपुर थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ के पास से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उपरोक्त अभियुकतगण से कुल 02 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया उक्त बरामदगी के संबंध में थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 78,2024 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उक्त बरामद दोनो मोटर साइकिलों को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। '

शिक्षकों की शैक्षाणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका - मौर्या

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जी पी एस इंटर कॉलेज,गोंडे , प्रतापगढ़ में विद्यार्थियों को विगत सत्र का अंक पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र मौर्य जी (विधायक सदर विधानसभा क्षेत्र) ने उपस्थित हो कर विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि गंगा प्रसाद सिंह द्वारा स्थापित क्षेत्र के जी.पी.एस इंटर कॉलेज क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है । यहां के विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट की कठिन परीक्षा आसानी से निकाल ले रहे हैं । अभियांत्रिकी , प्रबंधन एवं होटल मैनेजमेंट में भी इनकी सफलता सराहनीय है ।समारोह में हरिद्वार से आये हुए स्वामी संजीव जी ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं संप्रेषित की और विद्यालय के न्यूनतम शुल्क में नवीनतम तकनीक से श्रेष्ठतम शिक्षा के संकल्प को अत्यंत जनहितकारी बताया । प्रतापगढ़ नगर के कंप्यूटर इंस्टिट्यूट जे.जे इंफोटेक के निदेशक उदय भानु सिंह ने विद्यालय की भविष्य में प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं की तैयारी कराने की योजनाओं को अत्यंत आवश्यक बताया और व्यक्तित्व विकास की योजनाओं की प्रशंसा की ।विद्यालय के प्रसाशनिक प्रभारी शिवेंद्र विक्रम सिंह ने आगन्तुक अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।समारोह के आयोजन में निर्देशन कंचन सिंह और संयोजन अनुपमा सिंह , त्रियुगी नारायण पाण्डेय , निकहत जहां , उम्मुलवरा , रितिका गुप्ता ने किया । विशेष सहयोग आंचल शुक्ला , खुशनुमा अंसारी , सुमन सिंह ,आरती सिंह , अर्चना मौर्य , मोहिनी उमर वैश्य, प्रिया सिंह ,अंजली श्रीवास्तव , प्रियंका मौर्य , प्रमोद पांडेय , अतुल कुमार सिंह , पवन शुक्ला , रमाकांत मिश्रा , बद्री प्रसाद यादव , सुशील दुबे एवं सचिन कुमार ने प्रदान किया ।

40 लीटर अवैध अपमिश्रित देसी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने 40लीटर अवैध देसी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री राजानाती मय हमराह उ0नि0 किशन सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र लीलापुर के ग्राम रतिगरपुर लक्ष्मणपुर से 01 अभियुक्त दिलीप सरोज पुत्र रामसुन्दर निवासी ग्राम रतिगरपुर मजरा लक्ष्मणपुर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को कुल 40 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त अपमिश्रित देसी शराब बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 143,2024 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने दिया धरना

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज,प्रतापगढ़। तहसील के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र रानीगंज में बिजली विभाग के कर्मचारी संग में दिया धरना।अधिसंशीय अभियंता पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड विद्युत वितरण खंड रानीगंज में हेमंत नंदन ओझा मंत्री उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ क्षेत्रीय कमेटी प्रयागराज मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे जिसमें धरने पर मौजूद अध्यक्ष विजय सिंह नेतृत्व में काफी संख्या में बिजली कर्मचारियों संविदा कर्मियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर दिए धरना। जिसमें उनकी मांगे आउटसोर्स संरक्षण एवं परिचालन कर्मियों को नोटिस के साथ संगठन विवरण के अनुसार सुरक्षा समग्र तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराया जाए द्वितीय व्यावहारिक रूप से प्रत्येक संरक्षण परिचालन कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश प्रत्येक दशा में

दिया जाए 3 प्रत्येक अनुसरण परिचालन कर्मियों को अधिकृत हस्ताक्षरी से श्रमिक के पारिवारिक सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए 4 प्रतीक कर्मियों को नियमानुसार वर्दी पूर्व में 2 वर्ष की नहीं दी गई है धनराशि प्रतिपूर्ति स्वरूप प्रदान की जाए 5 किसी भी कमी के ड्यूटी पर रहने के बावजूद और कार्य पर उपलब्ध रहने के बावजूद वेतन की कटौती न की जाए जो कटौती की गई है उसे वापस किया जाए 6 फरवरी 2023 से अब तक ड्यूटी पर कार्य करते हुए विद्युत स्पर्श घाट के फल स्वरुप मृतक हो गए कर्मियों के परिजनों को तात्कालिक सहायता की राशि जून 23 से पूर्व की घटना पर रुपए 5 लाख व उसके बाद 7रू30 लाख जैसा लागू है उनके परिजनों को तत्काल उपलब्ध कराया जाए 7 अब तक ड्यूटी पर कार्य करते हुए दुर्घटित कर्मियों के इलाज की प्रतिपूर्ति तत्काल दिलाना सुनिश्चित किया जाए एवं मनमाने तरीके से पत्राचार को रोका जाए ।जैसे 11 सूत्री मांगों को लिखित रूप से मुख्य अतीत के रूप में हेमंत नंदन ओझा द्वारा अधिकांशी अभियंता जल्द ही अगर निस्तारण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान संतोष मिश्र कृष्ण प्रसाद मुन्ना सिंह रमेश सरोज मोहित शुक्ला देवेंद्र त्रिपाठी अभय अरविंद मौर्या श्याम सुंदर रामचंद्र यादव संतोष सिंह भानु पटेल समिति काफी संख्या में बिजली संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

नपं मानिकपुर में मनाई गई अंबेडकर जयंती

दर्जनों झांकियों संग निकाली गई शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को मुख्य कार्यक्रम नगर पंचायत मानिकपुर में आयोजित किया गया । जहां पर सुधीर सोनकर व रवि शंकर सोनकर की अगुवाई में मां ज्वालामुखी देवी धाम परिसर स्थित रविदास धर्मशाला से दर्जनों झांकियां के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई ।जो अलीगंज चौराहा सभागंज चौराहा होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्र लता जायसवाल के प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उसे डिंपू भैया अगुवाई में माल्यार्पण करने के पश्चात शोभा यात्रा बभनपुर, इंटर कॉलेज के रास्ते राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से

मिलिट्री ग्राउंड पहुंची। जहां पर अंबेडकर सेवा समिति द्वारा अच्छी झांकियां तथा पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक मतेश सोनकर, जिला पंचायत सदस्य अनिल मौर्य, बब्बू यादव, संजय सोनकर बबलू सोनकर, अब्दुल हाशिम, उमाशंकर, डीके सोनकर, विमल पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।इसी प्रकार नगर पंचायत कुंडा में भी दूर दराज ग्रामीण इलाकों से आई झांकियां ने समाज सुधार समिति परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से शोभा यात्रा निकलकर भगवान तिराहा सरजू नगर मेन चौराहा, खैराती रोड मेडिकल चौराहा रोडवेज बस स्टेशन होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहा से समाज सुधार समिति पहुंचकर शोभायात्रा समाप्त होकर सभा में तब्दील हो गई। इस मौके पर महेंद्र कुमार, श्यामलाल गौतम सुमित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।कुंडा नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय यादव मार्केट नरसिंहगढ़ में वरिष्ठ सपा नेता राम अवध यादव काका की अगवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे सपाइयों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटते हुए उनके व्यक्तित्व कृति पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अखिलेश यादव एडवोकेट, ब्लॉक अध्यक्ष नोखे लाल यादव, मोहम्मद इमरान रज्जू भाई अरविंद यादव प्रदीप सिंह ओम प्रकाश पुष्पाकर समेत अन्य लग मौजूद रहे।

पागल कुत्ते का आतंक बढ़ा, तीन की हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के कहैयानगर तिराहे पर रविवार को एक पागल कुत्ते ने कहर ढा दिया। पागल कुत्ते ने कहैयानगर निवासी अरूण यादव व प्रकाश व गीता देवी व अंकिता व वीरेंद्र यादव मैधार व व्लाक बिहार के पत्रवाहक रामनगीना को भी काट लिया। सभी का इलाज सीएचसी बाघराय में चल रहा है ।अरूण यादव व गीता देवी व प्रकाश को डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेली अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

मतदाता जागरूकता को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में, पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सम्राट अशोक की जयंती पर शोभायात्रा आज

प्रतापगढ़। मौर्य सभा और सद्भावना समिति नगर पंचायत अंतू के संयुक्त तत्वावधान में सम्राट अशोक महान की जयंती पर 16 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक डॉ शिव मूर्ति लाल मौर्य ने बताया कि यात्रा पुरानी बाजार अंतू से रेलवे स्टेशन तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मैत्री भवन सतीगंज नगर पंचायत अंतू में भारत के 2500 वर्षों के सामाजिक इतिहास पर एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

आमने सामने बाइकों की टक्कर से अधेड़ की मौत

उदयपुर, प्रतापगढ़।स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे दिरगज का पुरवा ननौती गांव निवासी रामकिशोर सरोज 58 वर्ष पुत्र स्व राम नेवाज रविवार को बाइक से अपने रिस्तेदार देवापुर गेंहू की मड़ाई करवाने गए थे। सोमवार सुबह लगभग दस बजे घर लौटते समय आहर बीहर के पास पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए मुड़ते समय अठेहा बाजार की तरफ से अज्ञात बाइक सवार जोरदार टक्कर मारकर भाग गया ।टक्कर लगते ही अधेड़ बाइक समेत गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर परिवार के सदस्यों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए सी,एच,सी सांगीपुर ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पुलिस पंचनामा भर लाश को पोस्ट मार्टम भेज कर कार्यवाही में जुटी है।एस,ओ राधे बाबू का कहना है सी,सी,टी,वी कैमरा से जानकारी किया जा रहा है । मृतक के एक लड़का है कल्लू सरोज मृतक की पत्नी कनकिया सरोज का रो रो कर बुरा हाल है ।

मृतक परिवार समेत मुंबई में आटो चालक था।एक माह पूर्व खेती की फसल कटवाने गांव आया था ।

आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

चोरों ने शटर का ताला तोड़कर 9500 रूपए उड़ाए

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार,प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के गलगली गांव निवासी रणधीरसिंह यादव ने रमापति इंटर कॉलेज बारौ के सामने रोड पर सीमेंट व बालू की दुकान खोली है। बीते रविवार की शाम दुकान बंद कर रणधीरसिंह यादव अपने घर चले गए। रात में ही चोरों ने शटर का ताला तोड़कर कैश बाक्स का ताला तोड़ दिया तथा 9500 रूपए उठा ले जाने में सफल रहे। रणधीरसिंह यादव ने थाने में तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धर्म की उपासना में ही निहित है भगवत कृपा- शिवेश शास्त्री जी

लालगंज प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे मेडई राजमतीपुर गांव में संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड उमडी दिखी। अयोध्या से पधारे कथाव्यास शिवेश शास्त्री जी महराज ने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत सदैव होती आयी है। उन्होने कहा कि धर्म का पालन करने वाले मनुष्य की रक्षा स्वयं धर्मध्वज बनकर भगवान श्रीकृष्ण सदैव किया करते हैं। आयोजक हरिशंकर केसरवानी ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर सावित्री केसरवानी, गौरीशंकर केसरवानी, रामराज, जगदीश, पंचलाल, सुरेश बरनवाल, बेनी प्रसाद, सुनील आदि रहे।

सात मई को होगा लालगंज अधिवक्ता संघ का चुनाव, निर्वाचन कार्यक्रमों की हुई घोषणा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का चुनाव अगले महीने सात मई को कराया जाएगा। सोमवार को तहसील में हुई चुनाव समिति की बैठक में निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा की गयी। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी अठारह अप्रैल से बीस अप्रैल तक प्रत्याशियो के नामांकन के साथ नामांकन पत्रों का भी वितरण होगा। बाइस अप्रैल को नामांकन पत्रो की जांच एवं तेईस अप्रैल को नाम वापसी एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। छः मई को तहसील स्थित पार्क में अध्यक्ष समेत प्रत्याशियों के दक्षता भाषण होंगे। वहीं सात मई को प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा। सायं चार बजे से मतगणना के उपरान्त चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने चुनाव कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव में तहसील और दीवानी के पांच सौ अरसठ मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने आदर्श आचार संहिता के बिंदुओं की समिति को जानकारी प्रदान की। जिसका बैठक में अनुमोदन किया गया। बैठक में टीपी यादव, राममोहन सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुडडू, लाल राजेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, बेनी लाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, राधारमण शुक्ल शामिल रहे।

एडीएम ने जनपद में तेज हवायें, वज्रपात एवं वर्षा के दृष्टिगत मौसम सम्बन्धी एडवाइजरी जारी की

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा निरन्तर जारी किये जा रहे मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यह संभावित है कि जनपद में आगामी कुछ दिनों में तेज हवायें, वज्रपात एवं वर्षा हो सकती है। उन्होने जनपद में तेज हवायें, वज्रपात एवं वर्षा के दृष्टिगत मौसम सम्बन्धी एडवाइजरी जारी की है और कृषकों/पशुपालकों से अनुरोध किया है कि अपनी फसल को सुरक्षित कर लें, खेतों में कटी फसल को खुले में न छोड़े, बिजली के तारो के नीचे गेहू के गट्ठर न छोड़े, पशु चारे व भूसा आदि को सदैव ढक कर रखें, गेहूँ क्रय केन्द्र आदि पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये फसल सुरक्षित रखे जाये। वज्रपात के दौरान पक्के भवन/स्थान पर ही शरण लें, वज्रपात के दौरान नदी व तालाबों के किनारे, एकल वृक्ष तथा बिजली के खम्भों के पास न जायें।

मोदी सरकार की असफलताओं ने देश के हर वर्ग को किया निराश और हताश-प्रमोद तिवारी

इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल के समर्थन में रामपुरखास में भाजपा पर हमलावर हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में इण्डिया गठबंधन के तहत सपा प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल के साथ संयुक्त दौरा कर भाजपा सरकार की खामियों पर हमलावर दिखे। सांगीपुर क्षेत्र के पूरब देउम, बसुआपुर, धारूशाहपुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जनसभाओं में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास के विकास की मजबूती के लिए गठबंधन प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल को चुनाव में मजबूत जनादेश सौपने पर जोर दिया। उन्होनें जनसभाओं मे कहा कि भाजपा सरकार की कृषि तथा रोजगार व मंहगाई आदि के क्षेत्रों में विफलताओ से पूरे देश के लोगों को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। उन्होने कहा कि इस चुनाव में देश यह जान चुका है कि मोदी सरकार ने गरीबी खत्म करने तक को लेकर जुमलेबाजी से परहेज नही कर सकी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि हताशा और निराशा के दौर में देश में हर घंटे दो किसान तथा दो युवक आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कर्ज के बोझ के चलते किसान फसल की कीमत तो दूर इस समय दो जून की रोटी तक की चिन्ता में आ पहुंचा है। उन्होने कहा कि भाजपा ने सबसे निराशाजनक संकल्प पत्र जारी कर यह बता दिया है कि कृषि तथा रोजगार, शिक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी वह देश की साख बनाने को जरा सा भी चिंतित नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार की नीति और नीयति में खोट के चलते देश अर्थव्यवस्था के सबसे बुरे दौर का खामियाजा भुगत रहा है। जिले में भाजपा सांसद के भी विकास को लेकर किये जा रहे खोखले दांवों पर विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी कार्यकर्ताओं व समर्थको के बीच तेवर में दिखे। उन्होने कहा कि भाजपा के मौजूदा सांसद ने रामपुर खास मे विकास रोके जाने का हर अपनी तरफ से असफल प्रयास जारी रखा है। उन्होने कहा कि भाजपा के मौजूदा सांसद की पार्टी की केंद्र और राज्य दोनों जगह सरकार है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद बीजेपी सांसद ने जिले में औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए रत्ती भर प्रयास नही किया। उन्होने कहा कि सिर्फ केंद्र और राज्य सरकार की रोजमर्रा योजनाओं का ढिंढोरा पीटने के अलावा मौजूदा जिले के सांसद अपने स्तर पर एक भी योजना का नाम जिले के लिए नही गिना सकते। जनसभाओं में सपा प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल ने भी जिले में शिक्षा तथा विकास के क्षेत्र में भाजपा के मौजूदा सांसद संगम लाल गुप्ता को असफल करार दिया।

उन्होने कहा कि वह प्रतापगढ़ में विकास योजनाओं की मजबूती के साथ विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ मिलकर अपना मजबूत योगदान देंगे। रानीगंज कैथौला के समीप बोधी का पुरवा में जगदीश बहादुर सिंह के संयोजन में भी आयोजित कार्यकर्ता संवाद में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल शामिल हुए। क्षेत्र के इनहन भवानी धाम में भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल के साथ दर्शन पूजन किया।

यहां संस्कृत परिषद के संयोजक आचार्य राजेश मिश्र के संयोजन में विद्वत मण्डल द्वारा प्रमोद तिवारी तथा एसपी सिंह पटेल को श्रीमंगलम् सम्मान सौंपा गया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, द्वारिका वर्मा, कैलाशपति मिश्र, त्रिभु तिवारी, टिल्लू सिंह, रामकेवल वर्मा, उदयभान वर्मा, अम्बुज मिश्र, बड़े लाल तिवारी, बृजेश मिश्र, डॉ. अमिताभ शुक्ल, राजू पयासी, गिरिजाशंकर पाण्डेय आदि रहे।

रामपुर खास में जगह जगह हुआ कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी व एसपी सिंह पटेल का गर्मजोशी से स्वागत

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र पहुंचे लोकसभा चुनाव में जिले के सपा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का कार्यकर्ताओं व समर्थको ने जोरदार स्वागत किया। अगई मोड़, रानीगंज कैथौला, अमावां, घुइसरनाथ धाम, में कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी तथा पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। आमचुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी को लेकर रामपुर खास में उत्साह का माहौल भी बना दिखा। स्वागत करने वालों में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, स्वामी जितेन्द्र तिवारी, आचार्य राजेश मिश्र, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, मुन्ना शुक्ला, सत्येन्द्र सिंह, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, सचीन्द्र शुक्ला, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

मताधिकार का शत प्रतिशत करें प्रयोग - बीडीओ

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को बड़ोखर विकासखंड के ग्राम पंचायत चहितारा में रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ रमाशंकर सिंह ने ग्रामीणों से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा यह एक महापर्व है। मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। लोग अपने मतों का प्रयोग अवश्य करें। रैली के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी आनंद सरोज, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत रफीक मसूरी, ग्राम प्रधान सचिव कोमल सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामवासी, प्रधानाध्यापक, अध्यापक, छात्राएं एवं छात्र मौजूद रहे।

जनता को पीएम की गारंटी पर है भरोसा

चित्रकूट: लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को शुरू होने के साथ ही बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा ने 14 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया। जिसे लेकर भाजपा द्वारा हर जगह अपने मंत्रियों और संगठन के कार्यकर्ता के जरिये भाजपा के संकल्प पत्र में क्या खास है और किस प्रकार वह इस लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगी इसे लेकर पत्रकार वार्ता की जा रही है। सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल के साथ चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता की।

सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि यह संकल्प पत्र भारत के सुनहरे भविष्य का रोडमैप है। 2014 और 2019 में भी भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया था। दोनों ही बार के संकल्प पत्र में जो लिखा था, उसे हमने पूरा किया है।

एमएलसी ने गिनाई उपलब्धियां

जितेंद्र सेंगर ने बताया कि 76 पेज का यह घोषणा पत्र भारत का इतिहास बनेगा। पिछले 10 सालों में जो संकल्प थे वो भाजपा सरकार ने पूरा किया है। हमारे संकल्प पत्र से 25 करोड़ लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। हमने सबको आयुष्मान योजना की सुविधा दी। इससे लोगों को 5 लाख का मुफ्त इलाज में बहुत बड़ी राहत मिली। अब सरकार ने सभी वर्ग के 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक को आयुष्मान योजना का लाभ देने का संकल्प लिया है। गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं, तीन करोड़ और पक्के घर बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में मत्स्य उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार किया जाएगा।

एमएलसी ने कहा हमने घर-घर बिजली, पानी, शौचालय, मुफ्त राशन, कोरोना काल मे मुफ्त वैक्सीन सहित राज्य में पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में अनेको बड़ी योजनाएं दी हैं।

महिलाओं को सशक्त करने का किया जा रहा काम

एमएलसी ने कहा कि आज भाजपा महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है। राज्य की महिलाएं आज स्वरोजगार के जरिये अपना व्यवसाय करके आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण जो कि वर्षो से अधर में था उसे पूरा करने का काम भी पीएम मोदी ने किया है।

एमएलसी ने साधा विपक्ष पर निशाना

एमएलसी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक राजनीति करती है। आज विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका इसलिए वह अनर्गल बातें करके जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं।

आज उनके कई नेता अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला प्रभारी अनिल यादव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायवाल, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

मां कालरात्रि के दर्शन को उमड़ी भीड़

देवी मंदिरो में देर रात तक रहा श्रद्धालुओ का तांता

भक्तो ने मां का पूजन अर्चन कर मांगा आशीर्वाद

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। बासंतिक नवरात्र के पावन अवसर पर मां भवानी के भक्तो ने आज सोमवार को मां दुर्गा के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा आराधना की। देवी भगवती के इस स्वरूप को अनन्त माना गया है। मान्यता है कि काल को जीतने वाली काली मां देवियो की केन्द्रीय सत्ता है। इस स्वरूप के दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिरो में श्रद्धालुओ की भीड़ देर रात तक रही। मां के दरबार में श्रद्धालुओ ने जयकारा लगाते हुए परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। तमाम उपासको ने सोमवार को बच्चो का मुण्डन संस्कार भी कराया। शहर की मां बेल्हा देवी, सण्डवा चन्द्रिका का मां चण्डिका देवी, रानीगंज तहसील क्षेत्र की मां बाराही देवी धामो में आज देर रात तक भक्तो की भीड़ रही। मां के सातवे स्वरूप माता कालरात्रि का दर्शन पूजन मंदिरो एवं घरो में देर रात तक चला। धर्मग्रन्थो में वर्णन किया गया है कि काल को जीतने वाली मां कालरात्रि की देवियो की केन्द्रीय सत्ता हैं भोले भण्डारी भगवान शंकर की शक्ति के रूप में यह कभी इन्द्राणी मां बनकर भक्तो का कल्याण करती है। वही कभी मां चन्द्रिका बनकर चण्ड मुण्ड का संहार करती है। वह रक्त दंतिका बनकर रक्तबीज का संहार करती है। काली जी एवं भगवान शंकर का स्वभाव एक सा है। सांसारिक प्राणी जिन जिन चीजो से दूर भागता है वह सब भोले भण्डारी औघड़ वरदानी को प्रिय है। वही काली मां को भी अच्छा लगता है। वह नरमुण्ड की माला पहनती है। श्रद्धालुओ ने अखण्ड ज्योति जलाकर काले तिलो से मां की पूजा अर्चना की। सप्तमी की रात्रि यज्ञ करने से साधक के सारे मनोरथ पूरे होते है।

बेदखली/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तुलसीराम का पुत्र वेद प्रकाश उर्फ अंकित प्रजापति जिसकी उम्र लगभग 19 साल है जो कि मेरा पौत्र नाती है जिसका चाल-चलन व्यवहार परिवार के प्रति ठीक नहीं है। प्रायः मनमानी करता रहता है जिसके कार्य व्यवहार से मै व मेरा परिवार के अन्य सदस्यगण काफी परेशान हो चुके है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है। सिजको मैने अपन समस्त चल-अचल सम्पत्ति व बाबा-नाती के सम्बन्ध में विच्छेद कर दिया है। उक्त का मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

लालाराम सुत सुखई
नि0 पटकन का पुरवा सकले
देवापुर
पो0 थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़

बेदखली/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र संजय आवारा व बदमाश किस्म का है। शुरू से ही मेरे कहने-सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ किया है और हम लोगो की इच्छा के विरूद्ध गैर विरादरी की लड़की आशा देवी को पत्नी के रूप में रख लिया जो आये दिन मार-पीट लड़ाई झगड़ा करती रहती है। संजय व उसकी पत्नी आशा देवी के कृत्यों से आजिज आ गये है। उक्त दोनो लोगो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूँ। संजय व आशा देवी के द्वारा किये गये कृत्यों वे लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगे।

सन्तलाल सुत
कामता प्रसाद प्रजापति
निवासी ऐमा ऐश्भौ ऊँचागांव थाना
मानिकपुर
जनपद प्रतापगढ़

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी की पॉलिसी संख्या 311546442 में मेरा नाम राज लक्ष्मी पांडेय हो गया है जो कि बचपन में था जो गलत है अब मेरा सही व वास्तविक नाम रिषिता पांडेय पुत्री कौशलेंद्र कुमार पांडेय ग्राम-कोहराव पोस्ट-कुकुवार जिला प्रतापगढ़ है मुझे इसी नाम व पता से जाना व समझा जाय ।

प्रार्थी
रिषिता पांडेय पुत्री कौशलेंद्र कुमार पांडेय
ग्राम-कोहराव पोस्ट-कुकुवार जिला प्रतापगढ़ पिन कोड़-230135

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
नं0मु0 268/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन आरती वर्मा बनाम सुनील कुमार वर्मा
बनाम
सुनील कुमार वर्मा उम्र 38 वर्ष सुत मुन्नालाल वर्मा निवासी ग्राम धरमपुर पो0 गड़ौली पर0तह0 पट्टी थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़
अ0धारा 125 जा0फे0
तारीख पेशी 18.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0 5 महोदय इलाहाबद
प्रकीर्ण वाद सं0 06/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सबीना बेगम पत्नी सरफराज अहमद पुत्री मकबूल अहमद हाल पता ग्राम बरदहा कैपी पो0 आफिस करछना जनपद प्रयागराज
बनाम
सरफराज अहमद पुत्री नजीर अहमद निवासी रीवा रोड जारी बाजार पो0 जारी प्रयागराज
तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

तेज रफ्तार बस से कुचलकर वृद्ध की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा- प्रतापगढ़। सड़क क्रॉस कर रहे वृद्ध को तेज रफ्तार अनियंत्रित वोल्वो बस में कुचल दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना स्थल से 2 किलोमीटर दूर जाकर पेट्रोल पंप पर बस को खड़ी कर चालक फरार हो गया।मानिकपुर थाना क्षेत्र के समापुर तिवारीपुर निवासी मंगला प्रसाद पटेल 60 वर्ष पुत्र बाला दीन पटेल सोमवार सायंकाल लगभग 4 बजे अपने बेटे दशरथ लाल के साथ प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को भडचक गांव के पास छगन मार्केट के सामने सड़क क्रॉस करने लगा। इसी दौरान लखनऊ से प्रयागराज की तरफ तेज रफ्तार अनियंत्रित पवन हंस वाल्वो बस ने टक्कर मार दिया। वृद्ध के सड़क पर गिरते ही उसको कुचलते ही बस फरार हो गई। जिससे वृद्ध की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप पर सवारियों को सुरक्षित पहुंचाकर बस खड़ी करके चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पत्नी कमला देवी, बेटा दशरथ लाल समेत परिजनों का घटना स्थल पर रोने चिल्लाने से कोहराम मच गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक मंगला प्रसाद खेतिहर किसान था। उसके चार बेटे व एक शादीशुदा बेटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए भेजा है।

सम सेमेस्टर की वार्षिक और बैक पेपर परीक्षाएं शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर, वार्षिक एवं बैक पेपर परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। एमडीपीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परिसर में प्रवेश करने दिया गया। महाविद्यालय का आंतरिक सचल दल लगातार परीक्षा की निगरानी करता रहा। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि एमडीपीजी में दोनों पालियों में आज कल 739 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 723 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 383 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और नौ अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 340 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बीए द्वितीय सेमेस्टर प्राचीन इतिहास एवं द्वितीय पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर प्राचीन इतिहास की परीक्षा संपन्न हुई।

सुपरवाइजर की पिटाई कर सफाईकर्मी ने दी जान से मारने की धमकी

चायल, कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मंदरमोड़ स्थित पराग डेयरी में सोमवार सुबह साफसफाई को लेकर सफाईकर्मी ने सुपरवाइजर को पीट दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे अन्य कर्मियों ने बीचबचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।जनपद अंबेडकर नगर शेखपुरा अकबरपुर कोतवाली के सुईडीह गांव निवासी राहुल वर्मा पुत्र रामभवन वर्मा मंदर मोड़ पराग डेयरी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। राहुल वर्मा के अनुसार सोमवार सुबह करीब नौ बजे वह फैक्टरी में तैनात सफाईकर्मी से अच्छे से साफ सफाई करने के लिए कह रहे थे। आरोप है कि इसी बात को लेकर वह उन्हें गाली गलौज करने लगा। विरोध पर उसने शर्ट की कालर पकड़ कर पिटाई करने लगा। शोर सुनकर मौके पर जुटे अन्य कर्मचारियों के बीचबचाव करने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए फैक्टरी से चला गया। पीड़ित सुपरवाइजर ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है।

पति पत्नी में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से राहत

यूटा की पहल पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। दम्पत्ति कार्मिको की समस्या को लेकर गंभीर शिक्षक संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के मांग पत्र के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पति पत्नी दोनो में से किसी एक को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियो को निर्देश दिए है। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार दूबे ने बताया कि संगठन की पहल पर गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 एवं विधान सभा चुनाव 2022 में ऐसे पति पत्नी जो दोनो ही सरकारी सेवा में है, उनकी बच्चो के देखभाल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उनमें से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु निर्देश दिए गए थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने अपने पत्र के माध्यम से चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया गया था कि चुनाव में पोलिंग ड्यूटी हेतु कार्मिको को एक दिन पूर्व ही पहुंचता होता है और रात्रि प्रवास पोलिंग स्टेशन पर ही करना होता है। ऐसे में यदि पति पत्नी दोनो की ड्यूटी लग जाती है तो उनके बच्चो की देखभाल का गंभीर संकट उनके समक्ष रहता है। ऐसे में उन दोनो में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाना चाहिए ताकि वे बच्चो के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह कर सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को दिए गए पत्र के क्रम में प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी को पूर्ववत कार्यवाही के निर्देश दिए है। शिक्षक संगठन यूटा के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार दूबे, जिला महामंत्री नीरज कुमार सिंह, लि कोषाध्यक्ष अहमद हसन, जिला संगठन मंत्री आशीष मिश्र सहित ने चुनाव आयोग के निर्देशों के क्रम में ऐसे कार्मिको के प्रार्थना पत्रो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पति पत्नी में से किसी एक को ड्यूटी से मुक्त करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ से मांग की है।

बार एसोसिएशन का धरना जारी, आर-पार संघर्ष की चेतावनी

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। बार एसो. पुरातन तहसील सदर की बैठक अध्यक्ष विवेक दत्त मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन महामंत्री अजय सिंह ने किया। जिसमें तहसील सदर के अधिवक्ताओ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर 3 अप्रैल से अनवरत रूप से धरना प्रदर्शन कर रहे है। अधिवक्ता आशुतोष तिवारी ने कहा कि यदि हमारी मांगो को पूरी नहीं किया गया तो लड़ाई आर-पार की होगी। अधिवक्ता धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि तहसील सदर में घोर अनियमितता व्याप्त है। जिसे दूर किया जाना परम आवश्यक है। अधिवक्ता दुर्गेश सिंह ने कहा कि जब तक रजिस्ट्री आफिस लाने के सम्बंध में संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलता तब तक धरना जारी रहेगा। बैठक मे अवनीश शुक्ला, अमित सिंह, आशीष सिंह, राहुल, राममूर्ति, बालेन्द्र भूषण सिंह, अमित तिवारी, विजयशंकर तिवारी, पवन तिवारी, अमित सिंह, राकी सिंह, विशाल सिंह, डीपी सिंह, नीलेश शुक्ला, संतोष सिंह, सद्दाम हुसैन, जितेन्द्र सिंह, वासिफअली, बाल मुकुंद सिंह, महेन्द्र मिश्र, अंजनी सिंह, श्रीकांत, राममूर्ति प्रजापति, भूपेन्द्र तिवारी, कुलदीप पाण्डेय, उदयराज यादव, उमेश मिश्र आदि तमाम हजारो अधिवक्ता मौजूद रहे।

वांछितों, शोषितों के मसीहा थे बाबा साहब- साजन मौर्य

टेवां, कौशाम्बी। 14 अप्रैल संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नॉलेज भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती वंदे मातरम समाजसेवी समिति उत्तर प्रदेश कौशांबी कार्यालय में मनाई गई इस अवसर पर युवा नेता जिला पंचायत सदस्य समाज सेवी साजन मौर्य ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाते हुए नमन किये जयंती के अवसर पर समिति के सदस्यों एवं टेवां बाजार के व्यापारियों ने पुष्माला चढ़ाकर बाबा साहब को नमन किया साजन मौर्य ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना करके शोषितों, वंचितों को उनका हक अधिकार दिलाया संविधान के माध्यम से नागरिकों को मौलिक अधिकार प्राप्त हुए जो मानवाधिकार के रूप में संरक्षित हैं सबको समान अधिकार प्राप्त हुआ कार्यक्रम में वंदे मातरम समाजसेवी समिति के अध्यक्ष समाज सेवी हिमांचल मौर्य,डॉक्टर राधेश्याम चौधरी, अमित भास्कर, सनी वर्मा,खुददा बर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

मेनका त्रिकोणीय संघर्ष में, सांसद दानिश अली फैक्टर से बसपा परेशान

सपा पर बाहरी कंडीडेट उतारने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। चुनाव से सवा माह पूर्व स्थिति साफहो गई है। भाजपा ने मेनका गांधी को रिपीट किया है। बसपा ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिपं सदस्य उदराज वर्मा को मैदान में उतारा और सपा ने भीम निषाद को साइकिल से उतारकर पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को सवारी कराया है। बसपा के कुर्मी और सपा के निषाद प्रत्याशी देने से मेनका गांधी बुरी तरह घिर गई हैं। वही बसपा मुस्लिम वोटरों में सेंधमारी करना चाह रही, लेकिन इस वर्ग के वोटरों का कहना है जो दल सांसद दानिश अली का नहीं हुआ वो हमारा क्या होगा। जबकि सपा कंडीडेट पर बाहरी उम्मीदवार होने का आरोप लग रहा है।

लोकसभा चुनाव 2024 में सुल्तानपुर में 18 लाख 34 हजार 355 मतदाता वोट करेंगे। जिसमें 9 लाख 54 हजार 358 पुरुष मतदाता, 8 लाख 79 हजार 932 महिला मतदाता व 65 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 24 मार्च को भाजपा ने सुल्तानपुर से मेनका गांधी पर पुनः दांव खेला, टिकट मिलने के बाद वो एक अप्रैल को संसदीय क्षेत्र में पहुंची। दस दिन रहकर यहां 125 गांवों की उन्होंने खाक छाना। लेकिन इस बार मतदाताओं में उनको लेकर विरोध के सुर हैं। सीधे तौर पर ये बात कही जा रही है कि जिले में एक इकलौती चीनी मिल है। जिसे संजय गांधी ने शुरू कराया था लेकिन मेनका गांधी और उनसे पहले वरुण गांधी सांसद रहते हुए उसका जीर्णोद्धार नहीं करा सके। ऐसे में हजारों किसानों को इस समस्या से दो चार होना पड़ रहा।

वही ये मुद्दा भी तेजी से जनता के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है कि लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर मुख्यालय से कादीपुर तक सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण हुआ तो रही सही कसर डंपर ने पूरी कर दी। लेकिन इस मुख्य मार्ग की दशा मेनका गांधी सांसद रहते हुए सुधार नहीं सकी।

यही नहीं बगिया चौराहे से बिरसिंहपुर मार्ग खस्ताहाल है। 7 वर्षों से उसके निर्माण के लिए मांग हो रही, प्रदर्शन हुआ लेकिन न सांसद न ही विधायक इसका कोई जतन कर सके। जो अब चुनावी मुद्दा बन गया है। वही 2014 और 2019 के आम चुनावों में कुर्मी और निषाद वर्ग के वोटरों में एकतरफा घुसपैठ करने वाली भाजपा इस बार इन वर्गों में सेंध नहीं मार पा रही। जिसका सीधा असर मेनका के चुनाव पर पड़ने जा रहा। बसपा ने जिपं सदस्य उदराज वर्मा पंकज को चेहरा बनाया। उनके लिए कल प्रदेश अध्यक्ष विशंभर दयाल मीटिंग करने पहुंचे। जो बार बार मंच से दलित के साथ मुस्लिम वोटरों को लुभाते दिखे। लेकिन वही पर मौजूद मुस्लिम मतदाताओं ने कहना शुरू कर दिया कि जिस दल ने लोकसभा में बसपा के मुस्लिम चेहरा रहे दानिश अली के समर्थन में नहीं खड़ा हो सका। उसे भाजपा के दबाव में पार्टी तक से निकाला हम उस पर भरोसा करें भी तो कैसे। इसके अतिरिक्त दलित वोटर 2014-2019 से यहां भाजपा की ओर बड़ी संख्या में शिफ्ट हो चुके हैं उन्हें अपनी ओर लाना बसपा के लिए अब टेढ़ी खीर है। सपा का हाल ये है कि 28 दिन बाद अंबेडकर जयंती के दिन प्रत्याशी बदलना पड़ा। बड़बोले कंडीडेट भीम निषाद को हटाकर उनके स्थान पर पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को लाया गया है।

उन्हें फिर से जमीन बनानाहै। वही उन पर बाहरी उम्मीदवार होने का भी आरोप लग रहा है।

सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक का नाम और पता होना अनिवार्य- मुख्य निर्वाचन अधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है।यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 (ए) के तहत, चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता। आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों एवं ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन, जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं,

द्वारा आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

नहर के पास जेसीबी लगाकर हो रहा खनन, पुलिस में शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। बल्दीराय क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से खनन का कार्य चल रहा है। पुलिस इस पर नकेल नहीं कस पा रही है।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष खनन से जुड़े ऐसे ही एक मामले को लेकर थाने पर पहुंचे हैं। जहां खनन माफिया ने उनके साथ अभद्रता की है। बाकायदा जेसीबी से खनन का वीडियो भी सामने आया है।

बल्दीराय ब्लॉक के भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नेवादा निवासी सुनील कुमार सिंह ने थाने पर शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के कई लोगों ने आकर बताया कि नंदौली में शारदा सहायक खंड 16 नहर से जेसीबी लगाकर अवैध खनन तेजी में चल रहा है।

माइनर को क्षतिग्रस्त करके मिट्टी खोदकर निकालते हुए खनन माफिया उसे बेच रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नहर की पटरी कटने से फसल बर्बाद होने का जहां खतरा है वही गांवों में भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसी क्रम में हमें सूचना मिली की नहर से जेसीबी लगाकर अवैध खनन किया जा रहा है। मौके पर पहुंचकर देखा गया तो गौरव मिश्रा उसका भाई सोनू मिश्रा खनन करा रहे थे।

मना करने पर इन लोगों ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज किया। कहा कि ज्यादा नेता गिरी करोगे तो अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने नामजद तहरीर थाने पर दी है। इस मामले में एसओ आरबी सुमन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

युवती का पेड़ से लटकता मिला शव हत्या और आत्महत्या में उलझा मामला

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक 27वर्षीय युवती का शव जामुन के पेड़ से लटकता पाया गया। उसके नाक आदि स्थानों से रक्त निकला था ऐसा देखा गया। प्रथम दृश्या ये कहा जा रहा है कि प्रेम प्रंसग में हत्या या आत्महत्या का ये मामला है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव के पास खेत में रामदौर यादव के ट्यूबेल के पास जामुन के पेड़ में कुकुढ़ीपुर मालापुर गांव निवासी पूनम (27वर्ष) पुत्री स्व बखेडू निषाद की दुपट्टे से लटकती लाश मिलने से हड़कंप मच गया। ट्यूबेल के पास सूनसान जगह पर लोग खेतों में आज जब मड़ाई के लिए पहुंचे तो पेड़ से लटकती लाश देख सन्न रह गए। आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर कादीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना स्थल पर पहुंची मृतका की मां दशहरा देवी ने बताया कि मेरी लड़की पूनम की शादी तीन वर्ष पहले बीबीगंज बाजार के पास ढाका गांव में हुई थी। मृतका पूनम का एक दो वर्ष का बेटा शिवा है। मेरी बड़ी बेटी की शादी ककरहवा अमरेथू डड़िया में हुई है इसी गांव का लड़का बलिराम पुत्र जगत निषाद मेरी बेटी को बहला फुसलाकर ले आया था और मारकर फांसी पर लटका दिया।

फिलहाल मृतका पूनम के शव गले में दुपट्टे से कसा हुआ पेड़ के पास बैठी हुई दशा में मिला है। मृतका पूनम के दोनों पैर को किसी जानवर ने खा लिया है। पेड़ की डाल व जमीन की दूरी कम होने से लाश का पैर जमीन पर होने के कारण मामला हत्या और आत्महत्या की गुत्थी में उलझ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी का अभियान चलाया जा रहा है

जौनपुर। जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा जनपद में शुरू की गई मिशन समर्थ के तहत दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी का अभियान चलाया जा रहा है। मडियाहू की दिव्यांग बच्ची सृष्टि पुत्री मनोज कुमार तथा रामपुर की बबीता पुत्री कडेद्दीन का निःशुल्क ऑपरेशन विगत दिनों एसआरएस हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ0 अभय सिंह द्वारा किया गया था। दोनों ही दिव्यांग बच्चो की सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई है। जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मांदड़, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के द्वारा अस्पताल में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई और उन्हें चॉकलेट

और फल भी वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने उनके अभिभावकों से कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है बहुत जल्द उनके बच्चे सामान्य जिंदगी जीने लगेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 03 से 10 वर्ष तक के बच्चों जो पैरों अथवा हाथों से विकलांग है उनकी करेक्टिव सर्जरी का अभियान चल रहा है। इस कार्यक्रम में जनपद के रेड क्रॉस सोसाइटी, बेसिक शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। इस अवसर पर एडिशनल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.बी. सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपक चौबे और शेषनाथ वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

आवेश अहमद बने महासचिव समर्थकों में खुशी की लहर

सुलतानपुर। जिला कांग्रेस कमेटी की नई सूची में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आवेश अहमद को महासचिव बनाया गया है। गौरतलब है कि आवेश अहमद इससे पूर्व राष्ट्रीय छात्र संगठन के भी जिला उपाध्यक्ष रहे हैं। लंभुआ विधानसभा के भदैया ब्लाक के करोमी शरीफ़ के निवासी आवेश अहमद के चयन से युवा कांग्रेसियों में उत्साह है। कई युवा नेताओं ने बताया कि आवेश शुरू से ही संघर्षशील रहे है। राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं युवा कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने कई सफल आंदोलनों में हिस्सा लिया है। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने आवेश अहमद के चयन पर शीर्ष नेतृत्व को

धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर मेराज अहमद, मोहित तिवारी, शहबाज खान, आशुतोष मिश्र अंशू, विवेक ओझा, आमिर पठान, आदिल असलम आदि ने भी प्रसन्नता जताई है।

पांचवीं संयुक्त समन्वय समिति की बैठक, पर्यावरण स्वच्छता के व्यापक सुधार के लिए परियोजना पर विमर्श

वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सोमवार को जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जायका) की पांचवीं संयुक्त समन्वय समिति के प्रतिनिधियों संग बैठक की। कमिश्नर की अध्यक्षता में वाराणसी में पर्यावरण स्वच्छता के व्यापक सुधार के लिए परियोजना (सीआईईएसवी) पर व्यापक विमर्श हुआ। इन परियोजना पर जेआईसीए विशेषज्ञ टीम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। जिसमें वीएनएन, जल कल और यूपीजेएन की योजना के अनुसार गतिविधियों को लागू किया जा रहा है। जायका के प्रतिनिधियों ने विभिन्न गतिमान तथा प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से मंडलायुक्त के समक्ष रखा। इसके बाद इस पर विस्तृत परिचर्चा की गयी।

बैठक में जायका टीम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत जानकारी दी। घरेलू कचरे के लिए प्रबंधन के तीन नियमों के बारे में बताया गया। जिसमें कचरे को अलग करना, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा खुले में कूड़े को फेंकने से बचना शामिल है।

बैठक में नगर निगम में शामिल हुए कंचनपुर क्षेत्र में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट तथा पर्यावरण सुरक्षा के तहत किये गये प्रयासों को भी रखा गया, जिसमें कंचनपुर में पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट यूनिट (पीएसटीयू) की भी स्थापना की गई है । इसकी फिजबिलिटी असेसमेंट का भी कार्य किया जा रहा है। बैठक में मंडलायुक्त को बताया गया कि जायका ने फेज-1 में जलापूर्ति, सीवेज़ तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य पूर्ण कर लिया है। वर्तमान में जलापूर्ति, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन आदि पर कार्य कराया जा रहा है । कंचनपुर क्षेत्र में जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को एक आंतरिक समाधान उन्मुख कार्यशाला आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। जिसमें विभिन्न शहरों में वेस्ट मैनेजमेन्ट के तहत किये जा रहे कार्यों का एक्सपोजर लेकर लौटे अधिकारी अपने अनुभवों को साझा कर सके। नगर की आंतरिक कमियों की पहचान की जा सके और उसके समाधान निकाले जा सकें।

उन्होंने एजुकेशन, सेग्रीगेशन, अवेयरनेस तथा कम्यूनिटी प्रबंधन पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्शन, डाटाबेस तथा प्रबंधन प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित करते हुए जोन तथा वार्ड स्तर पर कार्यों के बंटवारा करने को कहा। मंडलायुक्त ने कहा कि किस प्रकार हम कम खर्च में अच्छे आउटपुट प्राप्त कर सकते है। इस पर कार्य करने की योजना होनी चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में स्मार्ट सिटी, टूरिज्म, यूपीपीसीएल सभी को आमंत्रित करने को कहा ताकि उनके भी अनुभवों को साझा किया जा सके। बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने जायका टीम के किये जा रहे कार्यों की तारीफ की। नगर आयुक्त ने शहर में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट तथा नगर निगम में शामिल नये क्षेत्रों में अगले कुछ महीने में पूरी तरह डोर टू डोर कूड़ा उठान की बात कही ।

भ्रष्टाचार की जांच में दोषी पाए जाने पर कोई रियायत नही-सांसद अमरपाल

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्या सोमवार को सुल्तानपुर पहुंचे थे। यहां वो भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में जो भी शामिल है, जिस पर जांच चल रही है उसे बंद नहीं किया गया है। जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे भारतीय जनता पार्टी का होगा, समाजवादी पार्टी होगा, कांग्रेस का होगा वो बचने वाला नहीं है।

मीडिया से बातचीत में अमर पाल मौर्या ने आगे कहा कि राहुल गांधी का पूरा परिवार दोषी है वो जेल जाने की तैयारी किए रहे। उन्होंने ये भी कहा है कि जितने चोर लुटेरे थे, देश को जिन्होंने जिन परिवारों ने लूटा था उन परिवारों से जब एक एक पाई निकालकर सरकार के खजाने में डाली जा रही है तो वहां दर्द है। उन्होंने कहा राहुल गांधी और उनकी पीढ़ियों ने जो सत्तर साल तक राज किया है उस देश की अश्मिता, इस देश के नवजवानों के साथ, इस देश के किसानों के साथ इस देश की महिलाओं के साथ जितना उन्होंने धोखा दिया है उसका हिसाब उन्हें देना पड़ेगा। अमर पाल मौर्या ने कहा मोदी की गारंटी है। योगी की गारंटी है। उत्तर प्रदेश में रोजगार का एक ऐसा भी समय था कि किसी जाति विशेष में जन्म लेना पड़ता था तब उसको नौकरी मिलती थी। हमारी सरकार ने उसको समाप्त किया है। योग्यता के आधार पर हम नौकरी देने का काम किए हैं। अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा देश की आजादी के सत्तर वर्ष बीत जाने के बाद गंगा पर कोई पहल कोई काम नहीं हुआ था। हम दस साल में गंगा के प्रति निर्मल भाव से निर्मल करने का काम किया है। हमने बजट की एक एक पाई लगाने का काम किया है।

समाजसेवी पूर्व सैनिक ए के दीक्षित बने राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संरक्षक

लोकमित्र ब्यूरो

उन्नाव। पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की मासिक बैठक के दौरान राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा समाजसेवी पूर्व सैनिक ए के दीक्षित को सेवा परिषद के संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर संगठन के उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने संगठन के संस्थापक वा प्रदेश अध्यक्ष वेटरन ए के दीक्षित को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए संगठन परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया।

पूर्व सैनिक संगठन के अलावा कई सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी निभा रहे समाजसेवी पूर्व सैनिक ए के दीक्षित ने कहा कि यह नई सामाजिक जिम्मेदारी हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है जिसे हम अपनी पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ निस्वार्थ भाव से निभाने की कोशिश करेंगे क्योंकि राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद हमेशा समाज हित और समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है जिसमे निर्धन परिवार की बेटियो की शादी के लिए भी प्रयासरत है। इस प्रकार के पावन और पुनीत संस्था से जुड़कर अपने आपको सौभाग्यशाली समझता हूं।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक वा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि संस्था में माननीय संरक्षक के शामिल होने पर जहा एक तरफ संस्था को मजबूती और मार्गदर्शन मिलेगा साथ ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेगी संस्था में बड़े बड़े अफसर भी शामिल है।

किन्नर के घर में घुसकर लूटपाट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार, जेवरात व तमंचा बरामद

गाजियाबाद। थाना विजयनगर पुलिस ने किन्नर के घर में घुसकर तमंचे के बल पर लूट करने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लाखों रुपयों के लूटे गये सोने-चांदी के जेवरात, नकदी एवं एक तमंचा और चाकू बरामद किये हैं। डीसीपी कुँवर ज्ञानजंय सिंह ने सोमवार को बताया कि 11 अप्रैल को किन्नर चंदा के घर में घुसकर बदमाशों ने तमंचों के बल पर लूटपाट की थी। जिसकी प्राथमिकी विजय नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। सूचना पर थाना विजयनगर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया।उन्होंने बताया कि थाना विजयनगर पुलिस टीम ने मुखबिर एवं लोकल इनपुट के आधार पर नावेद उर्फ हिलाल निवासी चमन कॉलोनी व इस्लाम निवासी गुल्ज़ार कॉलोनी को गौशाला फाटक के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चांद उर्फ चंदा जो किन्नरों का गुरु था वह किन्नरों के साथ जिसमें लल्ला व सोनू उर्फ मुकर्रम, अन्नू, जोया, स्नेहा, बिपाशा व अन्य किन्नरों के साथ मिलकर बधाई लेते थे। बधाई के पैसे सब को बंट जाते थे और गुरू दोगुने पैसे रखता था। चांद उर्फ चंदा की मृत्यु माह फरवरी में हो गयी थी। मृत्यु के बाद किन्नरों का गुरू लल्ला उर्फ इरशाद बन गया था।

मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। जनपद में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में 'मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत परिसर में एक बड़ा बैनर लगाकर जिसपर लिखा है ''ड्रेमोक्रेसी वाल'' पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील किया है कि 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बनी सेल्फी प्वाइंट ''मेरा वोट मेरी ताकत'' सेल्फी पाइंट पर अधिकरियों ने सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस

हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों, स्कूल कालेजों व्यापार मंडल, समाजिक संस्थाओ से भी अपील किया है कि मतदान के प्रति जागरुकता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था, लेकिन इस बार हमारा प्रयास 70 प्रतिशत से अधिक ले जाने का है। इसको लेकर स्वीप की ओर से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाए, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप प्रभारी श्री साई तेजा सीलम ने कहा कि जिले के मतदाता 25 मई को लोकतंत्र की उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं। निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान कर, अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य निभाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ईशिता किशोर, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें तथा हस्ताक्षर कर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

लोस चुनाव : 4 अप्रैल तक कुल 15079.66 लाख रुपये की मादक पदार्थ समेत नकदी जब्त

लखनऊ। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 14 अप्रैल तक 15079.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2468.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 3684.07 लाख रुपये कीमत की शराब, 5645.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2133.54 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1148.03 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 14 अप्रैल को 346.19 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 23.07 लाख रुपये नकद, 85.33 लाख रुपये कीमत की 27866.10 लीटर शराब, 177.79 लाख रुपये कीमत की 194054.68 ग्राम ड्रग एवं 60 लाख रुपये कीमत की 814 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।

प्रमुख जब्ती में जनपद अयोध्या की अयोध्या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 100 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 500 ग्राम ड्रग, जनपद गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.88 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 107500 ग्राम ड्रग तथा जनपद वाराणसी की वाराणसी कैण्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.39 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 41560 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

इसके अतिरिक्त जनपद बरेली की बिथरी चैनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.02 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 110 लीटर शराब और जनपद फिरोजाबाद की टुण्डला (एस.सी.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 60 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 814 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी।

भाकियू ने की दलहन, तिलहन क्रय केन्द्र ब्लाक एवं तहसील स्तर पर खोलने की मांग

चित्रकूटः भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत तहसील परिसर राजापुर एवं मऊ में हुई। जिसमें किसान समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा को ज्ञापन सौंपा गया।

तहसील प्रभारी शिवदयाल सिंह बघेल व मण्डल उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह ने कहा कि चिल्ली मल पम्प कैनाल को सुचारू रूप से चलाया जाए।

जिससे किसान ग्रीष्म ऋतु की फसलों जैसे मूंग, उड़द एवं सब्जियों की रोपाई कर सके। साथ ही गौशालाओं से जानवरों को न छोड़ा जाए। जिससे फसलों का किसान लाभ ले सकें। दर्जनों गांवों के किसानों ने गर्मी की फसलों को तैयार करने की इच्छा जाहिर की है। तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने बताया कि मऊ क्षेत्र में बेमौसम भारी बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ हैं। किसानों में मायूसी है। दर्जन भर गाँवों लौधारा, बरेठी, हनुमानगंज, ददरी,

खंडेहा का सर्वे कराते हुए मुवावजा दिलाया जाए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि गल्ला मंडी कर्वी में किसानों की दलहन फसलों चना, मसूर, सरसों की फसलों को व्यापारियों द्वारा गुमराह कर खरीद की जा रही हैं। जिससे किसानों को फसलों का उचित मूल्य जो सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है वो नही मिल पा रहा है। साथ ही फसलों की तौल में भी घटतौली की जा रही है जो सरकारी आंकड़ों के विरुद्ध है। जिसको त्वरित कार्यवाही करते हुए किसानों को उचित मूल्य पर फसलों के दाम मिल सके। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड दलहन एवं तिलहन का केन्द्र माना जाता है। जिसकी पैदावार काफी होती हैं।

जिसे किसानों को उनकी फसलों को बेचने में काफी दिक्कत होती हैं। ऐसे में भाकियू जिला प्रशासन से मांग करता है कि दलहन, तिलहन क्रय केन्द्र ब्लॉक एवं तहसील पर खोले जाए। जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिक सकें।

इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष नरेश त्रिपाठी, बब्बू माली, शत्रुघ्न सिंह, देवनारायण यादव, अजीत सिंह, राजकुमार, सन्तोष कुमार, कमलेश, रामेश्वर, शिव सिंह, छेदीलाल, रामशरण, राजपूत आदि मौजूद रहे।

नौ दिवसीय गायत्री साधना की पूर्णाहूति 17 को

चित्रकूटः गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि आगामी 17 अप्रैल को नौ दिवसीय गायत्री साधना की पूर्णाहूति गायत्री शक्तिपीठ में होगी। इस दौरान सामूहिक ब्रतवन्ध संस्कार भी होगा। सायं काल 6 बजे से दीप प्रज्जवलन चित्रकूट गौरव दिवस पर सरयू धारा क्षेत्र पर तैयारी होंगी। 7 बजे दीप दान दीपयज्ञ के उत्सव के साथ होगा। उन्होंने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ परिक्षेत्र में भी सभी से आग्रह किया जा रहा है कि विगत वर्षो की तरह इस साल भी उसी उत्साह से पर्व रामनवमी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाये। सभी चित्रकूट वासियों को गौरव प्रदान करते हुए प्रभु ने साढ़े ग्यारह वर्ष चित्रकूट मे संकट का समय बिताया था। अब अपने धाम आयोध्या में 500 वर्षो बाद प्रभु श्रीराम पधार चुके हैं तो हम चित्रकूट वासी भी गौरव अनुभव करने मे पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि चित्रकूट गौरव दिवस पर दीप, बत्ती तेल भी अपना हो तो उत्तम रहेगा।

प्रभु श्री राम के बाल लीलाओं की कथा सुन आनंदित हो उठे श्रोतागण

चित्रकूटः परमहंस संत रणछोड दास द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गुफा में अरविंद भाई मफत्त लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है। किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कथा के छठवें दिन प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं को सुनाते हुए बताया कि प्रभु श्री राम जन्म के समय सारे अयोध्या में बधाई और उत्सव मनाया जाता है। प्रभु श्रीराम की बाल लीलाएं देखने के लिए सारे देवी देवता नजर गडाए रहते थे। उधर भगवान शिव को प्रभु के दर्शन की मन में लालसा जागृति होती है तो भोलेनाथ एक वृद्ध ब्राह्मण का भेष बनाते है और काग भुसुंड को अपना चेला बनाते है और अयोध्या पहुंच जाते है। साथ ही अयोध्या वासियों की हस्त रेखा देख कर उसके बारे में बताने लगते है। जिससे पूरे नगर में हो जाता है कि बहुत बडे ब्राह्मण आए है हस्त रेखा

देखकर सब कुछ बताते हैं। यह खबर राजा दशरथ के महल में दास दासियों के माध्यम से पहुंच जाती हैं, उनको बुलाया जाता है। तीनों रानियां चारो राजकुमारों को लेकर शिव के पास आती है। शिव जी प्रभु के पैर छूना चाहते है मगर पैर प्रभु छुपा लेते तब काग भुसुंड कहते है भोले नाथ से प्रभु आशीर्वाद दीजिए अन्यथा पोल खुल जाएगी। शिव जी प्रभु राम को मन ही मन प्रणाम करते है और गोद में लेकर जन्म से विवाह तक की बात मां कौशिल्या को बताते है और कहते है जब मुनि विश्वामित्र इनको लेने आए तब समझ लेना इनके विवाह का समय आ गया। विवाह तक की बात बताकर भोलेनाथ चले जाते है। कथा वाचक ने बताया कि मां कौशील्या प्रभु श्रीराम को सुलाकर पूजा घर जाती है तो वहां भी राम जी उनको दिखते है और जहां सो रहे थे वहां भी इस तरह प्रभु मां कौशील्या को अपने विराट रूप का दर्शन कराते है। इसके बाद चारो भाइयों का नाम करण होता है। प्रभु परमात्मा का सारी दुनिया नाम जपते है के इस नाम का सभी नर नारी साधु संत जपने लगे। वही कथा का रसपान कराते हुए महाराज ने भरत को प्रभु का अनंत भक्त बताते हुए कहा कि भरत ऋषियों, साधु संत, वैष्णव, मुनियों सबके आधार है। प्रभु श्रीराम अयोध्या में सरयू के किनारे बाल लीलाएं करते है। प्रभु श्री राम की बाल लीलाएं सुनकर सभी श्रोतागण आनंदित हो उठते है।

मताधिकार का शत प्रतिशत करें प्रयोग - बीडीओ

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को बड़ोखर विकासखंड के ग्राम पंचायत चहितारा में रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ रमाशंकर सिंह ने ग्रामीणों से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा यह एक महापर्व है। मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। लोग अपने मतों का प्रयोग अवश्य करें। रैली के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी आनंद सरोज, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत रफीक मसूरी, ग्राम प्रधान सचिव कोमल सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामवासी, प्रधानाध्यापक, अध्यापक, छात्राएं एवं छात्र मौजूद रहे।

जनता को पीएम की गारंटी पर है भरोसा

चित्रकूटः लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को शुरू होने के साथ ही बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा ने 14 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया। जिसे लेकर भाजपा द्वारा हर जगह अपने मंत्रियों और संगठन के कार्यकर्ता के जरिये भाजपा के संकल्प पत्र में क्या खास है और किस प्रकार वह इस लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगी इसे लेकर पत्रकार वार्ता की जा रही है। सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल के साथ चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता की।

सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि यह संकल्प पत्र भारत के सुनहरे भविष्य का रोडमैप है। 2014 और 2019 में भी भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया था। दोनों ही बार के संकल्प पत्र में जो लिखा था, उसे हमने पूरा किया है।

एमएलसी ने गिनाई उपलब्धियां

जितेंद्र सेंगर ने बताया कि 76 पेज का यह घोषणा पत्र भारत का इतिहास बनेगा। पिछले 10 सालों में जो संकल्प थे वो भाजपा सरकार ने पूरा किया है। हमारे संकल्प पत्र से 25 करोड़ लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। हमने सबको आयुष्मान योजना की सुविधा दी। इससे लोगों को 5 लाख का मुफ्त इलाज में बहुत बड़ी राहत मिली। अब सरकार ने सभी वर्ग के 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक को आयुष्मान योजना का लाभ देने का संकल्प लिया है। गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं, तीन करोड़ और पक्के घर बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में मत्स्य उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार किया जाएगा।

एमएलसी ने कहा हमने घर-घर बिजली, पानी, शौचालय, मुफ्त राशन, कोरोना काल मे मुफ्त वैक्सीन सहित राज्य में पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में अनेको बड़ी योजनाएं दी हैं।

महिलाओं को सशक्त करने का किया जा रहा काम

एमएलसी ने कहा कि आज भाजपा महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है। राज्य की महिलाएं आज स्वरोजगार के जरिये अपना व्यवसाय करके आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण जो कि वर्षो से अधर में था उसे पूरा करने का काम भी पीएम मोदी ने किया है।

एमएलसी ने साधा विपक्ष पर निशाना

एमएलसी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक राजनीति करती है। आज विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका इसलिए वह अनर्गल बातें करके जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं।

आज उनके कई नेता अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला प्रभारी अनिल यादव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायवाल, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ 6 गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 6 आरोपियों को 345 लीटर कच्ची व 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

राजापुर थाने के उप निरीक्षक इमरान खान तथा उनकी टीम द्वारा विजमा देवी निवासी राजापुर को 120 लीटर कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार उप निरीक्षक कृष्णदेव मिश्रा तथा आबकारी टीम द्वारा रामबाबू निषाद निवासी रगौली को 145 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पहाड़ी थाने के उप निरीक्षक मातादीन एवं आरक्षी आशीष व महिला आरक्षी रेखा द्वारा चुनकौना निवासी परसौंजा को 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय तथा आबकारी टीम द्वारा राजकुमार उर्फ पट्टू निवासी मवई कलां को 40 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ तथा रुपा निवासी बराछी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रैपुरा थाने के उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उनके टीम द्वारा संदीप सिंह निवासी रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष का मनाया गया जन्मोत्सव

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी का पार्टी कार्यालय भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो की अध्यक्षता में जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री मोहित मिश्रा विकास व प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर कानपुर बुंदेलखंड किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री राजीव त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रेमलाल वाल्मीकि, सभासद विनीत पयाशी, शुभम केशरवानी, जिला कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा लवकुश यादव, मंडल महामंत्री आशुतोष गुप्ता, कार्यालय प्रभारी उमादत्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ग्राम ओसा में करायी क्रॉप कटिंग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने ग्राम-ओसा के कृषक वीरेन्द्र कुमार तिवारी एवं देवेन्द्र कुमार तिवारी के खेत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल गेहूँ की क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री ऐप से करायी। उन्होंने कृषकी वीरेन्द्र कुमार तिवारी एवं देवेन्द्र कुमार तिवारी को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया एवं अपने सामने तौल भी करायी। उन्होंने उपस्थित किसानो को फसल बीमा योजना एवं क्रॉप कटिंग की महत्ता के बारे में जागरूक भी किया।

क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार 43.30 वर्गमीटर क्षेत्रफल की क्रॉप कटिंग कराई गयी, तौल कराने पर गेहूँ की उपज 16.425 किग्रा पाई गयी, जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर पैदावार 38 कुन्तल पाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, तहसीलदार भूपाल सिंह, नायब तहसीलदार मोबिन अहमद, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी भूलेख मनोज कुमार मिश्र, एल.आर.सी भूलेख वासुदेव त्रिपाठी, जिला प्रबन्धक फसल बीमा सन्तोष राय, राजस्व निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, राजस्व लेखपाल सौरभ कान्त उपाध्याय तथा गाँव के किसान भाई उपस्थित रहें।

हनुमान मंदिर परिसर में भव्य मंदिर का हुआ शिलान्यास

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी हनुमान मंदिर नया बाजार परिसर प्रांगण में श्याम बाबा के भव्य मंदिर का शिलान्यास हुआ। भूमि पूजन मंदिर के पुजारी सुरेश्वर नाथ शुक्ला ने पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। श्री रामलीला कमेटी नया बाजार भरवारी द्वारा संचालित हनुमान मंदिर परिसर में श्याम मित्र मंडल भरवारी द्वारा कलयुग के अवतारी, लखदातारी, शीश के दानी बाबा श्याम के भव्य मंदिर का शिलान्यास व भूमि पूजन मंदिर पुजारी सुरेश्वर नाथ शुक्ला व विकास शुक्ला ने विधिवतपूजा अर्चना किया। श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि, संरक्षक कैलाश केसरवानी, अध्यक्ष जितेन्द्र केसरवानी,उमेश कुमार उर्फ लाला वेद

प्रकाश राजेश अग्रहरी उर्फ मुन्ना घनश्याम केसरवानी ,रामचन्द्र मास्टर, गोपाल केसरवानी, कमलेश अविनाश चंद बच्चा प्रकाश सुभाष आदि के कमेटी के पदाधिकारी और श्याम मित्र मंडल के गौरव केसरवानी उर्फ मोनू अजय केसरवानी उपांशु सुरेश अग्रवाल अमन ऋषभ गुप्ता सागर दीपक वर्मा अभिषेक जायसवाल नितेश अग्रहरि व कमेटी के पदाधिकारी व मित्र मंडल के मंडल के लोग मौजूद रहे।

सुपरवाइजर की पिटाई कर सफाईकर्मी ने दी जान से मारने की धमकी

चायल, कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मंदरमोड़ स्थित पराग डेयरी में सोमवार सुबह साफसफाई को लेकर सफाईकर्मी ने सुपरवाइजर को पीट दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे अन्य कर्मियों ने बीचबचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।जनपद अंबेडकर नगर शेखपुरा अकबरपुर कोतवाली के सुईडीह गांव निवासी राहुल वर्मा पुत्र रामभवन वर्मा मंदर मोड़ पराग डेयरी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। राहुल वर्मा के अनुसार सोमवार सुबह करीब नौ बजे वह फैक्टरी में तैनात सफाईकर्मी से अच्छे से साफ सफाई करने के लिए कह रहे थे। आरोप है कि इसी बात को लेकर वह उन्हें गाली गलौज करने लगा। विरोध पर उसने शर्ट की कालर पकड़ कर पिटाई करने लगा। शोर सुनकर मौके पर जुटे अन्य कर्मचारियों के बीचबचाव करने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए फैक्टरी से चला गया। पीड़ित सुपरवाइजर ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है।

अझुहा, दारानगर, व सिराथू नगर पंचायत में जन आशीर्वाद यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जन आशीर्वाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज चौथे दिन जनपद की प्रमुख नगर पंचायत कड़ा धाम दारानगर के, दारानगर ,अझुहा व सिराथू में भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से अपील कर केंद्र में एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया गया भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मोदी सरकार देश में गांव गरीब ,मजदूर, किसान ,व्यापारी ,युवा सभी वर्गों के विकास की गारंटी देती है वह चाहे स्वास्थ्य सुविधा हो ,बिजली, पानी ,सड़क ,आवास ,सुशासन की प्रदान करती है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भी जनसंपर्क के माध्यम से प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से लोगों के समक्ष रखा तथा भाजपा के पक्ष में जन समर्थन की अपील की सभी नगर पंचायत में जन आशीर्वाद कार्यक्रम में भव्य स्वागत स्थानीय लोगों द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या, पूर्व विधायक शीतला पटेल ,अनीता त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष ,भोला यादव अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू, जनक पांडे, पवन केसरवानी, दीपा श्रीवास्तव ,दिनेश सोनकर ,आशीष केसरवानी उक्त आशय की जानकारी संसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

भीमराव अंबेडकर जयंती पर म्योहरा में निकाला गया जुलूस

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। दारानगर कड़ाधाम नगर पंचायत के म्योहरा में अंबेडकर समिति दारानगर के तत्वधान में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर धूमधाम से डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान लोगो ने उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया व उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। जुलूस दारानगर कस्बे के म्योहरा से होते हुए फरीदगंज पहुंचा। कार्यक्रम में शुभम गोयल , सचिन सोनकर, अरुण सोनकर , दीपू गौतम , विकास दिवाकर , विपुल सोनकर , गोलीदीन , राम आसरे दिवाकर , चेयरमैन रागिनी केसरवानी , अरुण केसरवानी , अनिल कुमार गोयल , पवन गौतम , वीरेंद्र कुमार उर्फविक्की साहू , पंकज केसरवानी , विकास , मिथिलेश केसरवानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वांछितों, शोषितों के मसीहा थे बाबा साहब- साजन मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

टेवां, कौशाम्बी। 14 अप्रैल संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नॉलेज भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती वंदे मातरम समाजसेवी समिति उत्तर प्रदेश कौशांबी कार्यालय में मनाई गई इस अवसर पर युवा नेता जिला पंचायत सदस्य समाज सेवी साजन मौर्य ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाते हुए नमन किये जयंती के अवसर पर समिति के सदस्यों एवं टेवां बाजार के व्यापारियों ने पुष्माला चढ़ाकर बाबा साहब को नमन किया साजन मौर्य ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना करके शोषितों, वंचितों को उनका हक अधिकार दिलाया संविधान के माध्यम से नागरिकों को मौलिक अधिकार प्राप्त हुए जो मानवाधिकार के रूप में संरक्षित हैं सबको समान अधिकार प्राप्त हुआ कार्यक्रम में वंदे मातरम समाजसेवी समिति के अध्यक्ष समाज सेवी हिमांचल मौर्य,डॉक्टर राधेश्याम चौधरी, अमित भास्कर, सनी वर्मा,खुददा बर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

बेदखली/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तुलसीराम का पुत्र वेद प्रकाश उर्फ अंकित प्रजापति जिसकी उम्र लगभग 19 साल है जो कि मेरा पौत्र नाती है जिसका चाल-चलन व्यवहार परिवार के प्रति ठीक नहीं है। प्रायः मनमानी करता रहता है जिसके कार्य व्यवहार से मै व मेरा परिवार के अन्य सदस्यगण काफी परेशान हो चुके है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है। सिजको मैने अपन समस्त चल-अचल सम्पत्ति व बाबा-नाती के सम्बन्ध में विच्छेद कर दिया है। उक्त का मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

लालाराम सुत सुखई
नि0 पटकन का पुरवा सकले
देवापुर
पो0 थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़

बेदखली/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र संजय आवारा व बदमाश किस्म का है। शुरू से ही मेरे कहने-सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ किया है और हम लोगो की इच्छा के विरूद्ध गैर विरादरी की लड़की आशा देवी को पत्नी के रूप में रख लिया जो आये दिन मार-पीट लड़ाई झगड़ा करती रहती है। संजय व उसकी पत्नी आशा देवी के कृत्यों से आजिज आ गये है। उक्त दोनो लोगो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूँ। संजय व आशा देवी के द्वारा किये गये कृत्यों वे लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगे।

सन्तलाल सुत
कामता प्रसाद प्रजापति
निवासी ऐमा ऐश्भौ ऊँचागांव थाना
मानिकपुर
जनपद प्रतापगढ़

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी की पॉलिसी संख्या 311546442 में मेरा नाम राज लक्ष्मी पांडेय हो गया है जो कि बचपन में था जो गलत है अब मेरा सही व वास्तविक नाम रिषिता पांडेय पुत्री कौशलेंद्र कुमार पांडेय ग्राम-कोहराव पोस्ट-कुकुवार जिला प्रतापगढ़ है मुझे इसी नाम व पता से जाना व समझा जाय ।

प्रार्थी
रिषिता पांडेय पुत्री कौशलेंद्र कुमार पांडेय
ग्राम-कोहराव पोस्ट-कुकुवार जिला
प्रतापगढ़ पिन कोड़-230135

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
नं0मु0 268/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन आरती वर्मा बनाम सुनील कुमार वर्मा
बनाम
सुनील कुमार वर्मा उम्र 38 वर्ष सुत मुन्नालाल वर्मा निवासी ग्राम धरमपुर पो0 गड़ौली पर0तह0 पट्टी थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़
अ0धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 18.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0 5 महोदय इलाहाबद
प्रकीर्ण वाद सं0 06/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सबीना बेगम पत्नी सरफराज अहमद पुत्री मकबूल अहमद हाल पता ग्राम बरदहा कैपी पो0 आफिस करछना जनपद प्रयागराज
बनाम
सरफराज अहमद पुत्री नजीर अहमद निवासी रीवा रोड जारी बाजार पो0 जारी प्रयागराज
तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में "संकल्प पत्र" मोदी की गारंटी 2024 का हुआ उदघोष

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। ''संकल्प पत्र'' मोदी की गारंटी 2024 का उदघोष प्रेसवार्ता के माध्यम से जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी की अध्यक्षता में सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जे.पी. एस. राठौर ने प्रेसवार्ता के माध्यम से संबोधित किया मा0 मंत्री जी ने बताया कि बीजेपी का यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों - महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया इसके लिए आम लोगों से भी सुझाव भी मांगे गए थे. मा मंत्री जी ने बताया कि जिसमे 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले थे. घोषणापत्र में बीजेपी ने कई ऐलान किए हैं, जिनमें कुछ बिंदु इस प्रकार हैं अगले 5 साल के लिए मुफ्त राशनरू 2020 से 80 करोड़ परिवारों को सरकार मुफ्त राशन दे रही है. पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना जीरो बिजली का बिल- हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए तीन करोड़ लखपति दीदीयां - हमने एक करोड़

ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है. अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं- हम औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं. 5- 70 साल से ऊपर के वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना- भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जायेगा. बुलेट ट्रेन का विस्तार- हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं. हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए ए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे, करोड़ घर बनाने का संकल्प- भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं. अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे. अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे, वन नेशन, वन इलेक्शन का कार्यान्वयन- हमने वन इलेक्शन संबंधित मुद्दो की परीक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है. अब, हम उनकी सिफारिशों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे, मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे- हम नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय में मेडकल कॉलेज के माध्यम से यूजीएवं पीजी मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे. समान नागरिक संहिता लागू करेंगे- भारत के संविधान के अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है. है. भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता है। इस अवसर मा0 सहकारिता मंत्री जे पी एस राठौर ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार था इसके पीछे की वजह है कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। कांफ्रेंस में मंच पर उपस्थित, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, पप्पू लोहिया, दल बहादुर सिंह, कांफ्रेंस में मौजूद, जिलाउपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह,जिला मंत्री विवेक शुक्ल,विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी,शिवेंद्र सिंह,रवि चैधरी, आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा के चुनावी संकल्प घोषणा पत्र का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा जारी किए गए विकसित भारत संकल्प घोषणा पत्र का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत कियाहै। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा , पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि डॉ अम्बेडकर जी की जयंती पर मोदी सरकार ने आगामी 5 वर्षों के विजन को संकल्प पत्र के जरिए भारत की जनता के सामने रखा है जो निश्चित रूप से विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करेगा। भाजपा नेताओं ने विकसित भारत की संकल्पित योजना का स्वागत करते हुए कहा कि यह संकल्प पत्र हर मायनों में भारतीय जनता के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यही घोषणा पत्र भारत को विकसित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा । इस संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लोगों के लिए बहुत कुछ है। सबसे बड़ी बात है कि आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढाया गया है। जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा मकान के साथ-साथ इलाज बहुत आवश्यक है । अब आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष के बुजुर्गो को शामिल किया गया है। अब वृद्ध लोगों को इलाज करना आसान हो जाएगा। साथ ही पी एम गरीब कल्याण अन्न योजना , आवास योजना , जन धन योजना, डी .बी. टी., आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन आदि इन सभी योजनाओं से हर जरूरतमंद की बुनियादी जरूरतें पूरी ही रही है। इन सभी योजनाओं का विस्तार अगले 5 वर्षों में तेजी से होने वाला है । मोदी सरकार का विजन है कि विकसित भारत मे स्वास्थ्य के साथ विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ युवाओं के रोजगार के लिए किसान का सम्मान, मत्स्य पालन परिवारों की समृद्धि, एमएसएमई छोटे व्यवसाय की मदद के साथ पी एम विश्कर्मा योजना व पर्यावरण के अनुकूल शहरी विकास ही 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को सार्थक बनाता है। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह , भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला,सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि करोड़ो युवाओं को कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है। यह सब मोदी सरकार की गारंटी के कारण ही हो पाया है। संकल्प घोषणा पत्र में महिलाओं के जीवन को और अधिक समृद्ध बनाने की भी घोषणा की गई है जो निश्चित रूप से भारत की आधी आबादी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा है। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प घोषणा पत्र का पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे,निवर्तमान विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, सरेनी प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी,जिला महामंत्री शरद सिंह, वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, विवेक शुक्ला, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला जेपी सिंह, डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे, अनूप पांडे, शिव प्रकाश पांडे, कैलाश बाजपेई,सुरेंद्र गुप्ता ,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, दिवाकर मिश्रा, महेंद्र पटेल ,गोविंद सविता, गोविंद शुक्ला, सुबोध बाजपेई,विकेश द्विवेदी, सचिन रस्तोगी आदि ने जोरदार स्वागत किया है।

डीएम मैडम !सरकारी तालाब पाटने वालों पर कब होगी कार्रवाही?

त्रिपुला से महराजगंज रोड पर तालाब को पाट कर निकाला प्लाट का रास्ता

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। अपनी पहली ताजपोशी के तत्काल बाद ही भूमाफियाओं पर नकेल कसने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स गठित करने के साथ ही शासन-प्रशासन को भूमाफियाओं पर कार्रवाही करने के लिए नित नये-नये दिशा-निर्देश जारी करते रहते हैं परन्तु रायबरेली में सक्रिय दबंग राजनैतिक रसूखधारी भूमाफियाओं पर इसका जरा भी प्रभाव पड़ता नजर नही आ रहा है। ऐसा ही एक मामला पिछले कई दिनों से महराजगंज रोड पर चर्चा का विषय बना हुआ है जिसमें दबंग किस्म के राजनैतिक प्रभाव वाली हस्तियों ने तालाब के पीछे एक भूमिधरी भूमि पर प्लाटिंग कर डाली,वहीं अपनी प्लाटिंग को ऊँचे दामों पर बेचने के लिए सरकारी तालाब को पाट कर उसके दोनों तरफ से चैड़ा रास्ता बनवा दिया है,वहीं मामला संज्ञान में होने के बावजूद राजस्व विभाग के जिम्मेदार नुमाईदे राजनैतिक रसूख तथा मोटे चढ़ावे के बोझ तले इतना दब चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट व सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने से पीछे हट रहे हैं। बताया जाता है कि एक स्थानीय जनप्रतिनिधि राजनैतिक रसूख व साम-दाम-दंड-भेद के सहारे अपनी प्लाटिंग का दाम बढ़ाने के उद्देश्य को पूरा करने के चक्कर में पूरा जोर लगाये हुए है।

...तो क्या चुनाव आयोग का इन भूमाफियाओं पर चलेगा चाबुक?

बताया जाता है कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही भूमाफियाओं से लेकर खनन माफियाओं तथा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के हौंसले बुलंद हो चुके हैं,चर्चा है कि आचार संहिता के बाद जिम्मेदारों की शह पर ही सरकारी तालाब को चारों तरफ से पाट कर लगभग 15 से 20 फुट चैड़ा रास्ता बनाया गया है ताकि उसके पीछे की गयी उनकी प्लाटिंग के दाम बढ़ कर मिल सके तथा सारे प्लाट हाथों-हाथ बिक सकें। लोगों का कहना है कि चुनाव आयोग के साथ ही राजस्व परिषद को ऑनलाईन तथा पत्र भेज कर शिकायत की जानी चाहिये ताकि भूमाफियाओं के ऊपर कार्रवाही सुनिश्चित हो सके तथा साम-दाम-दंड-भेद तथा राजनैतिक रसूख के सहारे पाटा गया सरकारी तालाब अवैध कब्जे से मुक्त हो कर अपने पूर्ण आकार को ग्रहण कर सके।

पूर्व सपा जिलाध्यक्ष स्व0 राम बहादुर यादव की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय राम बहादुर यादव की तीसरी पुण्यतिथि उनके इंद्रानगर स्थित आवास पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम सेवक वर्मा ने की इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आर पी यादव ने कहा कि लोहिया जेपी नेताजी की परंपरा के खाटी समाजवादी श्रद्धेय राम बहादुर यादव की आज पुण्यतिथि है। श्रद्धेय राम बहादुर यादव ने दशकों तक आम कार्यकर्ता से लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए ,जनपद रायबरेली में समाजवादी तरीके से लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अविस्मरणीय भूमिका निभाई। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह यादव ने कहा राम बहादुर यादव की वैचारिक मजबूती ,उनका अनुशासन ,उनका सादापन

,उनकी अपने नेतृत्व व संगठन के प्रति गहरी निष्ठा , उनका सबको साथ लेकर चलने का अद्भुत गुण ,उनका पूरी संवेदना पूरी जिम्मेदारी से सार्वजनिक व निजी जीवन के प्रति बनाया गया अद्वितीय संतुलन सब अनुकरणीय है। उनके जैसा होना असंभव तो नहीं ,पर इसके लिए गहरी साधना की आवश्यकता अवश्य है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रराज पटेल ने कहा कि परम श्रद्धेय पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर यादव हम सब आपके के बताए रास्ते पर चलने का निरन्तर प्रयत्न करते रहेंगे। आपके प्रति असीम श्रद्धा के साथ अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो इलियास सदस्य जिला पंचायत वीरेंद्र यादव रामें यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय राम बहादुर यादव के जेष्ट पुत्र राजेंद्र यादव ने श्रद्धांजलि सभा में आये हुए सभी लोगो का आभार व्यक्त किया इस मौके पर सेंट्रल वार के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव वरिष्ठ पत्रकार शिव मनोहर पांडेय लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष मो साहिल, राहुल निर्मल, अखिलेश माही, भूपेन्द्र यादव, आकाश यादव, डॉ यस यू खान, एड0 अतुल यादव, रंजीत यादव, अमित यादव, शिव मोहन, बबलू, गोलू, राजीव, अरुण यादव, अभिनव, ऋषभ सेन एडवोकेट, अनूप, अमरेश मॉर्य आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर पति दीपेंद्र के बैठने पर सभासदों ने जताई आपत्ति

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, रायबरेली। नगर पंचायत लालगंज के अध्यक्ष कक्ष में उनके पति के बैठने पर सभासदों ने ऐतराज किया है। सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से अध्यक्ष के ना रहने पर कक्ष बन्द रखने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है।नगर के तेज तर्रार युवा सभासद दीपक मिश्रा ,अतुल शर्मा व जिला योजना समिति सदस्य सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत करते हुए कहा कि नगर पंचायत लालगंज का अध्यक्ष कक्ष अध्यक्ष की अनुपस्थिति में खुला रहता है, जहां पर उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता व कई अन्य साथी जमावड़ा लगाये रहते हैं। अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष के ना रहने पर दीपेन्द्र गुप्ता जनता की फरियाद सुनते हैं और निराकरण के लिये विधिवत कर्मचारियों को आदेश करते रहते हैं। सभासदों ने कहा कि दीपेन्द्र गुप्ता बोर्ड में पारित प्रस्तावों की अवहेलना करते हुये मनमाने ढंग से काम करवाते हैं और उनका मनमाना भुगतान करवाते हैं जिससे उनके द्वारा कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभासदों ने पत्र में लिखा कि दीपेन्द्र गुप्ता नगर पंचायत के अभिलेखों को मंगाकर उनसे छेड़छाड़ करते हैं, आवश्यक फाइलों और दस्तावेजों को अपने कब्जे में किये हुये हैं। सभासदों यह भी कहना है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनका बातचीत का ढंग व व्यवहार अशोभनीय है। जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा कि एक ओर जहां सरकार द्वारा नारी वन्दन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत लालगंज में महिलाओं को कमजोर समझने वाले उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता मात्र हस्ताक्षर तक सीमित रखकर स्वयं चेयरमैनी चला रहे हैं। सभासद अतुल शर्मा ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम में अध्यक्ष का प्रतिनिधि सम्बन्धी कोई प्राविधान नहीं है, और ना ही आज तक ऐसा कोई शासनादेश जारी हुआ है, जिसमें अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में उनका कोई अन्य कार्य कर सके। तीनों सभासदों ने अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला से अनुरोध किया है कि उ0प्र0 सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध शून्य सहनशीलता के आधार पर अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष कक्ष को बन्द रखने का आदेश पारित करने व दीपेन्द्र गुप्ता व उनके साथियों को नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करने पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की है।

लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है। वही अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला का कहना है कि वह शिवगढ़ में है। मामले की जानकारी कर नियमानुसार कार्य कराने का प्रयास करेंगे।

एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान 'और मतदान की ली शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। दयानन्द पीजी कालेज के एनसीसी कैडटों ने 66 बटालियन के दिशा निर्देशन पर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत एनसीसी कैडटों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई और महाविद्यालय में स्थित मुन्शी चन्द्रिका प्रसाद गुरुजी एवं डा विरेन्द्र स्वरुप की प्रतिमा की सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ सुभाषचंद्र श्रीवास्तव ने सभी कैडेटों को मतदान की शपथ भी दिलायी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता स्वस्थ्य जीवन की संजीवनी है। शरीरिक मानसिक एवं वौद्धिक विकास के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। वहीं स्वस्थ समृद्ध लोकतंत्र के लिए मतदान करना सभी मतदाता का परम् पुनीत कर्तव्य

है। एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता अभियान स्वच्छता के लिए समाज के जागृति लाता है। मतदान करने से राष्ट्र में उचित उम्मीद वार का चुनाव होता है। इस अवसर पर डॉ शिवाकान्त शुक्ला, डॉ राकेश, सुखवीर, आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संयोजन राहुल चैरसिया ने किया और शिवम् सिंह, विशाल अजय उत्तम सैनी, सुहानी, गुंजन प्रियंका आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया।

खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम 0535-2975003 स्थापित

रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद कार्य के लिये गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय, रायबरेली में खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है जिसमें गेहूँ क्रय कार्य की समीक्षा के साथ-साथ क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जायेगी। खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) खुला रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा। खरीद प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के लिये दूरभाष संख्या 0535-2975003 निर्धारित रहेगा।जिला खाद्य विपणन अधिकारीध्अपर जिला खरीद अधिकारी रायबरेली ने जानकारी देते हुए कहा कि खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, विपणन सहायक, कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली रहेंगे। खरीद नियन्त्रण प्रभारी के सहयोग हेतु पवन कुमार, विपणन सहायक, कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली को एततद्वारा नामित किया जाता है, जो अपने पूर्व में आवंटित कार्यों के साथ-साथ इस कार्य को भी पूर्ण करेंगे। कंट्रोल रूम में एक शिकायत पंजिका बनायी जायेगी जिसमें दैनिक प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित क्रय एजेंसी से समन्वय स्थापित करते हुए उसका निस्तारण ससमय करेंगे। प्रतिदिन गत वर्षों के पीक सीजन के कृषक सम्पर्क डेटाबेस को निकालकर प्रत्येक गांव के 05 कृषकों से मोबाइल पर गेहूं विक्रय हेतु सम्पर्क करेंगे। प्रारूप-01 से 08 तक की सूचना संभागीय मुख्यालय, लखनऊ संभाग के कंट्रोल रूम प्रभारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन समय से प्रेषित करेंगे। शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में समय-समय पर शिकायत पंजिका व कृषक संपर्क पंजिका जिला खाद्य विपणन अधिकारी के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत भी करेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं है।

कंपोजिट विद्यालय जमुरावां की प्रधानाचार्य अपनी कार्यशैली से एक बार फिर चर्चा में

महराजगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के कंपोजिट विद्यालय जमुरावां में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार ऐसा कारनामा कर दिया, जिसकी चर्चा हर जगह हो रही है। आरोप है कि, महराजगंज क्षेत्र के जमुरावां में सरकारी स्कूल प्रबंधन ने छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर जो उत्तीर्ण तिथि अंकित की है, वह तारीख भविष्य में आएगी। यह तारीख है 30/03/2029 है। तो सवाल उठता है कि, जो वर्ष अभी आया ही नहीं, तो 30 मार्च 2029 को बच्चा आनंद कुमार पुत्र ओम प्रकाश कैसे उत्तीर्ण हो सकता है।आपको बता दें कि, अब जब यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो इसी विद्यालय के ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से ट्रांसफर सर्टिफिकेट बिना मोहर दस्तखत के जारी कर दिया गया, के अलावा 20 अप्रैल को (20 अप्रैला) लिख दिया गया। इन त्रुटियों को जानकर क्षेत्र के लोग शिक्षा विभाग (जमुरावां कंपोजिट विद्यालय के जिम्मेदारों) की जमकर आलोचना कर रहे है। मामला रायबरेली जिले के महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय जमुरावां का है। आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जमुरावां निवासी ओमप्रकाश के पुत्र आनंद कुमार का ट्रांसफर सर्टिफिकेट विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा बनाया गया। इसमें उसकी उत्तीर्ण तिथि 30 मार्च

2029 लिखी गई, और तो और जाति में मौर्य की जगह मुराई शब्द लिखा गया है। हालांकि, विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा टी.सी. बनाने के लिए एक ऐसी तारीख चुनी जो कैलेंडर में 5 साल बाद आएगी। इधर छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर गलत तारीख अंकित होने के बाद छात्र आनंद कुमार का 9वीं कक्षा में एडमिशन नहीं हो रहा है।इसी प्रकार कक्षा 8 के उत्तीर्ण छात्र आकाश तिवारी के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर भी 20 अप्रैल की जगह 20 अप्रैल सन् लिख गया है, के अलावा कक्षा 8 की ही उत्तीर्ण छात्रा कुमारी नेहा जायसवाल का भी ट्रांसफर सर्टिफिकेट बिना मोहर दस्तखत के ही जारी कर दिया गया है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि, मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से हुई है। छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट की दो प्रतियां बनती हैं, जिसकी एक प्रति छात्र अथवा अभिभावक को दे दी जाती है वहीं दूसरी प्रति विद्यालय में ही रहती है। छात्रों व अभिभावकों द्वारा शिकायत मिलने पर विद्यालय प्रधान शिक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। उनके द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद मामले में कार्यवाही की जा सकेगी।

मां मनकमेश्वरी मंदिर में पूरी होती है मन से मांगी हुई मुरादे

सलोन,रायबरेली। वैसे तो हर एक धार्मिक स्थलों का अपना अपना महत्व होता है।लेकिन रायबरेली जनपद के सलोन कस्बे में स्थित मां मनकमेश्वरी माता मंदिर में दर्शन करने की अपनी महिमा है।कहा जाता है अति प्राचीन देवी के दरबार से कभी कोई खाली हाथ नही लौटता।मां मनकमेश्वरी माता भक्तों द्वारा मन से मांगी गई सभी मुरादों को पूरी करती है।इसी लिए इनका नाम मां मनकमेश्वरी पड़ा है।इतिहास कारो के मुताबिक नगर के गंगाराम साहू के दरवाजे पर अनुमति बारवी सदी की देवी प्रतिमा भक्तों के हर दुख दर्द हरती है।वर्षो पूर्व महामाई देवी के चबूतरे से माता को जाना जाता था।वर्ष 2018 में मंदिर का जीर्णोद्धार स्थानीय लोगो के सहयोग से हुआ।धूमधाम से माता की प्रतिमा की स्थापना हुई जिसके उपरांत माँ का नाम मनकमेश्वरी माता रखा गया।नवरात्रि के पूर्व पर यहां देवी भक्तों की अपार भीड़ एकत्रित होती है।मन्दिर में विद्युत सजावट से अलग छटा बिखेरती है। खास बात यह है कि यहां प्रतिदिन माता का अलग अलग श्रंगार होता है।और वर्ष के प्रेत्यक दिन आरती के बाद प्रसाद वितरित होती है।मन्दिर की देखरेख प्रदीप गुप्ता,आशीष मोदनवाल,सर्वेश मौर्या, अतुल अग्रहरि,गंगाराम साहू,अमरदीप गुप्ता,जमुना,आकाश गुप्ता,शुभम साहू,दिनेश साहू,अभिषेक गुप्ता,अखिलेश गुप्ता,अंकित गुप्ता,अंकेश गुप्ता,राकेश शर्मा,राजन जोशी,फूलचंद गुप्ता द्वारा किया जाता है।पण्डित गया प्रसाद शास्त्री का कहना है कि कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित मंदिर में स्थापित प्रतिमा सदियों पुरानी है।पुरातत्व विभाग ने भी इसकी पुष्टि की है।व्यवसाई गुड्डू साहू ने बताया की इनकी महिमा अपरंपार है।लोग अपने घरों में शुभ कार्यो को करने से पहले माता के दर्शन करके अनुमति लेते है।मिष्ठान व्यवसाई संतोष मोदनवाल का कहना है कि माता के मन्दिर में दिव्य शक्ति है।मन्दिर में प्रवेश करते ही सभी नकारात्मक वस्तुएं दूर भाग जाती यहां नवरात्रि पर विशेष पूजन अर्चन होता है। मनदीप गुप्ता ने बताया कि मंदिर की देखभाल के लिए एक दर्जन युवाओं की टीम दिन रात देखरेख करती है।

जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व फन्टल संगठन प्रभारी विजयषंकर अग्निहोत्री की उपस्थिती में आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज ने कहा कि जबसे भाजपा की केन्द्र में सरकार आयी है, तबसे अल्पसंख्यकों में भय का माहौल है, कभी बुलडोजर के नाम पर तो कभी झूठे मुकदमों का खौंफ दिखाकर

मुस्लिम समाज को परेषान किया जा रहा है। भाजपा की सत्ता ही हिन्दू-मुसलमान, मंदिर और मस्जिद के नाम पर चल रही है। अब समय आ गया है कि भाजपा सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ अल्पसंख्यक समाज खासकर मुसलमान एक जुट होकर कांग्रेस पार्टी को वोट करें और देष की सत्ता से भाजपा को बाहर करें। बैठक में प्रमुख रुप से आरिफ खान, शोएब अख्तर अंसारी, रवीन्द्र कुमार जैन, इन्द्रजीत सिंह सलूजा, शकील हाषमी, राधेष्याम क्रिस्चन, बचोले प्रसाद बौद्ध, जैनुल आबदीन, फरीद अहमद, शमषाद खान, मोहम्मद मुबीन, अकील घोसी, असलम दुर्रानी, सुबराती राइनी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

एकल ग्रामोत्थान द्वारा मनाया गया आंबेडकर जयंती एवं दीक्षांत समारोह

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन आईवीडी करमा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

करमा (प्रयागराज)- रविवार को एकल ग्रामोत्थान आई.वी.डी. केंद्र करमा में डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती व केंद्र स्थापना दिवस सह दीक्षांत समारोह आयोजन किया गया7 जिसमे मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र शुक्ल सेवा निवृत कृषि अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और उपस्थित छात्रों को अपना मार्गदर्शन देते हुए बोले भारतीय संविधान के निर्माता व शिल्पकार और देश के दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के मसीहा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। बाबासाहेब के नाम से मशहूर अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन भारतीय समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक

असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, मौलिक दायित्व की भी बात की। विशिष्ट अतिथि सुभाष केसरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। हमारे यमुनापार प्रभारी श्रीमती सुषमा गौड़ एवं प्रभाग महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती पदमा टन्डन ने विचार व्यक्त किया। साथ साथ बच्चो द्वारा तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति करवाया गया जिसमे खुश हो कर हमारे संच समिति अध्यक्ष भानु मिश्र कहा कि यहाँ के सभी युवा जो प्रशिक्षित हो रहे है निश्चित रूप से वह जीवन को संघर्षमय कर इस देश कि समाज कि एक नया उत्थान करेंगे7 इसी साथ भानु मिश्र ने कार्यक्रम का समापन शुभकामना मंत्र के साथ किये7 जिसमे उपस्थित श्रीमती सुषमा गौड़ यमुनापार प्रभारी, श्रीमती पदमा टण्डन प्रभाग महिला समिति अध्यक्षता पीयूष पाण्डेय भाग सचिव डॉ0 राजेन्द्र शुक्ल सेवा निवृत्त कृषि अधिकारी एवं गीतकार सह कवि , रवि शंकर साहू आइवीडी सदस्य सबरेज भाई कवि , अशोक कुमार स्टेट कॉर्डिनेटर सागर शर्मा जी अंचल अभियान प्रमुख - यमुनापार शुभम कुशवाहा आईवीडी प्रोजेक्ट मैनेजर, सुजीत कुमार नामदेव आईवीडी कॉर्डिनेट' रंजीत मीडियाटीम - रांची राहुल कुमार ओ सी टी ट्रेनर ज्ञान सिंह संच प्रमुख- जसरा मुलायम सिंह यादव संच प्रमुख - कौंधियारा जितेन्द्र संच प्रमुख- करछना, शिवम कुमार सी टी एल ट्रेनर व छात्रगण उपस्थित रहे।

मां के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

बारा(प्रयागराज)। क्षेत्रीय मंदिरों में चैत्र नवरात्र के चलते बढी भक्तों की भीड़ मंदिरों में गूंजे मां की जयकारों के नारे जहां प्राचीन मांकाली मंदिर काली चौराहा, कल्याणिका का आश्रम, मूड फूटे महादेव, सर्वेश्वर हनुमान मंदिर, मां काली मंदिर पतंगिरा धाम, दूधनाथ महाराज मंदिर में नियमित कीर्तन भजन के साथ मां की जय कारें की लग रहे हैं नारे वही महिला टीमों द्वारा कीर्तन भजन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है कार्यक्रम भजन कीर्तन देर रात तक चलते रहने के कारण मंदिरों में काफी चहल पहल देखा जा सकता है।

एसडीएम कोरांव के नेतृत्व में निकली पिंक रैली

जागरुकता रैली ने नगर की गलियों में फूंका महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने का बिगुल

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ चढ़कर सुनिश्चित किए जाने हेतु सोमवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी कोरांव की मौजूदगी व स्वीप प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता हेतु पिंक रैली निकाली गई जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। रैली का आगाज कस्बा कोरांव स्थित गोपाल विद्यालय इण्टर कालेज से हुआ जो नगर पंचायत की गलियों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए पुनः कालेज परिसर में समाप्त हुई।

इस दौरान कालेज की बच्चियों के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग की तमाम अध्यापिकाओं ने पिंक रैली की कतार को लम्बी कर दिया। तमाम प्रकार के जागरुकता नारों से महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में

उपजिलाधिकारी कोरांव अविनाश यादव , खण्ड विकास अधिकारी धीरेन्द्र यादव , तहसीलदार राजेश पाल , नायब तहसीलदार रणविजय सिंह , अधिशाषी अधिकारी बन्टी कुमारी , खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान के अलावा अर्चना गौरी मिश्रा ललिता त्रिपाठी साधना मनोरमा अर्चना गुप्ता , अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ कोरांव महेन्द्र सिंह , भोलानाथ पाण्डेय गणेश शंकर तिवारी शिवाकांत तिवारी प्रभात जायसवाल सहित कई अन्य शिक्षिकाओं बच्चियों ने प्रतिभाग किया। इतना ही नहीं इसी रैली में उपजिलाधिकारी के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया जहां पर कोरांव पुलिस के जवान आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ड्यूटी पर तैनात रहे।

प्राचीन परम्पराओं को बनाये रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी-गजेन्द्र

अवन्तिका में सतुआ संकान्ति महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में पारंपरिक सतुआ संकान्ति महोत्सव का आयोजन अवंतिका कालोनी नैनी के डी ब्लॉक स्थित शीतला माई पार्क में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कन्या पूजन, लघु काव्य गोष्ठी एवं सतुआ प्रसाद ग्रहण कर धन्यता प्रकट किया। महोत्सव में सभी सहभागी जनों का हार्दिक स्वागत करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि वर्तमान में हमारे लोक मांगलिक तिथि-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति व सनातन परम्पराओं का ह्रास होता जा रहा है, वहीं हम अपनी माटी- परिपाटी, खान-पान, सभ्यता, संस्कार ,सराकारो व सम्बन्धो से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में अपनी प्राचीन परम्पराओं को बनायें रखना हम सब की सामाजिक जिम्मेवारी है। यह आयोजन भी अपनी भूल सुधार का एक लघु प्रयास है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ÷मधुकर ÷ ने अपनी कविताओं के माध्यम से काव्यगोष्ठी का आगाज किया। वही समिति के उपाध्यक्ष कवि पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने अनेक रचनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त अवसर पर शिव शंकर पांडेय, बीबी दुबे, विनोद शंकर तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजिका मीना जायसवाल, बिन्दु राठौड़, चन्द्रावती तिवारी, आरती पाण्डेय, आशा सिंह, राजकुमारी सिंह, गंगा ठाकुर, रविन्द्र गुप्ता, सुनील साहनी, अशोक जायसवाल, आशुतोष मिश्र, विपिन सिंह, के एल जायसवाल, विजय राठौड़ आदि समाजसेवी शामिल रहे।

कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा- नीरज त्रिपाठी

कोरांव (प्रयागराज)। भाजपा कार्यकर्ताओं के बलबूते चुनाव लडने वाली पार्टी है संगठन के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नही होगा उनके हित के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उक्त बातें भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने नगर पंचायत कोरांव के लक्ष्मी गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

इस दौरान नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए भाजपा ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरना मेरी जिम्मेदारी है और यह बिना भाजपा के कार्यकर्ताओं के संभव नहीं है प्रत्याशी घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने जो सम्मान स्नेह दिया है उसका आभारी हूं विकसित भारत की कड़ी मे विकसित प्रयागराज बनाने की जिम्मेदारी मेरी है। उन्होंने कहा की मैं मेरे पिताजी पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी का शिष्य हूं उनके दिए गए संस्कार मेरे रक्त में मौजूद है, उन्होंने हमेशा राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना ।

कार्यकर्ता सम्मेलन को स्थानीय विधायक राजमणि कोल ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, चेयरमैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी, शिवदत्त पटेल, जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी, प्रभा शंकर पांडेय, राजेश्वरी तिवारी, अजीत प्रताप सिंह ने संबोधित कर कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और चुनाव प्रचार में जुट जाने का आवाह्न किया । कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक राकेश पांडेय ने किया।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद नीरज त्रिपाठी के कोरांव प्रथम आगमन पर चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कोरांव की सीमा पर नीरज त्रिपाठी का गर्मजोशी से अगवानी किया ।इस दौरान सुमित पांडेय, प्रकाश द्विवेदी, भालेंदू मिश्र, कार्तिकेय पांडेय, घनश्याम स्वर्णकार, राजकुमार केशरी समेत विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

काली धाम मंदिर में पूजी गई मां कालरात्रि



लेड़ियारी(प्रयागराज)। चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को मंदिरों मां कालरात्रि स्वरूप का पूजन किया गया । विभिन्न मंदिरों तथा घरों में भक्तों ने काली माता की विधि पूर्वक पूजा कर उन्हें प्रसाद अर्पित किया।

लेड़ियारी स्थित काली धाम देवी मंदिर में आचार्य राम बाबू शास्त्री ने पूजा कर नैवेद्ध अर्पित किया । मंदिर पर पहुंचने वाले भक्तों की भीड़ दिनभर रही । मंदिर पहुंचें लोगों ने जयकारा लगाते हुए माता का दर्शन कर मेवा-मिष्ठान, नारियल, चुदरी आदि चढ़ाया, महिलाओं ने देवी गीत,सोहर, भजन, संध्या प्रस्तुत कर सुख- समृद्धि की कामना की । भागवताचार्य आचार्य दीपक द्विवेदी ने कहा कि माँ कालरात्रि नकारात्मक ऊर्जा का विनाश करती है । जो भी भक्त मां की सच्चे मन से पूजा करता है । वह नकारात्मक ऊर्जा से कभी परेशान नहीं होता है । लेड़ियारी स्टेट राजमार्ग से सौ मीटर दूर स्थित काली देवी मंदिर पर पूरे दिन माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु आते रहे । लेड़ियारी मां काली धाम मंदिर में दूर - दरार से दर्शन करने भक्तों का ताता लगा रहा । लोग फल, नारियल, प्रसाद चढ़ाया और आर्शीवाद लिए । इस दौरान समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह राहुल केशरी, अमन केशरी, राज केशरी, धीरज कुमार, शिव मोहन द्विवेदी, अनील केशरी, प्रशांत तिवारी, शिवम केशरी आदि लोग रहे ।

खबर का असर:महुआकोठी में अधूरी नाली को ठेकेदार ने प्रधान प्रतिनिधि के मौजूदगी में पूर्ण कराया

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। सैदाबाद ब्लॉक के महुआ कोठी बाजार में क्षेत्र पंचायत द्वारा बनाई गई अधूरी नाली को खबर छपने पर ठेकेदार ने प्रधान प्रतिनिधि की मौजूदगी में पूर्ण कराया है।

अधूरी नाली से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आवागमन के साथ जल निकासी की समस्या बन गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने नाली निर्माण को अंधूरा छोड़ दिया था। जिससे जहां आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था वही जल निकासी की समस्या खड़ी हो गई थी।

जिसकी शनिवार को हिन्दी दैनिक अखबार लोक मित्र में खबर छपी तो ठेकेदार ने गाँव में पहुँच कर प्रधान प्रतिनिधि रिजवान कुरैशी के सामने नाली के अधूरें कार्य को पूर्ण कराया। अधूरी नाली पूर्ण हो जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

लेड़ियारी मे बांस बल्लियों के सहारे खींचा गया है केबिल

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। स्टेट राजमार्ग पर ग्राम कैथवल मे कई मीटर दूर तक बांस बल्लियों के सहारे लोग बिजली के केबल ले गये है ।जिससे किसी भी समय हादसे की आशंका बनी रहती है ।

विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ग्राम सभा कैथवल मजरा कटनहवा तथा आसपास गांवों मे कई विद्युत कनेक्शन धारक अपने घरों की विद्युत सप्लाई हेतु बिजली का पोल न होने के कारण बांस और बल्लियों के सहारे केबल खींच कर ले गये है । जबकि जमीन से एक फीट तक तार के लटकने के कारण बेसहारा गोवंश इसमे फस जातें है । इतना ही नही इस तार के नीचे से लोग टायलेट करने के लिए खेत मे जाते है । जिससे किसी भी दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । आये दिन तेज हवा चलने पर केबल टूटकर गिर जाते है । जिससे पुनः जोड़ने के लिए अतिरिक्त सुविधा शुल्क देने के बाद ही चालू करते है । केबल टूट जाने पर उपभोक्ताओं को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ता है ।उपभोक्ता बबलू केशरी, शान्ती प्रसाद सिंह पटेल, आशीष कुशवाहा , कीर्ति गुप्ता, ओमप्रकाश, बृजनेश कुमार, शिवमोहन द्विवेदी ने विद्युत पोल लगवाने की मांग की है । इस संबंध मे जिला पंचायत प्रतिनिधि ओंकार नाथ केशरवानी ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात हुई है । जल्द ही पोल लगाए जाएंगे । लोगों को समुचित बिजली मिलेगी ।

सेवा ही मानवता का मूल मंत्र: डा केपी श्रीवास्तव

शुआट्स में बीफार्मा के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) प्रयागराज के फैकेल्टी आफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंस में बी फार्मा पाठ्यक्रम के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के एम0एल0सी0 डॉक्टर के पी श्रीवास्तव थे।

उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभरम्भ किया। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा की सेवा ही मानवता का मूल मंत्र है। डा श्रीवास्तव ने कहा कि ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से कार्य करने से सफलता के साथ-साथ शोहरत भी प्राप्त होती है। उन्होंने फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग स्टाफ की महत्ता बताते हुए कहा कि सबसे ज्यादा जरूरतमंदों के लिये इनका योगदान सराहनीय है।विशिष्ट

अतिथि निदेशक प्रशासन संजय फिलिप दास ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विदाई समारोह में एसोसिएट डीन डा. अमिता वर्मा, उप कुलसचिव प्रशासन एरोन एलेक्जेंडर, पीआरओ द्वितीय ब्रजेश पांडेय, डिप्टी पीआरओ कौशल सक्सेना, डा पंकज यादव सहित हेल्थ एंड मेडिकल साइंस के फैकेल्टी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी । सरायतकी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षा प्रमुख कमलेश प्रसाद यादव अनुशासन प्रमुख विजय बहादुर विश्वकर्मा परिवहन प्रमुख प्रवीण कुमार मिश्रा और सांस्कृतिक प्रमुख जयद्रथ श्रीमुख ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन वंदन किया। विद्यालय के सांस्कृतिक प्रमुख ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सही अर्थों में कालजयी युग दृष्टा थे आज के दौर में सामाजिक, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में जो गंभीर समस्याएं और विडंबनाएं हमारे सामने हैं उनके कारगर समाधान बाबासाहेब के चिंतन में मौजूद है विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षा प्रमुख कमलेश प्रसाद यादव ने संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर एक विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया।

इस अवसर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी सह प्रबंधक डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव ,अरविंद त्रिपाठी शशांक त्रिपाठी अमित कुमार जैन प्रिय राज दुबे आकाश गुप्ता आयुष श्रीवास्तव ममता मिश्रा मीना धुरिया अनामिका तिवारी आकांक्षा दुबे आदि उपस्थित रहे।

मां ऐंद्री देवी के कालरात्रि स्वरूप का दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

हनुमानगंज। क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में नवरात्रि के सप्तमी तिथि पर सोमवार को मां ऐंद्री देवी का कालरात्रि स्वरूप में दर्शन पूजन किया गया। साप्ताहिक मेला होने के कारण सुबह से ही दर्शन, पूजन के लिए देवी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उधर मंदिर परिसर में आयोजित सहस्र चंडी महायज्ञ में यज्ञ के मुख्य यजमान सुभाष चंद्र त्रिपाठी व मालती त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने हवन कुंड में आहुति दी। कथावाचक डॉ. दिनेश शास्त्री द्वारा उपस्थित भक्तों को देवी भागवत पुराण एवं श्री राम चरित मानस के माध्यम से संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। शाम को देवी मां का दिव्य श्रृंगार कर सामूहिक आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष शामिल रहे। अंत में देवी भक्तों के सहयोग से प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक दया शंकर पांडेय, यज्ञाचार्य पंडित गौरी शंकर शुक्ल, विजय कृष्ण त्रिपाठी, तरुण राज सिंह, उमेश त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

अम्बेडकर जयंती पर मोतिहां गाँव में मेला बिरहा और नौटंकी कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव के मोतिहां गाँव में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर दिन में मेला और बिरहा का जहाँ कार्यक्रम हुआ वहीं रात्रि में नौटंकी का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। गाँव के युवकों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई।ग्रामीणों के सहयोग से अम्बेडकर जयंती के अवसर पर गाँव के युवाओं ने सुबह प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी कई गांवों में घुमाया गया। इस अवसर पर गाँव वालों ने गांजे बांजे के साथ डीजे की घुन पर नाचते गाते नजर आये। उसके बाद बिरहा कार्यक्रम का लोगों ने आनंद उठाया। फिर शाम को मेले का आयोजन किया गया। रात को ग्रामीणों के सहयोग से नौटंकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से अम्बेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गाँव के पूर्व प्रधान बब्बू यादव का सहयोग सराहनीय रहा। पूर्व प्रधान त्रिलोकी नाथ, हरीलाल, किशोरी लाल, दूधनाथ, रामकिशोर, बुधिराम,कमला देवी, सकुनी देवी, वंशवाद, संतलाल,, श्रीनाथ, प्रताप बहादुर, विजय बहादुर, राम अभिलाष, प्रभु नाथ, भोला, शोभनाथ,हरिश्चन्द्र आदि ग्रामीणों के सहयोग से अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया।

तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

लेड़ियारी(प्रयागराज)- लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में सघन जांच पड़ताल की जा रही है । उसी दौरान ग्राम बहरैचा निवासी अमित सिंह उम्र 19 वर्ष पुत्र बृजेश सिंह वाहनों की चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि तेज रफ्तार से भागने का प्रयास किया गया । लेकिन पुलिस ने घेरा बंदी कर पकड़ लिया गया । तलाशी लेने पर इसके पास 12 बोर एक अबैध तमंचा व एक जिंदा 12 बोर का कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तार कर थाने में ले जाकर विभिन्न धाराओं में आयुध अधिनियम मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया । इस दौरान उपनिरीक्षक अजय सिंह, हेड कानेस्टबिल अर्जुन सिंह , यतेन्द्र कुमार रहे ।

पहले मतदान, फिर जलपान

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । सोमवार को ग्राम पंचायत तुलापुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। बच्चों ने स्लोगन बोल रहे थे कि पहले मतदान फिर जलपान सहित तरह तरह का स्लोगन का नारा लगाते रैली में मुख्य रूप से ग्राम विकास अधिकारी राम बहादुर, प्रधान प्रतिनिधि मुनीषा नंद मिश्रा, उच्च प्राथमिक विद्यालय हैदरा के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मौर्य,

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम शिव मिश्र, अध्यापिका अर्चना मिश्रा, अलकमा, शिक्षामित्र अर्चना द्विवेदी, बबीता यादव, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, पंचायत सहायक प्रिया , सफाई कर्मी अनिल कुमार, राम मूर्ति ग्रामवासी गण रामबरन यादव, अभिषेक मिश्रा, राम कैलाश यादव , उदयभान चौहान ज्ञानेंद्र मिश्रा, महेंद्र कुमार मिश्रा व विद्यालय के बच्चे आदि मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल रहे।

21 पूर्व न्यायाधीशों ने सीजेआई को लिखा पत्र, न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशों पर जताई चिंता

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। पत्र में न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई गई है। चिट्ठी लिखने वालों में हाईकोर्ट के 17 पूर्व जज और सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं। इसमें कुछ गुटों की ओर से सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के बढ़ते प्रयासों का जिक्र किया गया है।

न्यायिक प्रणाली पर जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास

पत्र में कहा गया कि ऐसा करने वाले संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायपालिका को कमजोर और न्यायिक प्रणाली पर जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिसके कारण उन्होंने सीजेआई को पत्र लिखा है। हालांकि, यह पत्र ऐसे वक्त लिखा गया है, जब भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग जारी है।

न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का आरोप

सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत पूर्व जजों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ गलत तरीके अपनाने का भी आरोप लगाया है।

कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता सुरक्षित रखने की अपील

उन्होंने 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने की आवश्यकता' शीर्षक वाले इस पत्र में लिखा, 'इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी पेश करती हैं, जिन्हें कानून के संरक्षक के रूप में न्यायाधीशों ने बनाए रखने की शपथ ली है।' उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता सुरक्षित रहे।

तमिलनाडु में राहुल के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई, चुनावी कार्यक्रम के लिए वायनाड जा रहे थे कांग्रेस नेता

नई दिल्ली। तमिलनाडु के नीलगिरी में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद उड़न दस्ते के अधिकारियों ने तलाशी ली। राहुल अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां वे सार्वजनिक रैली सहित कई चुनावी अभियानों में हिस्सा लेने वाले हैं।

तमिलनाडु के सीमावर्ती क्षेत्र नीलगिरी जिले में राहुल गांधी ने कला एवं विज्ञान कॉलेज के छात्रों से मुलाकात की। इसके बाद वे सड़क मार्ग से केरल के सुल्तान बाथेरी पहुंचे। यहां राहुल ने खुली छत वाली कार में बैठकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सैकड़ों लोग उनके रोड शो में शामिल हुए। बता दें कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में उनका सामना सीपीआई नेता एनी राजा और भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्रन से होने वाला है।

रोड शो के दौरान राहुल ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, 'हमारी लड़ाई मुख्य रूप से आरएसएस की विचारधारा से है। भाजपा और प्रधानमंत्री का कहना है कि वे एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक नेता, एक भाषा चाहते हैं। भाषा कोई थोपी हुई चीज नहीं है। भाषा एक ऐसी चीज है जो लोगों के अंदर से आती है। केरल के लोगों से यह कहना कि आपकी भाषा हिंदी से कमतर है, अपमानजनक है। भारत में सिर्फ एक ही नेता होना चाहिए, ऐसा कहना देश के सभी युवा लोगों का अपमान करने जैसा है।'

वायनाड दौरे के दौरान कांग्रेस सांसद के मनंतवाड़ी बिशॉप से भी मुलाकात करने की संभावना है। शाम को कांग्रेस नेता कोझिकोड जिले में रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र में दूसरी बार आए हैं।

लोकसभा चुनाव 2019 में वायनाड सीट से राहुल को मिली थी जीत

बता दें कि लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी अमेठी और वायनाड से चुनाव लड़े थे। अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने उन्हें 55,120 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि वायनाड में राहुल गांधी को जीत मिली थी। इस बार फिर कांग्रेस ने वायनाड से राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाया है।

महंगाई की मार से आमजन परेशान तो कर्ज में डूबा किसान- प्रियंका गांधी

दौसा, (हि.स.)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपनी दौसा की जनसभा में जमकर प्रहार किए। प्रियंका ने कहा कि महंगाई की मार से आमजन परेशान है और किसान कर्ज में डूबा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार उद्योगपतियों को सीधा लाभ पहुंचा रही है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार को दौसा लोकसभा क्षेत्र के बांदीकुई में कांग्रेस उम्मीदवार मुरारी लाल मीणा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार किसान, मजदूर, युवाओं की आशा पर खरी नहीं उतरी। महंगाई की मार से आमजन परेशान हैं तो किसान कर्ज में डूब रहा है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, वहीं मोदी सरकार उद्योगपतियों को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुरू में प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा थी कि कुछ करेंगे, लेकिन 10 साल में इतनी बड़ी बातें करने के बाद रोजगार नहीं है, महंगाई बढ़ रही है, वादा पूरा नहीं कर पाए। इसलिए मुझे लगता है कि उनकी बातें हल्की पड़ रही हैं। इससे नुकसान मोदी का या हमारा नहीं हो रहा, आपका हो रहा है।प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने एक वीडियो देखा होगा कि इनके सांसद अलग-अलग प्रदेशों में कहने लगे हैं कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम संविधान को बदलेंगे। मोदी मंच पर संविधान की बात करते हैं, लेकिन अपने लोगों से कहते हैं कि जाओ और बोलो कि संविधान बदलेंगे। इसलिए आपका जागरूक बनना जरूरी है।प्रियंका गांधी ने कहा कि मैंने अपनी दादी और पिता की शहादत देखी है। हमारी हिंदू धर्म की परंपरा है। हमने भगवान राम को सत्ता के कारण पूजा क्या? हम उन्हें इसलिए पूजते हैं, क्योंकि उनके पास नैतिकता थी, जनता के लिए पूजा थी, श्रद्धा थी, सेवा थी। हमारे जितने भी भगवान रहे हैं, उन्होंने सत्ता को त्यागा। सत्ता को पूजना हमारा धर्म कभी नहीं रहा है। पांडवों के पास सत्ता नहीं थी। हमारे धर्म ने सिखाया है कि हमारी श्रद्धा उसके प्रति रही है, जिसने सेवा भाव से, आदर से जनता की सेवा की। हम इस भावना को अपने नेताओं में ढूंढते हैं। आज लोगों को पीटा जा रहा है, डर बैठाया जा रहा है। यह माहौल मोदी ने बनाया है।सभा में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने किरोड़ीलाल मीणा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव से किसी का मंत्री पद नहीं जाएगा और मंत्री पद छोड़ना भी मत। बड़ी मुश्किल से मंत्री पद मिलता है।

चुनाव आयोग ने दिए मुर्शिदाबाद के DIG को हटाने के निर्देश

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने का आदेश दिया। सूत्रों ने बताया कि उनके खिलाफ ये कार्रवाई हिंसा मामले में तत्परता नहीं बरतने के आरोप में की गई है। राज्य में दो हिंसाओं में हथियार और गोला बारूदों का उपयोग किया गया था। लोकसभा चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने कहा था कि चुनावी हिंसा को बरदाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने बताया कि एक मार्च से अबतक हर दिन 100 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। चुनाव के शुरू होने से पहले 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं, जो कि 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में कई अधिक है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। चुनाव 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे, जबकि नतीजे चार जून को जारी होंगे।

चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के फैसले पर पुनर्विचार के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना पर रोक लगाने का ऐतिहासिक फैसला 15 फरवरी को सुनाया था। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग की गई है। इसको लेकर शीर्ष अदालत में एक पुनर्विचार की याचिका दायर की गई है।

अधिवक्ता मैथ्यूज जे. नेदुमपारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया है कि इस अदालत ने याचिका (योजना के खिलाफ) पर विचार किया और योजना को रद्द कर दिया, बिना यह देखे कि ऐसा करने में यह संसद पर अपीलीय प्राधिकरण के रूप में कार्य कर रहा है, जो विशेष रूप से विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है।

यह मुद्दा न्यायसंगत

नेदुमपारा ने अपनी याचिका में कहा, 'अदालत यह मानते हुए भी कि यह मुद्दा न्यायसंगत है, फिर भी इस पर ध्यान देने में असफल रही। याचिकाकर्ताओं ने किसी भी विशेष नुकसान का कोई दावा नहीं किया। ऐसे में उनकी याचिका पर फैसला नहीं लिया जाना चाहिए था।'

जनता की राय अलग हो सकती है

उन्होंने कहा कि न्यायालय इस बात पर ध्यान देने में भी पीछे रही की जनता की राय अलग हो सकती है। इस देश के अधिकतर लोग शायद इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं। इसलिए जनहित याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ लोगों की बात को भी सुना जाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि अदालत का कर्तव्य है कि वे जनता का पक्ष जानें। इसलिए कार्यवाही को प्रतिनिधि कार्यवाही में बदलना चाहिए।

यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताया और सरकार को किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को कहा था। पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से इस योजना के साथ-साथ आयकर अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधनों को भी रद्द कर दिया था। न्यायालय ने कई निर्देश भी जारी किए थे, जिसमें 12 अप्रैल, 2019 से राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त और भुनाए गए चुनावी बॉन्ड के विवरण को सार्वजनिक करना भी शामिल था।

कोर्ट ने केंद्र सरकार की इस दलील को इसको खारिज कर दिया था कि यह योजना पारदर्शी है। न्यायालय ने राय दी थी कि ऐसे चुनावी बॉन्ड काले धन पर अंकुश लगाने वाले उपाय नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की आलोचना करते हुए कहा था कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। इलेक्टोरल बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन हैं।

शशि थरूर को चुनाव आयोग की चेतावनी, टीवी चैनल पर विपक्षी उम्मीदवार के खिलाफ लगाए थे 'निराधार' आरोप

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। तिरुवनंतपुरम में चुनाव अधिकारी ने मौजूदा कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान असत्यापित आरोप नहीं लगाने को कहा है। चेतावनी 6 अप्रैल को भाजपा नेता जे.आर. पद्मकुमार द्वारा दायर की गई शिकायत के बाद आई है।शिकायत में कहा गया था कि थरूर ने एक टेलीविजन समाचार चैनल पर एक साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान निराधार आरोप लगाए थे। कार्यक्रम में थरूर ने राजीव चंद्रशेखर पर वोट के लिए मतदाताओं और धार्मिक नेताओं को पैसे की पेशकश करने का आरोप लगाया था। थरूर के खिलाफ एनडीए कनवीनर वी.वी. राजेश द्वारा एक और शिकायत दर्ज की गई थी। बताया गया कि थरूर ने साक्षात्कार में चंद्रशेखर को बदनाम करने के लिए झूठे और तुच्छ बयान दिए।

'चुनाव आयोग ने मंजूरी दी, टीएमसी नेताओं ने झूठ बोला', तूफान पीड़ितों के मुआवजे पर बोले सुवेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि तूफान पीड़ितों को मुआवजा देने की मंजूरी चुनाव आयोग ने दे दी थी। अधिकारी ने आरोप लगाया कि सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी लोगों से झूठ बोल रहे हैं कि चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू होने के चलते मुआवजा देने की मंजूरी नहीं दी है।

भाजपा नेता ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा 'आप कुछ लोगों को हमेशा बेवकूफ बना सकते हैं और सभी लोगों को कुछ समय के लिए, लेकिन आप सभी को हमेशा बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। पश्चिम बंगाल के जाने-पहचाने झूठों को लगता है कि वह लोगों के साथ झूठ बोलना जारी रख सकते हैं और लोग उसे सच मानते रहेंगे, तो ये उनकी गलतफहमी है।' दरअसल बीती 31 मार्च को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में भूकंप आया था, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे। तूफान और भारी बारिश से कई घरों को भारी नुकसान हुआ था।

'चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को ही दे दी थी मंजूरी'

सुवेंदु अधिकारी का आरोप है कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लोगों से झूठ बोल रहे हैं कि आचार संहिता लागू होने के चलते वह पीड़ितों को मुआवजा नहीं दे पा रहे हैं। टीएमसी नेताओं का दावा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें मुआवजा देने की मंजूरी नहीं दी है। इसी पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता ने बताया कि चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को ही राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने की मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद राज्य सरकार ने पीड़ितों की कोई मदद नहीं की, जबकि पीड़ितों को मुआवजे की रकम का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार के आपदा प्रबंधन फंड से दिया जाना है।

ठाणे में फर्जी दस्तावेज दिखाकर सरकारी कॉन्ट्रैक्टर से ठगे 5 .82 करोड़ रुपये, चार के खिलाफ एफआईआर

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक सरकारी कॉन्ट्रैक्टर को बिजनेस डील के लिए फर्जी दस्तावेज दिखाकर 10.8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि दो कंपनियों के निदेशकों और अन्य दो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 और अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने कहा था कि वे अंधेरी एमआईडीसी और पालघर में विद्युत उपकरण बनाने वाली यूनिट को बेचना चाहते हैं। पीड़ित ने आगे बताया कि उन्होंने यूनिट का दौरा भी किया था।

शिकायतकर्ता ने इस यूनिट को खरीदने के लिए 5.82 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया था। बाद में जब उन्होंने दस्तावेजों को देखा, तब उन्हें मालूम चला कि ये दस्तावेज फर्जी है। आरोपी ने असली दस्तावेज नहीं दिए। आरोपियों ने यूनिट का नाम भी शिकायतकर्ता के नाम पर बदलने से इनकार कर दिया था।

पालघर में तंबाकू उप्पाद के साथ महिला गिरफ्तार

महाराष्ट्र के पालघर में पुलिस ने एक 30 वर्षीय महीला को प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत 5.06 लाख रुपये बताई जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इलाके में नाकाबंदी के दौरान शनिवार की शाम को एक कार उंबरगांव से मुंबई की तरफ जा रही थी। पुलिस ने हाईवे पर कार को रोका। जांच के दौरान उन्होंने विभिन्न ब्रांड के तंबाकू उत्पात जब्त किए।

पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में 2012 से ही तंबाकू की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस बार श्री रामलला का जन्मोत्सव होगा अद्भुत, सोने-चांदी से बने वस्त्र पहनेंगे भगवान, सूर्य देवता भी करेंगे अभिषेक

अयोध्या (आरएनएस)। इस बार अयोध्या में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने की विशेष तैयारी की जा रही है। उनके श्रृंगार से लेकर अभिषेक व पूजा-अर्चना तक को अविष्मरणीय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सैकड़ों वर्षों के बाद राम की नगरी में ऐसी भव्य व मनमोहक तैयारी की जा रही है।जन्मोत्सव की तैयारियों के बारे में बताते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस बार अपने जन्मदिन पर श्री रामलला चांदी और सोने के तारों से बुना विशेष डिजाइनर वस्त्र पहनेंगे। इसे दिल्ली से विमान के जरिए लाया जाएगा। इसी तरह उनके श्रृंगार और मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली और कर्नाटक से खास तरह के पुष्प लाए जाएंगे।

'जेल भेजने के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद', संजय सिंह बोले- दस दिन से बाहर हूं, अब सुकून की नींद आ रही

नई दिल्ली। आप सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में संजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी पर व्यंग करते हुए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'पिछले दस दिनों से मैं जेल के बाहर हूं और मुझे बड़े सुकून से नींद आ रही है। छह महीने मैं जेल में रहा, कुछ दिनों तक मुझे आइसोलेशन में रखा। पीएम मोदी ने शायद अगर ये मौका नहीं दिया होता तो मैं अपने आप से मुलाकात नहीं कर पाता। मैं उन तमाम महापुरुषों से मुलाकात नहीं कर पाता। मैं उन तमाम क्रांतिकारियों के साथ बातचीत नहीं कर पाता, जिनके बारे में मैं सुनता था. कहानियां पढ़ता था, उनसे मेरी मुलाकात हुई। क्योंकि जब एकांत में आदमी होता है तो उसे बहुत कुछ सोचने, समझने और चिंतन करने का मौका मिलता है।' संजय सिंह ने कहा, 'मैंने नेल्सन मंडेला से मुलाकात की। उनका शानदार

क्रांतिकारी जीवन था। मैंने भगत सिंह से मुलाकात की...23 साल का नौजवान कैसे अपना जीवन न्यौछावर कर सकता है, उनको पढ़कर ये जाना। मैंने अशफाक उल्ला, रौशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल पता नहीं कितने क्रांतिकारी, जिनके बारे में पढ़ा, जाना। काला पानी के दस्तावेज पढ़े और तब ये लगा कि तीस साल से जो समाज सेवा राजनीति के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहा था। शायद मेरा रास्ता सही था।' उन्होंने कहा, 'गांधी जी को पढ़ा तो ये जाना कि हम तो सही रास्ते पर चल रहे थे। शायद ये छह महीने का जेल का सफर नहीं होता तो मैं ये नहीं समझ पाता, जो कर रहा था, जिस संघर्ष के रास्ते पर चल रहा था वो सही है या गलत है। मैं तो धन्यवाद देना चाहुंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कि उन्होंने ये अवसर दिया। अपने आप से बात करने का, अपने रास्ते को और मजबूत बनाने का। मैं छह महीने की जेल की यात्रा से और तप के निकला हूं। आगे के रास्ते को तैयार करने के लिए आगे के रास्ते को और मजबूत करने के लिए।'संजय सिंह ने कहा, 'हो सकता है आज बहुत सारे माध्यम बिक गए हों, लेकिन इतिहास कभी नहीं बिका। इतिहास में वही दर्ज होता है, जो आप करते हैं। क्या सच है, क्या गलत है... यह लोग तय करेंगे। लेकिन किस मंशा से प्रधानमंत्री ने मुझे जेल भेजा मैं नहीं जानता। बस यही कहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने तीस साल के मेरे जीवन को, संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाया।'

तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात के बाद भावुक हुए CM मान, कहा- आतंकवादियों की तरह हो रहा व्यवहार

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार दोपहर में मुलाकात की। सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, 'यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं। उनकी गलती क्या है? उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो। पीएम मोदी क्या चाहते हैं? अरविंद केजरीवाल जो 'कट्टर ईमानदार' हैं, जिन्होंने पारदर्शिता की राजनीति शुरू की और भाजपा की राजनीति खत्म की, उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।

मान ने कहा, 'जब मैंने पूछा कि वह कैसा काम कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ, मुझे बताओ कि पंजाब में चीजें कैसे चल रही हैं? क्योंकि हम 'काम' की राजनीति करते हैं। आप एक अनुशासित समूह है, हम सभी एक साथ हैं और खड़े हैं अरविंद केजरीवाल के साथ दृढ़ रहें। जब चार जून को नतीजे घोषित होंगे, तो आम आदमी पार्टी एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी।'

लोकसभा चुनाव : कन्हैया को प्रत्याशी बनाने पर बोले मनोज तिवारी, कहा- टुकड़े-टुकड़े गैंग को क्यों दिया गया टिकट

नई दिल्ली। भाजपा सांसद व प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कहा, 'कांग्रेस और आप जवाब दें कि आखिर टुकड़े-टुकड़े गैंग के प्रतीक कन्हैया कुमार को क्यों टिकट दिया। दिल्ली में अब लड़ाई सनातन और आराजक देश विरोधी ताकतों के बीच होगी। कन्हैया कुमार भारतीय सेना विरोधी हैं, देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया है।'

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने दिल्ली के सत्ता संग्राम में उतारा है। कन्हैया उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा के दो बार से सांसद मनोज तिवारी को टक्कर देंगे। पूर्वांचल बहुल इस सीट पर पहली बार दो पूर्वांचलियों में मुकाबला होगा। दोनों प्रत्याशियों की अपनी-अपनी खासियतों की बदौलत पूरे देश व युवाओं में इस सीट को लेकर दिलचस्पी रहेगी।

दरअसल, दोनों नेताओं की युवाओं में काफी पैठ है। इस सीट पर विचारधारा की लड़ाई भी देखने को मिलेगी। कन्हैया पूर्वांचल के साथ वामपंथ विचारधारा के नेता हैं। वहीं, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़े मनोज तिवारी भाजपा की विचारधारा के साथ हैं और दो बार से सांसद हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराया था। अभी तक नई दिल्ली से दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के भाजपा प्रत्याशी बनने से यह सीट आकर्षण का विषय थी, अब उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर भी रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

डीएम-एसपी ने नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ चरण में खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। सोमवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के संबंध में व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह एवं एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह को व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। 18-अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। डीएम के न्यायालय कक्ष में 28 खीरी संसदीय क्षेत्र और एडीएम के न्यायालय कक्ष में 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल होंगे।

डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार से लेकर नामांकन स्थल पर लगने वाली बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य द्वार से कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केवल सीमित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी को सभी बैरियर, चेक प्वाइंटों पर पुलिस की तैनाती के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित होनी है। कलेक्ट्रेट पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। केवल प्रत्याशी, उनके प्रस्ताव व निर्धारित संख्या में ही लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर पाएंगे। मालूम हो कि 28_खीरी सीट के नामांकन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह बतौर रिटर्निंग अफसर तो 29_धौरहरा सीट की नामांकन प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में पूरी कराएंगे। नामांकन पत्र प्राप्त करने की अवधि 18 अप्रैल से शुरू होकर 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नामांकन की जांच के साथ 29 अप्रैल को नाम वापसी का दिन निर्धारित है। शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले को 24 जोन और 207 सेक्टरों में बांटा है। 2890 बूथ और 1638 मतदान केंद्र बनाए हैं।

दूधिया ने चार माह तक उधार लिया दूध, पैसे मांगने पर मिला ये जवाब, दी तहरीर

लोकमित्र संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया जनता को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा जताते हैं लेकिन पुलिस की कार्य शैली के चलते जनता को न्याय मिलते नहीं दिखाई पड़ रहा आपको बताते चले जानकारी के अनुसार मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकरिया गांव के पीड़ित हरिराम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है की उपरोक्त पप्पू पुत्र शेर सिंह थाना मोहम्मदी के हाथ लगभग 4 माह से दूध बिक्री कर रहा है दूध बिक्री का पैसा मांगा तो उक्त दबंग पप्पू ने पैसा देने में टाल मटोल कर आजकल का बहाना बनाकर पीड़ित से दूध खरीदता रहा और पैसा नहीं दिया जब प्रार्थी ने दूध देने से मना कर दिया और कहां अब जब तक आप पुराना हिसाब नहीं करोगे तब तक आपको हम दूध आगे नहीं दे पाएंगे जिसका प्रार्थी ने गांव के लोगों के समक्ष पंचायत फैसला भी करवाया जिसमें जिसमें प्रार्थी को कुछ दिन का समय दिया गया और कहा गया कि आपका पैसा दिलवा देंगे लेकिन प्रार्थी का अभी तक पैसा ना मिलने से प्रार्थी के घर में एक-एक दाने के लिए मोहताज है पीड़ित ने जिसकी शिकायत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र 11 अप्रैल 2024 को दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर 15 अप्रैल 2024 को पुनः पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पर शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यहां होगा आखिरकार कैसे न्याय मिलेगा।

रामनवमी 2024 : श्रद्धालु रात 11 बजे तक कर सकेंगे रामलला के दर्शन

» 16 अप्रैल से 19 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन एवं आरती पास पर रोक

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। श्रीरामलला मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस संबंध में जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रंगार आरती प्रातः 5:00 बजे होगी, श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेंगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11:00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा, तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी।

तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के पश्चात मन्दिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि दिनांक 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। यह कार्य प्रसार भारती द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया गया है। इसका सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12:16 मिनट के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी, इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की जा रही है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा।

विपक्ष ने हमेशा भाजपा को रोकने का प्रयास किया है लेकिन कहां रोक पाया, इस बार भाजपा 400 पार करेगी: पंकज सिंह

अयोध्या। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक पंकज सिंह पहुंचे अयोध्या, शहर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में की प्रेसवार्ता उन्होंने इंडी गठबंधन पर साधा निशाना, कहा लोगों की भावनाओं के साथ खेलना समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का स्वभाव रहा है, चुनाव में इनके यहां नेता और नेतृत्व बदलता रहता है, जनता पीएम मोदी पर भरोसा करती है और वे संविधान का सम्मान करते हैं, उसी के दायरे में काम करते हुए अपने देश को आगे ले जाने का कई बार संकल्प ले चुके हैं, यूसीसी पर बोल पंकज सिंह, कहा यह सिर्फ भावनात्मक नहीं है यह देश के लिए आवश्यक है, हमारे देश के संसाधनों का सही उपयोग हो इसके लिए भी यह आवश्यक है, एक अच्छी परंपराओं से प्रेरित यह यूसीसी आएगा क्योंकि ये हमारे देश को विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार करेगा।

आरा मशीन पर वन विभाग ने कसा शिकंजा, दरेरी गांव में अवैध आरा मशीन सील

» नवागत रेंजर ने लुधौरी रेंज के दरेरी में पकड़ी वन माफिया की अवैध आरा मशीन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जिले की दक्षिण वनरेंज लुधौरी रेंज के नवागत रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह द्वारा वन अपराधियों के खिलाफ बनाई गई योजना बद्ध रणनीति एवं गस्त पर विशेष कार्य योजना के तहत वन विभाग द्वारा निघासन तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनो के विरुद्ध अभियान चलाकर आरा मशीनों की जांच करते हुये नियम विरुद्ध संचालित मशीन के विरूद्ध सीजर की कार्यवाई की गई है। जानकारी के अनुसार नवागत रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की इस बडी कार्यवाही के बाद वनरेंज क्षेत्र में वन माफिया के संरक्षण में अवैध कार्यों सहित अन्य अवैध आरा मशीन संचालकों मे हड़कंप मच गया है।दक्षिण वनरेंज लुधौरी रेंज के नवागत वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र का जायजा लिया गया अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

इसी क्रम में सोमवार को वनरेंज क्षेत्र के गांव दरेरी मे चल रहें आरा मशीन को सीज किया गया वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यह अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। अभियान के दौरान वन विभाग टीम मे शामिल रही।

नवागत रेंजर की अपने कर्तव्यों में किसी भी तरह की कोताही या लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों की अब खैर नहीं होगी विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित लापरवाह वनकर्मियों के खिलाफ अब सीधे तौर पर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी उक्त बातें दक्षिण वनरेंज लुधौरी क्षेत्र में लगी हुई आरा मशीनों के औचक निरीक्षण के सम्बंध में दक्षिण वनरेंज लुधौरी के नवागत रेंजर ने कहा कि जंगल और जानवरो की सुरक्षा करना वन विभाग की पहली प्राथमिकता है इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त से बाहर होगा। किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिये सम्बंधित वनकर्मी सीधे तौर पर पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे ऐसी दशा में जांच के बाद दोषी वनकर्मियों के खिलाफ सुनिश्चित विभागीय ठोस कार्रवाई की जायेगी।

(दक्षिण वनरेंज लुधौरी रेंजर, गजेन्द्र बहादुर सिंह)

कांग्रेस जिला महासचिव, सचिव समेत सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव विजय पाण्डेय, सचिव रामबली रावत समेत मिल्कीपुर क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उन्हें पार्टी का ध्वज देकर सदस्यता दिलाई।

इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में पदभार सभांलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। पीएम मोदी के दो कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा में कोई पात्र व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए। सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पार्टी की सदस्यता लेने वाले विजय पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की नीतियों व राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हम सभी करेंगे। चार जून को लोकसभा क्षेत्र भगवामय होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में जिला सचिव कांग्रेस रामबली रावत, पूर्व बीडीसीगण शिव कुमार मिश्रा संदीप मिश्र, कप्तान तिवारी, राजकुमार दूबे, शुभम् रावत, जयप्रकाश गुप्ता, उत्तम चन्द्र श्रीवास्तव, मुरारी लाल कोरी सहित सैकड़ों कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रथम दिन प्रशिक्षित किये गये मतदान कार्मिक, सीडीओ ने मतदान अधिकारियों को बताई चुनाव की बारीकियाँ

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारियो के लिए धर्म सभा इंटर कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 1000 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1001 से 2000 तक के मतदान कार्मिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सीडीओ/प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत निरीक्षण किया, जहॉ पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। मतदान कार्मिकों का आह्वान किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो। सीडीओ ने मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकल्प एप्प (MPS) के सम्बंध में जानकारी दी गई

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित काफी संख्या में पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।

सीडीओ की दो टूक,अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण,अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में सोमवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए मंगलवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों का डाटा सीडीओ ने स्वयं अपने पास नोट किया। बताते चलें कि प्रथम पाली में 87 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 76 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

माँ मुरादें पूरी कर दे हलवा बाटूंगी, माँ के जगराते में रात भर झूमते रहे भक्त

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। चैत्र नवरात्र में धौरहरा कस्बे सहित क्षेत्र के गांवों में भक्त विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा अर्चना करने के साथ रात रात भर मा का जगराता कर रहे हैं।इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धौरहरा कस्बे के देवी मंदिर माता थाने मंदिर मे चैत नवरात्र के अवसर पर विशाल माँ दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया।मां के जगराते मे रात भर भक्त झूमते रहे।सुन्दर सुन्दर झांकी देखकर श्रोता भावविभोर हो गए।चैत नवरात्र के अवसर पर धौरहरा के माता थाने मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मां दुर्गा जागरण का आयोजन शिव ग्रुप धौरहरा के सहयोग से किया गया।जागरण मे पहुंचे शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर ने प्रथम पूज्य गणेश की आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण देखने के लिए हजारों की संख्या मे श्रोता मौजूद रहे। जागरण की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई उसके बाद रात भर बाहर से आए हुये कलाकारों ने मां मुरादें पूरी कर दे हलवा बांटूंगी,प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी,शेर पर सवार होकर आ जा शेरावालिए आदि म भजनों से समा बांध दिया।सुन्दर सुन्दर झांकी आकर्षण का केंद्र रही।इस दौरान हजारों की संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

बैंक मैनेजर ने धोखाधड़ी और विश्वासघात कर बैंक मे जमा करने हेतु खाताधारकों से जमा किये गये रूपए हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो



लखीमपुर-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील धौरहरा के अंतर्गत धोखाधड़ी एवं विश्वासघात कर उसके द्वारा बैंक मे जमा करने हेतु खाताधारकों से जमा किये गये रूपए हड़प लिए गये प्रार्थी ने जिसकी शिकायत प्रार्थना-पत्र के माध्यम से उपजिलाधिकारी धौरहरा से की।

प्रार्थना-पत्र के माध्यम से विदित हुआ कि विजय वर्मा पुत्र राजितराम वर्मा निवासी वीरसिंहपुर थाना ईशानगर धौरहरा जिला खीरी,द कॉर्बन मल्टीस्टेट एण्ड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी का एजेंट था।विजय उक्त सोसाइटी मे मैनेजर के पद पर कार्यरत गौरव अवस्थी उर्फ़ सचिन अवस्थी पुत्र उमेश अवस्थी निवासी ईशानगर खीरी के द्वारा कहने पर बेरोजगारी की समस्या होने के कारण उक्त सोसाइटी मे एजेंट के रूप मे कार्य करता था।विजय अपनी पूरी लग्न और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य को अंजाम दे रहा था उसने अपने गाव व रिश्तेदारों के लोगों के उक्त सोसाइटी मे खाते खुलवाए थे।जिसकी मासिक किस्त के रूप मे प्राप्त धनराशि को मय स्टेटमेंट के साथ पूरी ईमानदारी से बैंक के मैनेजर गौरव अवस्थी के पास जम्स करता था।

विजय ने उक्त बैंक के सभी खाताधारकों से अपने माध्यम से कुल 1,37,258 रूपये किस्त के रूप मे प्राप्त कर बैंक मैनेजर गौरव अवस्थी के पास जमा काफ दिया गया था।विजय द्वारा जमा किये गये रुपयों को बैंक मैनेजर गौरव अवस्थी ने निजी खर्च मे शामिल कर हड़प लिए और उक्त समस्त धनराशि को किसी भी खाताधारक के खाते मे जमा नही किया जिससे खाताधारकों को उनके द्वारा जमा किया गया रुपया बैंक से नही मिल पा रहा जिससे परेशान होकर खाताधारक विजय के घर पर चक्कर लगाते है और धमकाते भी हैं।

विजय द्वारा गौरव अवस्थी को रूपये के सम्बन्ध मे बात करने पर गौरव अवस्थी विजय को गाली-गलौच और मारने-पीटने को आमादा होकर बोलता है तुमको जो भी करना है कर लो जाकर चौकी थाने मे मेरा कुछ नही होने वाला है।जिससे परेशान होकर विजय वर्मा ने कोतवाली ईसानगर, क्षेत्राधिकारी धौरहरा व उपजिलाधिकारी धौरहरा को प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत कर गौरव अवस्थी से रुपये वापस करने और उस पर लोगों का पैसा हड़पने के मामले मे कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

युवक की पिटाई का मामला, पिता की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

तारुन-अयोध्या। ईंट भट्ठे पर निराश्रित गोवंशों को लादने वाले लोगों द्वारा एक युवक की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक का जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घटना तारुन थाना क्षेत्र के गदुरहवा गांव की है।पीड़ित के पिता रामयज्ञ का आरोप है कि 12 अप्रैल की रात 11:00 बजे बेटा दीपक शौच करने गया था। उसे क्या मालूम की बंद चल रहे ईंट भट्ठे पर छुट्टा गोवंशों के लदान का काम आरोपियों द्वारा किया जा रहा है। इसी थाना क्षेत्र बेलगरा गांव निवासी आकाश सिंह, नीरज सिंह तथा दो अज्ञात ने पकड़ लिया और कहा कि दो दिन पहले तुम पुलिस को सूचना दिए थे, लेकिन उसे ऐसे मामले की कोई जानकारी नहीं थी। पीड़ित का पुत्र आरोपियों से बहुत गिड़गिड़ाया मुझे छोड़ दीजिए, लेकिन आरोपियों ने एक भी न सुनी। इसके बाद मारपीट कर घायल कर दिया।

समरसता दिवस के रूप में मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। भारतीय संविधान के आधुनिक शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षो द्वारा महान संत फकीर दास स्मारक व नंन्दिकेश्वर महादेव मंदिर परिसरों में अलग-अलग हिस्सों में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सांसद प्रतिनिधि के तौर पर कनक पाल राना ने सहभागिता की।

भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती का कार्यक्रम प्रति वर्ष 14 अप्रैल को मनाया जाता है इसी कृम में भारतीय जनता पार्टी मण्डल रमियाबेहढ के अधीन नगर पंचायत धौरहरा के नंन्दिकेश्वर महादेव मंदिर परिसर व सतं फकीर दास स्मारक पर अलग अलग बैच में पूर्व कानून मंत्री डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी प्रत्याशी के प्रतिनिधि के तौर पर कनक पाल राना, नरेन्द्र सिंह सेंगर, महेश गुप्ता व मंडल उपाध्यक्ष रमियाबेहढ छोटेलाल यादव ने पार्टी के पदाधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।व मौके पर मौजूद पार्टी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अशोक श्रीवास्तव, रमाशंकर शुक्ला, भगवती प्रसाद शुक्ला, समलिया प्रसाद मिश्र, सेक्टर संयोजक के के पाण्डेय, नंन्द किशोर जायसवाल, मण्डल उपाध्यक्ष धीरज निगम, आनंद शुक्ला, आशुतोष दिक्षित, जगदम्बा भार्गव, राजेश नाग, सुदीप निगम,र ाजकुमार जायसवाल, आशुतोष श्रीवास्तव सियाराम साहू सहित हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

'पीएम मोदी का विजन... हमारा मिशन, 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार', भाजपा के संकल्प पत्र पर बोले सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि "80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।" सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN)। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार

सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

महत्वपूर्ण संकल्पों पर सीएम ने दोहराई प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है।

इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन के संकल्प को भी हमारा संकल्प पत्र दोहराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है।

सभी जिलों में भाजपा आज एक साथ करेगी 'कॉरपोरेट बॉम्बिंग', लखनऊ में रहेंगे सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा सोमवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक साथ मीडिया के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखेगी। पार्टी ने इसे "कॉरपोरेट बॉम्बिंग" का नाम दिया है। पार्टी ने इसके लिए सभी बड़े नेताओं को मैदान में उतारा है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में केंद्र सरकार के 10 साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा रखेंगे, वहीं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मेरठ मे प्रेसवार्ता करेंगे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुरादाबाद में और बृजेश पाठक कानपुर में मीडिया के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा नोएडा में और कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या शामली व स्वतंत्रदेव सिंह बरेली में मीडिया को संबोधित करेंगे। इनके अलावा मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, लक्ष्मी नारायण चौधरी मथुरा, जेपीएस राठौर रायबरेली, नंद गोपाल नंदी अमेठी, गिरीश यादव जौनपुर और संजय गंगवार पीलीभीत में प्रेसवार्ता करेंगे।

इसी तरह से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को कौशांबी, दयाशंकर मिश्रा दयालू को मिर्जापुर, एके शर्मा को मऊ, राकेश सचान को फतेहपुर, नरेंद्र कश्यप को गौतमबुद्धनगर, धर्मवीर प्रजापति को संभल, ब्रजेश सिंह को अमरोहा, असीम अरुण को सहारनपुर, सोमेन्द्र तोमर को मुजफ्फरनगर, कपिल देव अग्रवाल को आगरा, दारा सिंह को कुशीनगर में सरकार की उपलब्धि बताने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार अन्य जिलों में भी शेष मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

पीजीआई निदेशक ने स्वास्थ्य कर्मियों को दी बधाई

लखनऊ। एसजीपीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियक कैथ लैब ने एक लाख लक्ष्य को हासिल कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। जिसे कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियक कैथ लैब में एक लाख कैथ प्रक्रिया को निष्पादित किया गया है। जिसमें हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए अनगिनत घंटों के लिए समर्पण, प्रतिबद्धता को प्रस्तुत किया गया है। सोमवार को इस उपलब्धि के लिए संस्थान निदेशक प्रो.आरके धीमन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि एक लाख मामलों में से प्रत्येक केस प्रभावित जीवन का प्रतिनिधित्व करता है और सकारात्मक परिणामों पर ध्यान देने से रोगियों के हृदय स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर आया है।प्रो.धीमन ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे कुशल स्वास्थ्यकर्मियो, चिकित्सकों और नर्सों से लेकर तकनीशियनों और सहायक कर्मचारियों तक के सहयोगात्मक प्रयासों का एक प्रमाण है।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनाई समन्वय समिति, इन नेताओं को किया शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए शहर कांग्रेस ने समन्वय समिति बनाई है, जिसमें 40 सदस्य शामिल किए गए हैं। इसके अलावा लखनऊ लोकसभा चुनाव प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी और सोशल मीडिया प्रभारी भी नामित कर दिए गए हैं। इसे लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम की ओर से रविवार को घोषणा भी कर दी गई।

शहर अध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी बृजेश सिंह, सोशल मीडिया का प्रभारी अमन यादव व सलमान कादिर, कंट्रोल रूम का प्रभारी एफएएस चर्चिल, आफताब मोहसिन, मोहम्मद हाशिम, सच्चिदानंद नाथ व अमित यादव को बनाया गया है। विधि प्रभारी आरबी सिंह को बनाया गया है।

चुनाव समन्वय समिति में जिनको शामिल किया गया है उनमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व विधायक पंडित राम गोपाल मिश्रा, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व मंत्री राजबहादुर, कमलेश भारती, सुरेंद्र राजपूत, मुकेश सिंह चौहान, बोधलाल शुक्ला, सरोज शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, अनुसुईया शर्मा, ममता चौधरी, वीरेंद्र मदान, सुबोध श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, ओंकारनाथ सिंह,अमरनाथ अग्रवाल, आरपी सिंह, नईम सिद्दीकी, पंकज तिवारी, नितिन शर्मा, अरशद आजमी, प्रदीप सिंह, विनोद मिश्रा, अर्शी रजा, अंकित तिवारी, अनस रहमान, नसीम खान, राजेश मिश्रा राजन, राजेश सिंह काली, संगीता जायसवाल, मनोज तिवारी, सहाना सिद्दीकी, सदफ जफर, सिराज, गौरव चौधरी, विजय बहादुर, नरेश वाल्मीकि व राजेंद्र पांडे शामिल हैं।

लखनऊ विवि के रोजगार मेले में पहुंचे उद्योग संघ प्रमुख

लखनऊ। आईएमएस (प्रबंधन विज्ञान संस्थान), लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक जॉब फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया। यह रोजगार मेला आईएमएस, लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में अपनी तरह का पहला मेला है। यह आईएमएस और आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) का सह ब्रांडेड कार्यक्रम है। आईएमएस और आईआईए ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। उद्योग अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की मान्यता में भारतीय उद्योग संघ (आईआईए) के प्रमुख को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर आलोक राय और ओएसडी प्रो. विनीता काचर के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ओएसडी प्रो. विनीता काचर के प्रेरणादायक स्वागत भाषण से हुई।

सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले- भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर काम करने वाले हमारे तीन करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं।

सुनील बंसल रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित एक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं होना है। अभी हम 60 फीसदी तक ही पहुंच सके हैं, अभी भी 40 फीसदी लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करना है। यदि भारत माता की जय करनी है तो देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर एक साथ भारत माता की जय करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। नमो एप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने पिछले 10 सालों में लखनऊ में 68000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए हैं। समारोह में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को विकसित भारत एम्बेसडर में साप्ताहिक रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण, संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, प्रवक्ता प्रवीण गर्ग सहित विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक सहसंयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

दुनिया का नेतृत्व करने वाली टीम

सुनील बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विश्व में भारत का नाम हो और हर व्यक्ति का मान सम्मान बढे.। हमारे पास देश में मोदी, राजनाथ और प्रदेश में योगी जैसा नेतृत्व है। पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने वाली एवं चुनाव प्रबंधन और 18 करोड़ कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम भी है। उन्होंने कहा कि पिछली बार से ज्यादा बूथों पर चुनाव जीतना और ज्यादा मतों से भी चुनाव जीत दर्ज कराना है। लखनऊ में पांच लाख के अंतर से चुनाव जीतने के लिए लक्ष्य तय करना होगा। प्रधानमंत्री ने 370 मत बढ़ाने का हर बूथ पर लक्ष्य दिया है, जिसको हमें पूरा करना है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा में कुल 1893 बूथ, 89 वार्ड, 334 शक्ति केंद्र हैं। 21 मंडलों में 1508 ए श्रेणी के बूथ, बी श्रेणी के 161, सी के 224 बूथ हैं। सभी बूथ अध्यक्ष गठित हो चुके और अपनी बूथ संख्या, विधानसभावार सुनिश्चित सीट पर उपस्थित हैं।

बाबा साहब का व्यक्तित्व अपने आप में एक दर्शन है : आदित्य कुमार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में आज भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। समारोह के अध्यक्ष मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने दीप प्रज्जवलन किया एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पश्चात मण्डल के कला समिति के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में मण्डल कार्मिक अधिका बसंत लाल ने कार्यक्रम में पधारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए बाबा साहब के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व अपने आप में एक दर्शन है, तथा उनके समानता के सिद्धान्त हमें चिरकाल तक प्रेरित करते रहेंगें। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचार बड़े सार्थक हैं, हम संकल्प लेते है कि उनके द्वारा बताये आदर्शो को अपनायेगें व उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करेगें। समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की मदद करें तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। सामाजिक समानता की स्थापना ही बाबा साहब के जीवन का मुख्य उद्देश्य था।इसके उपरांत एस.सी.एस.टी. एसोसिएशन के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सम्पतलाल मीना तथा ओ.बी.सी एसोसिएशन एवं नरमू के पधाधिकारियों ने कार्यक्रम में बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

छात्रों को शोध क्षेत्र में संस्थान की संस्कृति दिखाने का मौका : डॉ .शासनी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के एनबीआरआई में शोधार्थियों के लिए दो दिवसीय पादप महोत्सव की शुरूआत की गयी। सोमवार को वैऔअप- एनबीआरआई में ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि शिक्षा विभाग डॉ. राकेश चन्द्र अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एसीएसआईआर के निदेशक प्रो. मनोज कुमार धर उपस्थित रहे। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ अजित कुमार शासनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।इससे सभी विद्यार्थी अपने शोध को प्रदर्शित कर संस्थान की संस्कृति एवं जीवंतता दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा इस विज्ञान महोत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य शोधार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना एवं प्रोत्साहित करना है। साथ ही उनके अंदर विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए हिम्मत एवं जोश उत्पन्न करना है। इसी क्रम में ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव की संयोजक एवं मुख्य वैज्ञानिक डॉ. विधु साने ने बताया कि इस विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागियों द्वारा दो दिनों में विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।जिसमें मौखिक व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, ट्रेजर हंट, विज्ञान कला शामिल है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में संस्थान में करीब 200 से ज्यादा शोधार्थी भाग ले रहे हैं। आज विभिन्न सत्रों में पादप विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में शोधार्थियों द्वारा 22 मौखिक व्याख्यान एवं 22 पोस्टर प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी और यह आयोजन एसीएसआईआर, गाजियाबाद द्वारा सह-प्रायोजित है। साथ ही समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज कृषि एक ऐसा क्षेत्र बन गया है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं उत्पन्न हो रही है।

17 अप्रैल को आठ सीटों पर थम जायेगा चुनाव प्रचार, त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की आठ सीटों पर 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार थम जायेगा। लोकसभा के सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर प्रमुख दलों के साथ ही छोटे दल भी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंके हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इन आठ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं।प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों में नगीना लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी सात सीटों पर सपा, बसपा और भाजपा के उम्मीदवारों में त्रिकोणी मुकाबला देखने को मिल रहा है। नगीना लोकसभा में भीम आर्मी के संयोजक चन्द्रशेखर आजाद के चुनाव लड़ जाने के बाद वहां चतुष्कोणीय मुकाबला है। प्रथम चरण में सबसे ज्यादा चर्चा में रामपुर लोकसभा सीट है। रामपुर में सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के प्रचार शुरु करते आजम खान के गुट के नेताओं का उन्हें विरोध झेलना पड़ा।

यूपी में गर्मी जनित और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी, लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं।

इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। एक ही स्थान पर पांच अथवा अधिक मरीज मिलने पर टीम बनाकर जांच की जाए ताकि बीमारी की वजह स्पष्ट हो सके। एक ही स्थान पर करीब पांच मरीज मिलते हैं तो वहां स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की टीम लगाई जाए। ऐसे मामलों की हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता

प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

एफएसडीए ने बढ़ाई निगरानी

गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर खुले में जूस, फल एवं खाद्य पदार्थ की बिक्री होती है। इसके संक्रमित होने की आशंका रहती है। ऐसे में एफएसडीए की टीम निरंतर निगरानी करेगी। एफएसडीए के उपआयुक्त हरिशंकर सिंह ने सभी खाद्य निरीक्षकों को हर रोज जांच करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का प्रयोग करें। एक ही तेल को बार-बार गरम करके उससे खाद्य पदार्थ तैयार न करें।

'भाजपा के लोग ही नहीं भारत के लोग भी मानने लगे हैं कि हम जो कहते हैं वो करते हैं'

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय भूपतपट्टी मे जिलाध्यक्ष पुष्पराज और जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह के उपस्तिथि मे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव पत्रकार वार्ता किये। गिरीश चंद्र यादव ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी GYAN यानि गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। जनऔषधि केंद्रों का विस्तार होगा। पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। 10 साल में हमने दिव्यांगजनों को कई सुविधाएं दी हैं। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से काम किया जाएगा। ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है।पिछले 10 साल नारी को समर्पित रहे हैं। आने वाले पांच साल नारी की भागेदारी के होंगे। 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गांरटी ली है। गरीबों की थाली पोषण वाली होगी। उज्जवला योजना आगे जारी रहेगी। जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। पीएम किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी। देश में डेयरी सहकारिता समिति की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।हम दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर के लिए किसानों की मदद करेंगे। धरती की मां की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा भाजपा का संकल्प भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है।

उन्होंने कहा कि देश में जनजाति समाज के योगदान को मान्यता देते हुए हमने जनजाति गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया है। डिजिटल जनजाति कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों को बनाया जाएगा। भाजपा विकास और विरासत में भरोसा करती है। दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल भाषा की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए बीजेपी हर कोशिश करेगी। हम सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बल दे रहे हैं। सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को ऑनलाइन बना रहे हैं। देश के कोने-कोने में वंदे भारत का विस्तार होगा। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम जोरों पर चल रहा है। आने वाले वक्त में उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत यानी चारों दिशाओं में एक-एक बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी।बीजेपी का फोकस ग्रीन एनर्जी पर है। यह देश को सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पिछले साल 17 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल बिके। इससे देश में रोजगार की नई संभावनाएं बनेंगी। वो दिन दूर नहीं जब दुनिया के बड़े-बड़े हब भारत में होंगे। स्पेश में भी हम विश्व में बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे। आज विश्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। संकट के समय इन क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। भाजपा का यह संकल्प पत्र ऐसी ही सरकार की गारंटी देता है। भारत मानवता के कल्याण के लिए निरंतर काम करेगा हमारे लिए दल से बड़ा देश है हम बड़े और कड़े निर्णय लेंगे। बीजेपी ने आर्टिकल 370 को हटाया अब हम सीएए को लेकर आए हैं। बीजेपी देशहित में यूसीसी को आवश्यक समझती है। गरीब को अब उसका हक मिल रहा है और हक मारने वाले जेल जा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होता रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद एक्शन शुरू हो जाएगा। हमने चंद्रयान की सफलता देखी, अब हम गगनयान की यात्रा देखेंगे। 140 करोड़ देशवासियों को हकीकत में बुनने के लिए हम यह संकल्प पत्र लेकर आए हैं। तिरुवल्लुवर कल्चरल केंद्रों का निर्माण करेंगे। आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रिटेल और पर्यटन के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग देंगे। भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी, भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाएंगे।

हम सभी घरों के लिए सस्ती पाइपलाइन गैस उपलब्धता की दिशा में काम करेंगे। हम बिजली बिल जीरो करने की दिशा में काम करेंगे, पीएम सूर्यघर बिलजी योजना लॉन्च होगी। घर में बिजली मुफ्त, एक्स्ट्रा बिजली से पैसे भी मिलेंगे। मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई। उन्होंने आगे कहा कि 2014 में, जब प्रधानमंत्री मोदी जी संसदीय दल के नेता चुने गए थे, तब उन्होंने कहा था, 'हमारी सरकार गरीब, गांव, और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है'। उसी को कार्यरूप देते हुए पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज पीएम आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ पक्के घर बन चुके हैं और इस कार्य को आगे भी जारी रखा गया है। आज 50 करोड़ जनधन खातों में से 55.5% जनधन खाते महिलाओं के नाम पर खोले गए हैं। हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। हमारा घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों ने देश के लिए क्या कल्पना की थी। पीएम मोदी ने आम आदमी की समझ के लिए दृष्टिकोण को सरल बनाया है और इसे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' कहा है।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग ही नहीं भारत के लोग भी ये बात मानने लगे हैं कि हम जो कहते हैं वो हम करते हैं। जिस संकल्प पत्र को हम सामने रखे हैं वो बहुत गहन शोध और सुझावों पर अमल करने के बाद हमने तैयार किया है। मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी है। मुझे इस बात का हर्ष और संतोष है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है। चाहे 2014 का संकल्प पत्र हो या 2019 का घोषणा पत्र हो, मोदी जी के नेतृत्व में हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है। जिस तरह भाजपा ने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर के अपने मुद्दे को पूरा करके दिखाया है उसी तरह तीसरी बार मोदी सरकार अपना वादा पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी। उन्होने दावा किया कि संकल्प पत्र के लिए उसे 15 लाख सुझाव मिले हैं। जनता से मिले इन्हीं सुझावों के आधार पर 2024 के संकल्प पत्र को तैयार किया गया है। देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना लेकर इस संकल्प पत्र को तैयार किया गया है पिछले दस सालों में देश लगातार आत्मनिर्भर हो रहा है। अब तक वह कई क्षेत्रों में विदेशों पर निर्भर करता था, लेकिन कोरोना काल में दो वैक्सीन रिकॉर्ड समय में देकर देश ने अपनी क्षमता साबित कर दिया है। 'मोदी की गारंटी' होने का अर्थ है कि पार्टी चुनावों में जनता से जो वादा करती है, उसे अवश्य पूरा किया जाएगा।

आपराधिक पृष्ठभूमि की प्रक्रिया का पालन करना होगा

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित/प्रसारित कराया जाना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा। पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 04 दिनों के भीतर कराना होगा। दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 05 से 08 दिनों में कराना होगा और तीसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 9वें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक कराना होगा। प्रत्याशियों द्वारा अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना का प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये फॉण्ट साइज के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा या अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कराया जाए, जो किसी एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय समाचार पत्रों में हो।

ऐसे होगा बाबासाहेब के सपनो का भारत : सिकंदर यादव

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। नवयुग मार्केट अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि श्री सिकंदर यादव को आमंत्रित किया व सम्मानित किया इस अवसर पर जनता को सम्बोधित करते हुए श्री सिकंदर यादव ने बाबा साहेब पर अपने विचार रखते हुए कहा कीं बाबा साहेब को हमने मान तो लिया, लेकिन ऐसे बहुत कम लोग हैं जिन्होंने बाबा साहब को जाना है। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि बाबा साहब को मानने से काम नहीं चलेगा, बाबा साहब को जानना बहुत जरूरी है, एक उदाहरण देते हुए श्री यादव कहते है कि बाबा साहब ने जो 17 प्रतिज्ञाएं हम लोगों को दी उस पर चलने वाले बहुत कम लोग हैं बाबा साहब ने भगवान बुद्ध की तरह कहा था कि मैं मुक्तिदाता नहीं हूं मैं मार्गदाता हूँ इसलिए बाबा साहब ने कहा मेरी कभी पूजा मत करो, मैंने जो कहा उसे पर चलने की कोशिश करो,

आगे लोगों को संबोधित करते हुए श्री सिकंदर यादव जी ने कहा कि जब भारत के प्रधानमंत्री जापान जाते हैं तो कहते हैं मैं भगवान बुद्ध की भूमि से आया हूं और जब जापान के प्रधानमंत्री भारत आए तो उन्हें ले गए काशी जी, गंगा जी की आरती कराने, तो ये एक बड़ा भेद है, बाहर जाकर तो कहते हैं कि हम भगवान बुद्ध के देश से आए हैं और जब वो लोग आते हैं तो उन्हें बनारस के घाट पर ले जाते हैं। आगे अपने संबोधन में श्री सिकंदर यादव जी कहते हैं कि पांचवीं शताब्दी में चीन के दो यात्री फाह्यान और ह्वेनसांग ने अपने वर्णन में लिखा है कि ये सारी भूमि अफगानिस्तान से लेकर दक्षिण भारत तक सारी धरती बौद्धमय है जगह-जगह बौद्ध विहार हैं, और हर घर में भन्ते हैं, आप जब यूरोप जाते हैं, जापान जाते हैं, चीन जाते हैं, तो वो कहते हैं भारत का जो धर्म है वो बौद्ध है लेकिन जब वो भारत आते हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है बौद्ध धर्म बिल्कुल नगण्य संख्या में भारत में है। सम्राट अशोक जब भारत के सम्राट थे तो उन्होंने भारत में 80 हजार स्तूप बनवाए थे, उन 80 हजार स्तूप में से कुछ बचे है ये बात मैं इसलिए बता रहा हूं कि मैंने एक बार अपने गुरु जी से पूछा कि इतनी बड़ी संख्या में बहुजन समाज है, दलित है, पिछड़े हैं, वंचित है, माइनॉरिटी है लेकिन उनकी सरकारें नहीं आ पाती है, न्यायपालिका में, कार्यपालिका में या विधायिका में उतना प्रतिनिधित्व नहीं मिलता क्यों? तो गुरु जी ने बड़ी सूक्ष्म बात मुझे बताएं उन्होंने कहा कि बच्चा जब पढ़ाई करता है स्कूल टॉप करता है ,उस टॉपर बच्चों को आप देखना 16 घंटे 18 घंटे पढ़ाई करेगा उसके बाद जो परिणाम आएगा वो रिजल्ट, वो डिग्री उसे मिलेगी। जब 16 घंटे 18 घंटे बच्चा पड़ेगा तो सब चीजों से दूर हो जाएगा, ना वो टीवी देखेगा, ना मोबाइल देखेगा, ना किसी से मिलेगा, ना अच्छे कपड़े पहनेगा, ये सब चीजों का त्याग किया। और जब त्याग किया जाता है तो तप हो जाता है। इसी तरह कोई भी समाज, कोई भी परिवार, कोई भी व्यक्ति ऊंचे स्थान पर तभी पहुंचता है जब त्याग करता है, तप करता है। तो गुरु जी ने कहा कि जो समाज ज्यादा त्याग करेगा तप करेगा वो समाज ऊपर आ जाएगा क्योंकि 15 फीसदी लोग आज भी पिछले 70 साल से किसी भी पार्टी की सरकार आ जाए यही 15% लोग हमेशा सत्ता में भागीदार रहते हैं, तो मैं आपको यह कहना चाहता हूं अगर आप भारत को सच में विश्व गुरु बनाना चाहते हैं जैसे पांचवीं शताब्दी में फाह्यान ने लिखा है।

संक्षेप

किसानो की आवाज दबाने का शर्मनाक: ओम प्रकाश दूबे

अमेठी। सोमवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह की अध्यक्षता में अमेठी कांग्रेस किसान संगठन के जिला अध्यक्ष ओ पी दुबे की अगुवाई में संसदीय क्षेत्र के सभी 17 किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष को संबोधित करते हुए एम एसपी को कानूनी दर्जा, कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना, पीएम फसल बीमा योजना में बदलाव, किसान जीएसटी मुक्त होंगे, आयात निर्यात नीति,देश के आवाम के अन्नदाता एवं देश के 2024 लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र में किसान न्याय के साथ साथ भागीदारी न्याय,युवा न्याय,नारी न्याय,श्रमिक न्याय पर बृहद चर्चा के बाद संबोधित करते हुए जगदीश ने कहा कि अमेठी का हर किसान गूंगी बहरी सरकार को जवाब देने के लिए तैयार है श्री सिंह ने उपस्थित किसान नेताओं को कहा कि अब जबाब देने का वक़्त आ गया है देश व प्रदेश में किसानों की जो हालत है वह किसी से छुपा नहीं है। वार्तानिया हुकूमत से भी ज्यादा बर्बरता पूर्वक किसानों की आवाज को सरकार ने दबाने का शर्मनाक कार्य किया उससे किसान को ही नहीं देश को भी कलंकित किया है बैठक में जिला अध्यक्ष ओ पी दुवे,ददन शर्मा, प्रीति बौद्ध, विजय सिंह,करणवीर सिंह, ध्रुबराज सिंह, रामनरेश, विनोद पाठक, अरविन्द सिंह,वीपी सिंह,अलोक,सुषमा शिवानी, विजय सिंह आदि भारी भीड उपस्थित रही।

पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी जनसुनवाई ,पेंशनर्स के साथ की गोष्ठी

अमेठी। रविवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।उसके बाद पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की ।जिसमें जनपद के पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान के पुलिस पेंशनर्स उपस्थित रहे ।उक्त सभी पेंशनर्स को महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी तथा उनके द्वारा जो भी समस्याएं/शिकायतें बतायी गयी उनके समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

17 ग्राम हेरोईन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। रविवार को उ0नि0 शिवबक्स सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 अरबाज पुत्र मो0 सफीक निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को ग्राम मोहिउद्दीनपुर मोड़ डी0जे0 कान्वेन्ट स्कूल के पास से समय करीब 08 :55 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 17 ग्राम हेरोईन बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

कस्बा कमरौली में किया गया पैदल गस्त

अमेठी। रविवार को लोकसभा चुनाव-2024 शांत, सुरक्षित व निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा कमरौली में बी सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित मंदिर में की गई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

अलीगंज/एटा। सोमवार को अलीगंज मे निर्वाचित राम दरबार मंदिर में वैष्णो देवी मां दुर्गा देवी और बाबा खाटू श्याम के शीश को प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर खाटू बाबा का गुणगान किया और प्रभात फेरी निकाल कर खूब अबीर गुलाल उड़ाया। अलीगंज ब्लॉक के रामनगर गांव में मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर के निर्माणकर्ता बृजेश राज सिंह राठौर और सह कार्यकर्ता सुधीर सिंह राठौर द्वारा कराया गया। नव निर्वाचित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रभातफेरी निकालकर मूर्तियों की स्थापना की गई। प्रभात फेरी के दौरान बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंज्यमान हो गया और श्रद्धालुओं ने जमकर अबीर को ग़ुलाल उड़ाया।

पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर जेसीआई ने सौपा यूपी के उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर 14 अप्रैल 24 को जेसीआई ने वरिष्ठ पत्रकारों के नेतृत्व में एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपा।

पत्रकार समाज और शासन के बीच की मजबूत कड़ी है निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से ही स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित होता है ऐसे मे लगातार देखा जा रहा है कि भृष्ट लोग सच्चाई उजागर करने पर पत्रकार को ही निशाना बनाते है और उन पर झूठे मुकदमे लिखा देते है मुकदमा दर्ज होते ही पत्रकार समाज मे अपना सम्मान खो देता है ऐसे मे आवश्यक है कि कोई भी आपराधिक मुकदमा दर्ज करने से पूर्व प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाये और दोषी पाये जाने पर ही मुकदमा दर्ज हो।ऐसे मे अब आवश्यक है कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ की तरह अब उत्तर प्रदेश मे भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो जिसमे मान्यताप्राप्त व श्रमजीवी पत्रकारो के साथ ही गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को भी शामिल किया जाए।

बता दे कि आज 29 धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेखा अरुण वर्मा जी की लोकसभा में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी संबोधित करने आये थे। इस दौरान जेसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनुराग सक्सेना व मंडल संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर एक ज्ञापन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले माननीय उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी को प्रदेश में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार राठौर, दिनेश सिंह सोमवंशी, शिवेंद्र सिंह सोमवंशी, सुनीत राठौर, राम जी, बासिद अली सहित तमाम पत्रकारों ने मिलकर दिया। जिस पर सरकार की ओर से विचार करने के लिए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त किया।

'बिल्डर बाबा' के नाम से मशहूर सचिन दत्ता समेत 13 पर धोखाधड़ी का मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को फ्लैट बेचने की एवज में करीब 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी में बिल्डर बाबा सचिन दत्ता समेत 13 पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लाजपत नगर के अनुव्रत सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि करीब 13 साल पहले उन्होंने बिल्डर बाबा सचिन दत्ता से फ्लैट के लिए संपर्क किया था।

क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित प्रोजेक्ट में 27 लाख रुपये के फ्लैट का सौदा किया। सौदा तय होने पर उन्होंने 7.55 लाख रुपये नकद दे दिए थे। बाद में बिल्डर बाबा ने बैंककर्मियों से साठगांठ कर 19 लाख रुपये का लोन पास कराया, जिसकी किस्त वह चुका रहे हैं। समय खत्म होने के बावजूद उन्हें फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस मिल रहे हैं। अब तकादा करने पर उन्हें मारने की धमकी मिलती है। आरोप है कि उनके फ्लैट पर कई बार लोन पास कराकर बेचा जा चुका है।

इस मामले में कोर्ट ने साहिबाबाद पुलिस को बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बिल्डर बाबा उर्फ सचिन दत्ता, राजेंद्र दत्ता, सुरुचि दत्ता, राजेश भार्गव, नीरज कुमार, बीएल मीणा, वसुंधरा में पीएनबी के लीगल मैनेजर और कर्मचारी, टेक्निकल मैनेजर, मैनेजर संजय जैन, हरीश पाल बब्बर, पीयूष प्रकाश और प्रशांत कुमार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। एसीपी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई होगी।

शनिदेव मंदिर में हुई भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

कासगंज/एटा। शहर के मालगोदाम रोड स्थित संकटहरण श्री शनिदेव के मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान भी हुआ। प्रतिमा का नगर में भ्रमण कराया गया। मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कन्या पूजन, प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना ने अपनी धर्मपत्नी स्व. उमा सक्सेना की स्मृति में कराया। इस दौरान विहिप, बजरंग दल ने रामउत्सव का आयोजन कर हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती की गई। साथ ही प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर नवल कुलश्रेष्ठ, बासु जैन,विजय सिंह चंदेल, सचिन जैन, राजेश साहू, प्रियांशु साहू, देवी प्रसाद, अनिल जैन, मनीष कावरा, दिनेश अग्रवाल, अमरीश वशिष्ठ, शशांक शारदा, प्रमोद साहू, नवीन सक्सेना, कृष्ण मुरारी, शालू सक्सेना, सोना सक्सेना, केके सक्सेना मौजूद रहे।

बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगी कर रहे भाई-बहन समेत छह गिरफ्तार

इंदिरापुरम। कोतवाली पुलिस ने साइबर अपराध करने वाले गिरोह के छह शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरोह को भाई-बहन चला रहे थे। इनमें युवती के खाते में 30 और 31 मार्च को 1.56 करोड़ रुपये जमा कराए गए, जबकि गिरोह के 16 खातों का पता चला है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग बीमा पॉलिसी दिलाने के नाम पर लोगों से रकम अपने खाते में जमा करा लेते थे। ये खाते किराए पर ले रखे थे, जो लोगों से दस्तावेज लेकर खुलवाए गए थे। भाई-बहन ने कई खाते रेस्तरां के नाम से खोल रखे थे।डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन सिंह पुत्र पुष्कर निवासी पिथौरागढ़ उत्तराखंड, सूर्यप्रताप सिंह पुत्र रामसेवक सिंह निवासी गायत्रीनगर, मैनपुरी, सौरभ कुशवाहा पुत्र रमेश चंद निवासी फर्रूखाबाद रोड, मैनपुरी, प्रदीप सिंह पुत्र श्रीपाल सिकन्द्राराऊ, हाथरस, अमन पाठक पुत्र राजेश पाठक निवासी इंदिरापुरम और अमन की बहन प्रिया पाठक हैं।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चार किमी की छात्र मानव श्रंखला का डीएम ने किया नेतृत्व

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत आज प्रातः 8 बजे जिलाधिकारी आवास से जेब्रा पार्क तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस मानव श्रृंखला में जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आये करीब 4 हजार छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता से जुड़े तरह तरह के आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

मानव श्रंखला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट पुलिस अधीक्षक , क्षेत्र अधिकारी यातायात सहित अनेक विभागों से आए अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला का भव्य आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम एसडीएम सदर ने जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सहित मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मतदाता जागरूकता की कैप अलंकरण किया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी, ने जनपद मुख्यालय के विभिन्न इंटर कॉलेज और महाविद्यालय से आए हुए छात्र-छात्राओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की मानव श्रृंखला का अवलोकन व निरीक्षण किया।

इससे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज जैसे जमील-उर-रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज,एमबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन सहित अनेक कॉलेज के बच्चों को पूर्व निर्धारित स्थान पर खड़ा करके मानव श्रृंखला का आकार प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानव श्रंखला का अवलोकन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा लगाए जा रहे मतदाता जागरूकता के नारों से माहौल पूर्ण रूप से सकारात्मक दिख रहा था।

1700 उद्यमियों को पांच माह बाद मिलेगी प्लांट से पानी सप्लाई

साहिबाबाद। साइट चार औद्योगिक क्षेत्र की 1700 इकाइयों को 320 करोड़ रुपये की लागत के एसटीपी से शोधित पानी की आपूर्ति के लिए पांच माह और इंतजार करना होगा। जलकल के महाप्रबंधक ने उद्यमियों को अप्रैल महीने के बजाय सितंबर से पानी की आपूर्ति देने की बात कही है। वहीं, कई उद्यमियों ने तय दामों पर आवेदन करने से इन्कार कर दिया है। इकाइयों को शोधित पानी देने के लिए करीब 46 रुपये में प्रति हजार लीटर का रेट तय किया है। एसोसिएशन के साथ उद्यमियों ने इस पर आपत्ति उठाई है।नगर निगम ने सीवर के पानी को शोधित कर फैक्टरियों में देने के लिए 320 करोड़ की परियोजना बनाई थी। इसमें इंदिरापुरम एसीपी से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की करीब 1700 इकाइयों को पानी आपूर्ति देने के लिए 95 किलोमीटर की लाइन बिछाने का काम हो गया है। झंडापुर के पास 40 एमएलडी का प्लांट भी बनाया गया है।

नवरात्रि : सातवें दिन श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि देवी की आराधना

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नवरात्र के सातवें दिन जनपद के श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि देवी की विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर व्रत को धारण करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया।

नवरात्र के सातवें दिन आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि देवी की पूजा अर्चना किए जाने का विधान पुराणों में मिलता है नवरात्र के सप्तम दिन मां कालरात्रि की उपासना से प्रतिकूल ग्रहों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली बाधाएं समाप्त हो जाती हैं और जातक अग्नि जल जंतु शस्त्र आदि के भय से मुक्त हो जाता है मां कालरात्रि का स्वरूप भयानक होने के बावजूद भी वह शुभ फल देने वाली देवी है मां कालरात्रि नकारात्मक तामसी और राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश कर भक्तों को दानव दैत्य भूत प्रेत आदि से अभय प्रदान करती हैं मां का यह रूप भक्तों को ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है घने अंधेरे की तरह एकदम गहरे काले रंग वाली शिर के बाल बिखरे रखने वाली माता के तीन नेत्र है तथा उनके स्वास से अग्नि निकलती है कालरात्रि मां दुर्गा का सातवां विग्रह स्वरूप है उनके तीन नेत्र ब्रह्मांड के गोले की तरह गोल हैं उनके गले में विद्युत जैसी छटा देने वाली सफेद माला सुशोभित रहती है इनके चार हाथ है मां कालरात्रि का स्वरूप भयानक है लेकिन यह भक्तों को शुभ फल ही देती हैं इनका वाहन गधा है यह अपने भक्तों की रक्षा के लिए हथियार भी रखती हैं योगी साधकों द्वारा कालरात्रि का स्मरण सहस्त्रार चक्र में ध्यान केंद्रित करके किया जाता है माता उनके लिए ब्रह्मांड की प्रमुख सिद्धियों की प्राप्ति की राह खोल देती हैं मां कालरात्रि के पूजन से साधक के समस्त पाप धुल जाते हैं और उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है कालरात्रि मां के चार हाथों में से दो हाथों में शस्त्र रहते हैं एक हाथ अभय मुद्रा में तथा एक बर मुद्रा में रहता है मां का ऊपरी तन लाल रक्तिम वस्त्र से तथा नीचे का आधा भाग बाघ के चर्म से ढका रहता है मां की भक्ति से दुष्टों का नाश होता है और ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के सातवें दिन जनपद के रामनगर मसौली बदोसराय टिकैतनगर दरियाबाद सफदरगंज सैदनपुर अवरेला अमरा देवी अमरा कटेहरा देवी गुरसेल देवी धामसी देवी शीतला देवी ज्वालामुखी देवी समेत विभिन्न गांवो के देवी मंदिरों में मां के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने धूप दीप मिष्ठान फल फूल आदि सामग्री के साथ व्रत रखकर पूजा अर्चना किया वही सौभाग्यवती स्त्रियों ने मां को अपनी सुहाग सूचक बिंदी सिंदूर कंठहार चूड़ी धानी चुनरिया आदि भेंट करके अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना किया।

अतीक अहमद की बरसी पर कब्र पर छाया रहा सन्नाटा, घर पर भी रहा सियापा, ससुराल में बंद ताला

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सोमवार को माफिया अतीक अहमद के अंत के एक साल हो गए। 15 अप्रैल को ही मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (कॉल्विन) के गेट पर पूर्व सांसद अतीक और उसके भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों को उनके घर चकिया के नजदीक स्थित कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफनाया गया था। फरार चल रही पत्नी शाइस्ता परवीन और अशरफ की पत्नी जैनब का अभी तक पता नहीं चला है।

घटना के एक साल बाद भी चकिया स्थित घर पर रोज की तरह सन्नाटा पसरा रहा और इस रोड पर चलने वाले ई-रिक्शा चालक खंडहरनुमा मकान के अगल बगल लगे अशोक के पेड़ के नीचे आराम फरमाते दिखे।

वहीं कब्रिस्तान पर भी रोज की तरह सियापा रहा। यहां तो पुलिस का पहरा था न ही लोगों की आवाजाही थी, बावजूद इसके परिवार का कोई सदस्य पहली बरसी पर अतीक और अशरफ के साथ अतीक के बेटे असद के कब्र पर नहीं पहुंचा।अतीक, अशरफ और असद की हत्या के भले ही एक साल नहीं पूरे हुए थे, लेकिन पिछले दिनों अतीक के मुहल्ले में ईद का त्योहार पूरे

जोश और खरोश के साथ मनाया गया। अतीक के घर के सामने लगने वाला बच्चों का मेला भी लगा और इसमें लगे झूले पर बच्चे उछल कूद करते थे।

अतीक की हत्या के बाद यह दूसरी ईद है। पहली ईद हत्या के कुच दिन बाद ही पड़ी थी, तब मुहल्ले में सन्नाटा पसरा था और मेला नहीं लगा था, लेकिन इस ईद पर काफी चहल पहल दिखी। चकिया में अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के घर पर ताला लटका मिला। उमेश पाल की हत्या के बाद से परिवार के लोग घर छोड़कर फरार हैं। अतीक का ससुर मो. हारून का भी

पता नहीं चल रहा है। घर पर ताला लटका हुआ मिला।

माफिया अतीक अहमद को बेटों अली और उमर की भी खुली हिस्ट्रीशीट

प्रयागराज। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या को आज एक साल पूरे हो गए। इसके ठीक एक साल बाद अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की खुल्दाबाद थाने में हिस्ट्रीशीट खोली गई। उमर की हिस्ट्रीशीट को 57 बी नंबर दिया गया जबकि दूसरे नंबर के बेटे अली अहमद उर्फ अली की हिस्ट्रीशीट का नंबर 48 बी है। अतीक अहमद की हिस्ट्री सीट का नंबर 39 और अशरफ की हिस्ट्रीशीट का नंबर 93 था।

अतीक अहमद अंतर्राष्ट्रीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की हिस्ट्रीशीट थी। अतीक पर 105 से अधिक मुकदमे दर्ज थे जबकि अली पर 11 और उमर पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। अतीक अहमद दूसरे नंबर के बेटे अली को ही अपना उत्तराधिकारी बनाने की चाहत रखता था। अतीक अक्सर अपने बातों में ऐसा कहा करता था। अतीक के एक बेटे असद की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो चुकी है जबकि अली को सबसे शातिर माना जाता है। करेली, खुल्दाबाद, धूमनगंज समेत अन्यथाओं में अली पर गंभीर केस दर्ज हैं। नैनी सेंट्रल जेल में रहते हुए उसके ऊपर धमकाने रंगदारी मांगने आदि के केस दर्ज किए गए हैं।

अली ने गुड्डू मुस्लिम को बताया गद्दार

प्रयागराज। माफिया अतीक और अशरफ हत्याकांड की पहली बरसी से पहले पुलिस ने जेल में बंद अतीक के बेटे अली से पूछताछ की। तब अली ने कहा कि गुड्डू मुस्लिम गद्दार है। उसकी तरह कई और भी गद्दार हैं।

अली का दावा है कि चाचा अशरफ यही बात बताने वाले थे, लेकिन उनका कत्ल कर दिया गया था। अली अहमद के बयान से अब गुड्डू मुस्लिम की गद्दारी और उसके भरोसे को लेकर कई तरह की चर्चा तेज हो गई है। उमेश पाल हत्याकांड में गुड्डू फरार चल रहा है।

कूटरचित रजिस्ट्री प्रकरण-बड़े अधिकारियों के अनैतिक लाभ का खुलासा होने के डर से नहीं करती पुलिस कार्रवाई

प्रयागराज। जनपद के सदर तहसील में कूटरचित रजिस्ट्री/बैनामा बनाने व कब्जा करने वाले माफिया अतीक अहमद के गुर्गों को पकड़कर खुलासा करने से पुलिस बचती है। जबकि अन्य मामलों में माफियाओं पर सख्त कार्रवाई भी हो रही है। मगर जमीनों की कूटरचित रजिस्ट्री के खुलासे से आखिर क्यों बचती है यह जानने के लिए बहुत जद्दोजहद के बाद तमाम विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी चौकाने वाली है। मामला राजस्व का है सभी आलाधिकारी जानते हैं कि बड़े पैमाने पर फर्जी वाड़ा होता है, लेकिन राजस्व विभाग के चपरासी, बाबू, सब रजिस्ट्रार, तहसील के चपरासी, बाबू, अमीन, लेखपाल, क़ानूनगो, नायब, तहसीलदार, एसडीएम व और बड़े अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है इसीलिए एसटीएफ, क्राइम ब्रांच, एसओजी कोई खुलासा नहीं करती है। और न ही सीबीआई के पास इस अति गंभीर मामले को जाने देती है, न ही कूटरचित दस्तावेजों की कोई फॉरेन्सिक जाँच कराई जाती है। वरना 24 घण्टे के अन्दर सारे भू-माफियाओं, ठगों व भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे विभागीय अधिकारी, कर्मचारी पकड़ जाएँ और वर्षों से बदस्तूर चल रहे जमीन, मकान के कूटरचित दस्तावेज बनाने वाले गैंग का खुलासा हो जाए। मगर मुख्यमंत्री योगी के अलावा किसी की हैसियत नहीं है जो फर्जीवाड़े के इस काकस को तोड़ सके। जिले का कोई अधिकारी नहीं चाहेगा कि इन खरतनाक माफियाओं का खुलासा हो और सरकारी लोगों पर कार्रवाई हो।

तीन वारंटी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । पुलिस ने न्यायालय से जारी तीन वारंटी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। बताते चलें की मलाकामय भैसाही गांव निवासी लाल चंद्र पुत्र ननकू, उमाशंकर पुत्र प्रेमचंद व लाल चंद्र निवासी बदली का पूरा के विरुद्ध 452, 392, 323, 504, 506 आईपीसी में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया। आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के कुशल पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक रामायण सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने तीनों को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

नॉर्दन एवं विष्णु भगवान फ़ाइनल में

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग के तीसरे दिन लीग मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी एवं विष्णु भगवान स्कूल बॉयज झलवा के बीच खेला गया मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा।

प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच मे ऑफ साइड एफ सी ने बमरौली नार्थ कैंपस बॉयज को 4-0 से हराया। विजेता टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी।

विजेता टीम की ओर से विभु वालिया ने दो, अंश एवं मयंक ने एक - एक गोल किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने विभु वालिया को दिया। विष्णु भगवान एवं नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने अपने अपने तीन मैच में दो दो मैच जीतकर, कुल पांच पांच अंको के साथ फ़ाइनल में क्वालीफाई किया।

आपका वोट आपकी ताकत- जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत चहल ने आर्य कन्या शिक्षण समूह द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोगो का मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 25 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्यक करें। उन्होंने कहा कि आपका वोट आपकी ताकत है। रैली को सम्बोधित करते हुए शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि मतदान का प्रयोग हर मतदाता को अवश्य करना चाहिए। रैली आर्य कन्या डिग्री कॉलेज से आरम्भ होकर मुट्ठीगंज कोठापार्चा होते हुए महाविद्यालय मे आकर समाप्त हुई। रैली में प्राचार्या प्रो0 अर्चना पाठक, समूह सलाहकार डॉ0 ममता

गुप्ता, प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना जायसवाल, उप प्रधानाचार्या आशा श्रीवास्तव, श्रीमती नीना प्रजापति, इंचार्ज श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी व रैली की संयोजिका डॉ0 रंजना त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनुपमा सिंह, डॉ0 अर्चना सिंह, ले0 डॉ0 दीपशिखा, डॉ0 प्रियंका, डॉ0 पूजा, डॉ0 आरती, डॉ0 अमित शुक्ला, इंचार्ज जूही, आकांक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं, एन.सी.सी. कैडेट्स, आर्य कन्या इण्टर हिन्दी एवं इंग्लिश मीडियम के छात्र एवं छात्राएं, अपराध निरोधक के सचिव श्री संतोष श्रीवास्तव व उनकी टीम, आर्य समाज के रवीन्द्र नाथ जायसवाल, पी.एन. मिश्र, मदन शर्मा, बी.एल. भारतीय, अंगद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय अपना दल के संस्थापक चौधरी परशुराम निषाद को दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। राष्ट्रीय अपना दल केन्द्रीय कार्यालय पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी परशुराम निषाद के सुपुत्र अमरदीप निषाद ने चाचा चौधरी व अपने पिता के जीवन काल का वर्णन करते हुये बताया कि मेरे पूज्य पिता का जीवन काल सदैव गरीबों, शोषितों, वंचितों, पीड़ितं तबको के लिये समर्पित रहा है। जो किसी से छिपा नही है। चाहे किसानों के जमीन अधिग्रहण का मामला हो या बालू खनन माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने की बात हो, उनका जीवन सदैव ही संघर्षों से जुड़ा रहा है। मेरी रगों में भी उन्ही का खून दौड़ रहा है, उनके द्वारा स्थापित पार्टी राष्ट्रीय अपना दल जो कमेरा समाज की लड़ाई लड़ने के लिये के लिये बनाई गई थी उनको आगे बढ़ाने के लिये संकल्पित हूँ।

उन्होंने कहा कि जहाँ भी जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मै हमेशा तत्पर रहूँगा, मैं

किसी भी आन्दोलन मे पीछे नही रहूँगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अपना दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तथा फूलपुर लोकसभा के प्रत्याशी महंत घनश्याम दास शास्त्री महराज उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर गरीबों को भोजन भी वितरण किया गया।

श्रद्धांजलि देने वालों में अभिमन्यु कुमार निषाद, एडवो0 राजेन्द्र सिंह, एडवों0 शिवेन्द्र श्रीवास्तव, श्रवण कुमार निषाद, जीतेन्द्र शुक्ला, एडवो0 अमर कीर्ति निषाद, एडवो0 सुबोध गोस्वामी, राधेश्याम निषाद, बजरंगी निषाद, एडवो0 रमेश पटेल, एडवो0 राममूर्ति प्रजापति, शम्मी निषाद, सूरज निषाद, अतियुक्ष निषाद, एडवो0 सोनम निषाद (अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), इशिता त्रिपाठी, जगत राम निषाद, मुकेश निषाद, लवकुश निषाद, घनश्याम सोनकर, आशु सोनकर, देवेन्द्र सोनकर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

कला के विद्यार्थियों ने सीखी कला की बारीकियां

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सोमवार को सम्मान कल्चर आर्ट फाऊंडेशन उ.प्र. के तत्वाधान में मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी के निवर्तमान सदस्य आशुतोष त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि वामन आनंदराव वानखेडे असिस्टेंट क्युरेटर इलाहाबाद संग्रहालय, डॉ.नगीना राम इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था के सचिव नीरज कुमार कुशवाहा ने किया।

सचिव ने बताया सभी प्रतिभागी कलाकारों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कार्यशाला के संयोजक निवर्तमान कार्यकारिणी सदस्य राज्य ललित कला अकादमी उ. प्र. रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया यह कार्यशाला 15 अप्रैल से

24 अप्रैल प्रत्येक शाम 4ः00 बजे से 6ः00 बजे तक चलेगी और 20 अप्रैल को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यशाला में कलाकार प्रशिक्षक प्रतिभागी बच्चों को सभी कलाओं में प्रशिक्षित करेंगे प्रशिक्षक वरिष्ठ कलाकारों में, कसीम फारूकी, राजेंद्र भारतीय, तलत महमूद, रमेशचंद शर्मा, शुभम कुशवाहा, ऋषि श्रीवास्तव, पूनम कुशवाहा, किरन पटेल शुम्बुल परवीन, अन्य कलाकार प्रशिक्षित करेंगे। कार्यशाला में प्रतिभागी कलाकारों में कृतिका श्रीवस्तव, प्रतीक्षा सिंह, अनामिका कुशवाहा, शनवी श्री, शुभी कुशवाहा, श्री उपाध्याय, काजल जायसवाल ने कला की बारीकियां सीखी।

भगवान जगन्नाथ जी जगत के स्वामी- पंडित मनोज पांडे

भगवान जगन्नाथ जी की व्रत कथा का हुआ आयोजन

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज के तत्वाधान मे भगवान जगन्नाथ जी की व्रत कथा का आयोजन प्रयागेश्वर मंदिर काशी राजनगर भगवान जगन्नाथ जी के धाम में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष दाऊ दयाल गुप्ता एवं मंत्री गगन दास गुप्ता के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी का पूजन अर्चन एवं महा आरती की गई। तत्पश्चात पूज्य पंडित मनोज पांडे ने भक्तों को भगवान जगन्नाथ जी की व्रत कथा की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ जगत के स्वामी है

और इनकी व्रत कथा का पाठ करने से मनुष्य को सुख शांति वैभव की प्राप्ति होती है। आगे उन्होंने कथा को

विस्तार पूर्वक भक्तों को सुनाया। तत्पश्चात् भगवान जगन्नाथ जी की महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कथा का संचालन रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर राजेश केसरवानी, जय राम गुप्ता, अमर रस्तोगी ज्योति आनंद गुप्ता, आशीष केसरवानी, हैप्पी कसेरा, दीपू बाबू आदि ट्रस्ट के कार्यकर्ता रहे।

स्वामी वासुदेवानंद के आश्रम प्रबंधन को मिली जान से मारने की धमकी

दारागंज थाने में दर्ज हुआ मुकदमा, शिष्य ने दर्ज कराया बयान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्य को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने बयान दर्ज किया है। जिस नंबर से फोन कर धमकी दी गई थी उसे सर्विलांस में लगाया गया है।

हालांकि वह नंबर लगातार बंद चल रहा है। सोमवार को दारागंज थाने में पुलिस ने शिष्य का बयान दर्ज कर रिकॉर्डिंग आदि लिया और मुकदमा दर्ज कर लिया।

दारागंज थाना क्षेत्र के अलोपीबाग में शंकराचार्य आश्रम में रहने वाले जितेंद्र तिवारी उर्फ जितेंद्रानंद ने पुलिस को बताया कि उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जितेंद्र तिवारी स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्य हैं।

ज्ञात हो कि स्वामी वासुदेवानंद जी महाराज श्री राम जन्मभूमि कमेटी के वरिष्ठ सदस्य हैं। जितेंद्रीनंद पिछले 10 वर्षों से स्वामी जी महाराज के आदेश से शिवजी विराजमान मठ व श्री स्वामी गोविंदपुरी इंटर कॉलेज फतेहपुर का कामकाज देख रहे हैं।

साथ ही मोनी बाबा कुटी आदमपुर घाट फतेहपुर और शिवजी विराजमान मठ धनपालपुर सरेनी जनपद रायबरेली प्रबंधक है।

मां शारदा कॉलेज के विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह 21 अप्रैल को

प्रयागराज। मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस के जीएनएम, एएनएम तथा द्वितीय बैच के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 21 अप्रैल को सुबह साढ़े ग्यारह बजे करमा रोड गौहनिया स्थित कालेज परिसर में आयोजित होगा। समारोह की मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्याायलय की न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान होंगी।

उक्त जानकारी कॉलेज के निदेशक द्वय डॉ. आरके अग्रवाल और श्रीमती प्रीती अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दी। निदेशक गण ने बताया कि समारोह के सम्मानित अतिथियों में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. वत्सला मिश्रा, विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ. वीके सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ. आशु पांडेय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉ. भूपेश द्विवेदी, प्रयागराज चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विवेक मिश्रा तथा आयुर्वेदिक कालेज हंडिया प्रयागराज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जीएस तोमर समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे।

मैथ्स ओलम्पियाड में न्यू स्टैडर्ड बालिका विद्या मंदिर की फातिमा खान, अंशिमा मौर्या को जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन परीक्षा 2023-24 में मैथ्स ओलम्पियाड (आईएमओ) में फातिमा खान, अंशिमा मौर्या ने जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन तथा अन्य 20 बच्चों ने स्कूल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेन्स, विज्ञान विशय (एनएसओ) में अमृता श्रीवास्तव, दिव्यांशी वर्मा, तैय्यबा फातिमा तथा स्वस्तिका गुप्ता ने जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन तथा अन्य 18 बच्चों ने स्कूल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेन्स, सामान्य ज्ञान (जीके) में अभिनव कुमार, अवन्या गुप्ता, दिव्यांश यादव ने

जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन तथा अन्य 6 बच्चों ने स्कूल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेन्स, कम्प्यूटर (एनसीओ) में आयूशी सिंह ने जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन, इंग्लिश (आईईओ) में आराध्या पाल ने जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल ऑफ डिक्टिंक्शन प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। एसओएफ द्वारा आयोजित इस परीक्षा में विविध विशयों के उन शिक्षकों को भी फाउंडेशन द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जिनका बच्चों की तैयारी में सराहनीय योगदन रहा।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह और हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल द्वारा बच्चों को सर्टीफिकेट देते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने स्कूल के बच्चों द्वारा प्राप्त की गई उनकी उपब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही उन सभी शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने बच्चों की तैयारी में अपना सराहनीय योगदान दिया।इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

पेपर लीक नियंत्रण के लिए लागू होगा कानून- धर्मराज मौर्य

स्टार्टअप इको सिस्टम का होगा विस्तार- गणेश चन्द्र केशरवानी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य की अध्यक्षता में भाजपा के घोषित संकल्प पत्र पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बतौर मुख्य अतिथि महापौर प्रयागराज गणेश चन्द्र केशरवानी व जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता एवं सांसद विनोद कुमार सोनकर उपस्थित रहें। पत्रकार वार्ता में भाजपा का संकल्प पत्र की घोषणा के संबंध में रखा गया था। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी ने घोषणापत्र को भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी नाम दिया है भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने संकल्प पत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों पर ध्यान केंद्रित किया है। इस संकल्प पत्र में महत्त्वपूर्ण बाते बताई की भारत आत्मनिर्भर और एक सशक्त राष्ट्र बनने में रोड मैप लाई गई है। विकसित भारत बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण बात इस संकल्प पत्र में की गई है। गरीब परिवारों की सेवा,मध्यम वर्ग परिवारों का विश्वास, युवाओं की अवसर पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू करेंगे, स्टार्टअप इको सिस्टम का विस्तार किया जाएगा। पर्यटन में रोजगार के नए अवसर पैदा कि ये जाएंगे किसानों को सम्मान, सहयोग के माध्यम से समृद्धि को बढ़ावा देने के अनुरूप, देशभर में डेयरी सहकारी समितियों की संख्या का विस्तार करने के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी नीति पेश की जाएगी। भाजपा ने सब्जी की खेती और भंडारण के लिए नए क्लस्टर स्थापित करने की योजना बनाई है। भाजपा प्राकृतिक खेती के तरीकों को प्राथमिकता देगी दे गी और नैनो यूरिया प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपना ने को बढ़ावा देगी। भाजपा का लक्ष्य किसानों को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए किसान समृद्धि केंद्रों की पहुंच का विस्तार करना है। इज ऑफलिविंग की मोदी की गारंटी ऐसी कई योजना जिससे 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता, लोकसभा संयोजक राकेश पांडे, सत्यम केसरवानी, जितेंद्र साहू, गोलू सिंह पटेल आदि मौजूद रहें।

लालगंज कस्बे में हुई चोरी से लोगों में मचा हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। नगर के शांति नगर मोहल्ले में राजेंद्र सोनी पुत्र अंबिका सोनी के घर में चोरों ने हाथ साफ करते हुए लाखों का माल पार कर दिया है ।चोरी की वारदात के समय घर में बाहर से ताला बंद था और घर वाले अपने पैतृक गांव बेहटा कला गए हुए थे। पड़ोसियों के द्वारा सूचना मिलने पर जब वह लालगंज स्थित अपने घर पहुंचे तो देखा कि चोरों ने सोने के जेवरात व नगदी पार कर दिया था। मामले की सूचना पीड़ित राजेंद्र सोनी ने पुलिस को दी है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए चोरों को पकड़ने की बात कही है।

राजेंद्र सोनी के घर घुसे चोरों ने रविवार की रात सूना घर प्रकार चोरी की वारदात की है। चोरों ने चोरी करने के पहले राजेंद्र सोनी के आसपास के घरों में बाहर से कुंडी लगा दी थी और आराम से चोरी करते हुए माल पार कर दिया। सुबह जब लोगों ने देखा कि उनके घर के बाहर की कुंडी बंद है तो मोबाइल से फोन करके दूसरे लोगों से कुंडी खुलवाया, तब जाकर पता चला कि राजेंद्र सोनी के घर में चोरी की घटना हुई है।

राजेंद्र सोनी ने बताया कि सोने के जेवरात और 20-25 हजार रुपए नगद चोरों ने पार कर दिया है।

आखिर क्यों बारह लाख से अधिक लगान बकायेदार के आवेदन का हवाला देकर तालाब का पट्टा नहीं कर रहा तहसील महोली प्रशासन?

समय से लगान जमा करने वालों को किया जा रहा रोजगार से वंचित

महोली,सीतापुर। तहसील प्रशासन ना ही बकाया लगान जमा करा पा रहा है और ना ही तालाब का आवंटन कर रहा है जिससे एक तरफ तो राज्य सरकार को राजस्व क्षति हो रही है वहीं दूसरी तरफ मत्स्य पालन के लिए इच्छुक समिति के सदस्यों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है। इतना ही नहीं लाखों का वार्षिक लगान बकाया होने पर भी मत्स्यजीवी सहकारी समिति लि0उरदौली को तालाब पट्टा आवंटित कर दिया गया तथा मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0चवाबेगेमपुर को तालाब पट्टा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी हो कि कार्यालय उप जिलाधिकारी महोली के पत्रांक 5256/रा0का0/मत्स्य पालन आवंटन/2023-24दिनांक 16-10-2023 के अनुसार दिनांक 21नवम्बर 2023व 22नवम्बर 2023को आयोजित तालाब नीलामी शिविर में ग्राम सभा हाजीपुर परगना महोली के गाटा संख्या435,क्षे010•631 हे0तालाब के लिए मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0महोली के अलावा मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 चव्वावेगमपुर ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। तहसील प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मत्स्य पालन के पट्टे के लगान का बकायेदार व्यक्ति अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा देने हेतु शामिल नहीं किया जाएगा, दर्शाया गया था तथा कार्यालय उप जिलाधिकारी महोली के पत्रांक मेमो/रा0का0-उ0जि0अ0/तालाब पट्टा/निरस्तीकरण/2023दिनाँक 20नवम्बर 2023के अनुसार तालाब गाटा सं0498मि0, क्षे02ज्ञ947 हे0स्थित ग्राम सभा रायपुर परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर को 7 वर्ष के लगान मूल्य 2 लाख 10 हज़ार रुपए व गाटा संख्या 272/22रकबा क्षे06•123हे0 स्थित ग्राम सभा बेहड़ा परगना व तहसील महोली को भी 7 वर्ष के लगान मूल्य ₹4 लाख34हज़ार जमा न करने के कारण रामरतन सचिन मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0चव्वाबेगमपुर के नाम आवंटित तालाब पट्टा को निरस्त किया गया था। जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार रामरतन सचिव मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0चव्वाबेगमपुर पर तालाबों का कुल लगान 12 लाख 39हज़ार रुपए अवशेष बकाया दिखाया गया है। फिर भी तहसील प्रशासन रामरतन सचिव मत्स्य जीवन सहकारी समिति लिमिटेड चव्वाबेगमपुर के आवेदन का हवाला देकर तालाब का पट्टा नहीं कर रहा है जिससे एक तरफ राजस्व क्षति हो रही है वहीं दूसरी तरफ मत्स्य पालन के इच्छुक मछुआ समुदाय को रोजगार से वंचित किया जा रहा है।

सड़क किनारे मिला नवजात का शव

बिसवां,सीतापुर। सदरपुर थाना इलाके के गांव फरदापुर के पास नवजात का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची सदरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। किसी अज्ञात महिला ने अपने शारीरिक सुख के लिये मां की ममता का गला घोट दिया। सदरपुर के फरदापुर गांव के सामने बिसवां - रेउसा मार्ग के किनारे रहीस अहमद की मोटरसाइकिल सर्विस और धुलाई की दुकान है। सोमवार को सुबह जब रहीस अपनी दुकान खोलने आया तो देखा सड़क किनारे एक सफेद कपड़ा पड़ा है। उसने सोचा कि यह कपड़ा धुलाई के बाद गाड़ियों के पोछने के काम आयेगा। जैसे ही उसने सफेद कपड़ा उठाया तो उसके होश उड़ गये। उस कपड़े के नीचे नवजात का शव पड़ा हुआ था। वह भागता हुआ गया और पड़ोस के सुधीर वर्मा को बताया। सदरपुर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पी एम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नवजात के शव को पीएम के लिए भेजकर कार्यवाही की जा रही है।

घर-घर विद्या दीप जलाओ अपने बच्चों को जरुर पढ़ाओ निकाली गई शिक्षा जागरूकता रैली

रामपुर मथुरा,सीतापुर। विकास खण्ड रामपुर मथुरा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय अखरी (कंपोजिट) के समस्त छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षा जागरूकता रैली का अयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों सहित क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने काफी संख्या में प्रतिभाग किया।रैली को विद्यालय के सहायक अध्यापक अजय कुमार सक्सेना के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल बच्चों ने बच्चे ÷मम्मी -पापा हमें पढ़ाओ,स्कूल चलकर नाम लिखाओ।÷ ÷हर बच्चे की मांगें चार- शिक्षा,सेहत,हक और प्यार।÷ ÷कदम क्रांति के नहीं रुकेंगे, लड़का-लड़की सभी पढ़ेंगे।÷आधी रोटी खा लेंगे, पढ़ने स्कूल जरूर जायेंगे÷। आदि प्रेरक नारों के साथ रैली क्षेत्र के विभिन्न गांवों जिनमे हरिद्वार पूरवा, गोदाहा,बाबा कुटी,आखरी,शंकर पुरवा आदि गांव होते हुए पुनः उच्च प्राथमिक विद्यालय अखरी (कंपोजिट) में पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। सर्व शिक्षा अभियान के तहत मतदाता जागरूकता

संगोष्ठी का आयोजन किया।इस रैली का मुख्य उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व को बताना और नामांकन के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में बच्चों के साथ चल रहे अध्यापक रास्ते में जगह-जगह रुक कर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह कर रहे थे,रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव ने अभिभावकों से मिलकर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की, उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों का दाखिला जरूर कराएं। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अजय कुमार सकसेना,अंकिता, निधि, विनोद कुमार,अनुदेशक जयकरन वर्मा, शिक्षामित्र सुंदरलाल, सुनीता मिश्रा ,भंडारी पार्वती, चेतराम,रामवती सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव- जयप्रकाश पाण्डेय

सिधौली,सीतापुर। सोमवार को तहसील क्षेत्र सिधौली के ग्राम सोनारी स्थित जय शिक्षा निकेतन शिक्षण संस्थान के द्वारा उपजिलाधिकारी अनिल कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया आगामी 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावो में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से ग्राम रघुराजपुर तथा सोनारी में जन जागरूकता रैली के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता चंद्रशेखर प्रजापति ने बताया मतदान ही लोकतंत्र का प्राण है इसलिए गांव के लोगों को जागरूक करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगों को मतदान करने के लिए अपील की। प्रबंधक जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा लोकतंत्र में` शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास संभव है। प्रधानाचार्य आशीष पाण्डेय ने बताया महिला, दिव्यांग और वृद्धों को मतदान के लिए प्रेरित करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है कार्यक्रम के मौके पर दिव्यांशी पांडे, दिनेश मिश्रा, श्री कृष्ण, संदीप मिश्रा शिवानी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग के रहमो कर्म से जिले में फलफूल रहे है झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार

सीतापुर। वैसे तो पूरे जिले में झोला छाप डॉक्टरों का मकड़ जाल फैला हुआ है और वह स्वास्थ्य विभाग के रहमों कर्म पर भोली भाली जनता का दोहन करने में गुरेज नहीं कर रहे हैं इन झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से लोग असमय में काल के गाल में समा जाते हैं कुछ देर हो हल्ला होने के बाद मामला फिर ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है और ऐसे मौत के सौदागर फिर अपना धंधा बद्दस्तूर जारी कर देते हैं। इसी श्रृंखला में जिले की तहसील लहरपुर में झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़ जाल फैला हुआ है और वह लोग धड़ल्ले से भोली भाली जनता का दोहन कर रहे हैं। बताते हैं कि जिले की तहसील लहरपुर के कस्बा लहरपुर में कौन है मासूम बच्चों की मौत का गुनहगार लगातार आ रही शिकायतों पर आखिर क्यों मेहरबान है स्वास्थ्य विभाग। आपको बताते चले लहरपुर नगर में लगातार कई महीनों से यह शिकायतें आ रही थी कोई एएनएम व आशा बहू के द्वारा दस हजार में अबॉर्शन एवं डिलीवरी के नाम पर सात से आठ हजार रुपए लिए जा रहे थे किंतु कोई पुख्ता सबूत न होने के चलते मीडिया में समुचित खबरें प्रकाशित नहीं हो पा रही थी, किन्तु समय का चक्र बड़ा होता है और पाप का घड़ा भरने पर फूटता जरूर है। ऐसा विद्वानों के द्वारा समय-समय पर बताया गया।

इन दिनों सोशल मीडिया पर कुछ वॉइस रिकॉर्डिंग एवं वीडियो वायरल हो रहे हैं । जो चिल्ला चिल्ला कर गवाही दे रहे हैं कि कोई एएनएम शीबा पुत्री इशरत अली बताई जा रही है। हालांकि अखबार इसकी पुष्टि नहीं करता।

वीडियो भी ऐसी गवाही दे रहे हैं कि एक मकान के अन्दर गंदा ब्लड व गंदे कपड़े यह जरूर कह रहे हैं कि इस मकान में नव निहाल बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । साथ ही यह भी जानकार कहते हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की कुछ आशा बहुएं जो शीबा और सोफिया नामक महिला से अच्छे तालमेल बनाए हुए हैं और वह निडर होकर अबॉर्शन करती हैं।जब कहीं बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र की बात आती है तो आशा बहू के द्वारा ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जन्म प्रमाण पत्र बनवा दिया जाता है ऐसा जानकारों का कहना है।

दिलचस्प बात यह है कि सूफिया नामक महिला चंद समय पहले किसी अस्पताल में साफ सफाई का काम करती थी ऐसे ही सीबा का भी किसी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्य करने की चर्चा सुनी गई है। वहां से ट्रेंड हो जाने के बाद मोहल्ला इंदिरा नगर में अपने मकान से पश्चिम तीन मकान छोड़कर चौथे मकान को किराए पर लेकर अपना फर्जी हॉस्पिटल बिना कोई डॉक्टर के खोल कर भोली भाली जनता के साथ एवं नौनिहाल बच्चों के साथ खिलवाड़ करते हुए अपना हॉस्पिटल चला रही है।

कुछ लोगों का कहना है कि वायरल वीडियो में भी देखा जा सकता है कि शीबा के अस्पताल में साफ सफाई की क्या व्यवस्था है।

सूत्रों के मुताबिक शीबा नामक महिला ने अपने अस्पताल के अन्दर वार्मर मशीन जो कि बच्चों के रखने वाली एक प्राण दायक मशीन होती है। उसके स्थान पर बेड के चारों तरफ हीटर लगाकर बच्चों को रेडियोथैरेपी दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली है टीम का गठन कर जल्द ही फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

न्यायालय के आदेश पर सीज महाविद्यालय में चोरी

कुंडा-प्रतापगढ़। माननीय न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा सीज किए गए महाविद्यालय में अज्ञात बदमाशों ने सफलतापूर्वक चोरी को अंज़ाम देते हुए विद्यालय से भारी समान उड़ा ले गए। मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी मऊ दारा निवासी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छबि नाथ यादव का दहेगरी जमालपुर गांव में स्व.सुंदरलाल यादव महाविद्यालय का है। जो बीते कई वर्षों से संचालित है। राजनीतिक द्वेष भावना से प्रतिद्वंदियों ने झूठे आरोप लगाकर विद्यालय को माननीय न्यायालय के आदेश पर 2 वर्ष पूर्व सीज करा दिया था। महाविद्यालय में तालाबंदी होने से विद्यालय में शैक्षणिक कार्य स्थगित है। जब से विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बंद है। तब से विद्यालय की संपत्ति प्रशासन की देखरेख में है।

अज्ञात कारणों से लगी आग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

सिधौली देहात,सीतापुर। थाना राम पुर कलां इलाके के लखवा पुर में सोमवार दोपहर बाद बालक पुत्र माधव ने खेत में गेंहूं बो रखा था मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक तीन बीघे गेंहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें आसपास के खेतों में भी पहुंचने लगी थी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पूरी तरह से आग को नियंत्रण में किया।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के निर्देश पर लहरपुर गैस एजेंसी द्वारा चलाया गया सुरक्षा अभियान

लहरपुर,सीतापुर। क्षेत्र में बढ़ती हुई गैस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निर्देश पर लहरपुर गैस एजेंसी द्वारा चलाया गया विशेष सुरक्षा अभियान, गैस से बढ़ रही दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए लहरपुर गैस सर्विस द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सही ढंग से गैस उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया। लहरपुर गैस सर्विस द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के निर्देश पर गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा गैस उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उन्हें सुरक्षा नियमों के बारे में जहां जागरूक किया गया वहीं उनके चूल्हे और गैस पाइप की निशुल्क जांच की गई।

लहरपुर गैस सर्विस के मनोज मेहरोत्रा

ने बताया कि गैस उपभोक्ताओं के घर घर जाकर गैस सर्विस के कर्मचारी उनके चूल्हे व गैस पाइप की जांच कर रहे हैं जिन उपभोक्ताओं के गैस पाइप खराब हो गए हैं उन्हें बदलने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि, अबतक लगभग चार सौ से अधिक गैस उपभोक्ताओं को गैस के सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उनके गैस उपकरणों की जांच की जा चुकी है, उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा यह जांच अभियान निशुल्क चलाया जा रहा है।

भाजपा के बहकावे में न आए किसान- शिव प्रकाश सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। जोर शोर के साथ चल रहे लोकसभा चुनाव में विगत काफी समय से किसानों की अनदेखी कर रही भाजपा को हर तरह की प्रताड़ना झेल रहे किसान भाइयों द्वारा एकजुटता के साथ सबक सिखाने का समय आ चुका है ।यह बात राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी किसान मंच शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहीं है।उन्होंने कहा दस वर्षों से केन्द्र की सत्ता पर काबिज भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है समयानुसार झूठे वादे कर अपना उल्लू सीधा करना ही सत्ता रूढ़ भाजपा का उद्देश्य है लम्बे समय तक चले किसान आन्दोलन में शहीद सैंकड़ों किसानों के बलिदानों को भुलाकर भाजपा और किसानों के बीच हुए समझौते पर अब तक अमल नहीं किया गया।लखीमपुर

कांड में क्रूरता के साथ गाड़ियों से कुचल कर मारे गए किसान भाइयों और पत्रकार साथी की आत्माएं न्याय न मिल पाने के कारण ऊपर कराह रही है।और उन शहीदों के परिवार खून के आंसू रोने को मजबूर हैं।फिर भी इस जघन्य अपराध के जिम्मेदार महोदय अब भी केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री पद पर विराजमान होकर फिर चुनाव मैदान में हम किसानों की खिल्लियां उड़ा रहे हैं।सिंह ने कहा सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा जारी चुनावी घोषणा पत्रों में सत्ता पक्ष भाजपा ने किसान हित मे कुछ भी उल्लेख करना उचित नहीं समझा? वैसे भी विगत के दो चुनावी घोषणा पत्र अब तक ठंडे बस्ते में पड़े हैं।जबकि इंडिया गठबन्धन और कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्रों में किसान हित की बातों का उल्लेख किया गया है।और विगत समय जिस किसी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है किसानों गरीबों,मजदूरों सहित सेवा निवृत्त राज्य कर्मचारियों की पेंशन बहाली कर किए गए वादों पर अमल किया गया है।हम सभी को धर्म और जाति की राजनीति में ऊपर उठकर विकास पथ चुनने का समय आ चुका है।

अग्निशमन विभाग द्वारा स्कूल मे सिखाये गए आग से बचाव के तरीके

लहरपुर,सीतापुर। क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं व गर्मी, लू की के चलते क्षेत्रअग्निशमन विभाग द्वारा जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा में अक्सर अग्निकांड होते हैं जिसके चलते धन हानि एवं जनहानि की भी संभावना बनी रहती है इसके अतिरिक्त घरेलू चूल्हे व रसोई गैस से भी अग्निकांड की संभावना पाई जाती है, अग्निकांडो पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग द्वारा जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, सोमवार को अग्निशमन विभाग द्वारा नगर के बीडीएनडी पब्लिक स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को अग्निकांडों से बचाव हेतु प्रशिक्षित एवं जागरूक किया गया व अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया बच्चों को संबोधित करते हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आग से बचाव व अग्नि आपदा होने पर उसे कैसे निपटा जाए इसकी बिंदुवार जानकारी दी। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी हर्ष कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, विवेक कुमार मौर्य विद्यालय प्रबंधिका मधु सिंह, प्रधानाचार्या कंचन सिंह, शिक्षक ओमप्रकाश पांडे, दिवाकर अवस्थी अभय सिंह, जयप्रकाश मौर्य ,प्रीति अवस्थी ,गोल्डी वर्मा ,पलक मिश्रा, शालिनी शुक्ला सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मंगलवार को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का किया जाएगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। चैत्र नवरात्र के सातवे दिन नगर के प्रसिद्ध संकटा देवी धाम में दर्शनार्थियों की सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन मां के दरबार में क्षेत्रवासिसयों द्वारा किया जा रहा है। संकटा देवी धाम में सोमवार को नवरात्र के सातवें दिन मां के कालरात्रि स्वरूप का मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम मिश्र ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। दिनभर गोद भराई, मुंडन और अन्नप्रासन संस्कार होते रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के पर्याप्त संख्या में महिला व पुरूष आरक्षी तैनात रहे। सोमवार को सेवता विधायक की पत्नी अंजू तिवारी ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। नवरात्र को लेकर प्रतिदिन सायं साढ़े सात बजे से होने वाली मां संकटा की महाआरती में सैकड़ों की संख्या में भक्त हिस्सा ले रहे हैं।

मेला महोत्सव में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार को रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने बताया कि कवि सम्मेलन में बाराबंकी से हास्य व व्यग्य के कवि अजय प्रधान व वीररस के जगदीप शुक्ल, वीररस के रामेश्वर द्विवेदी 'प्रलयकर' अमेठी व मुकेश सोनी मार्तंड गोंडा, हरदोई से गीतकार सुखदेव पाडेंय सहित कई अन्य कवि कविता पाठ करेंगें। मंच संचालन बाराबंकी के ओज कवि राम किशोर तिवारी करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित समस्त नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष,सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ बचत भवन में बैठक की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्वाचन से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई है उसका पालन करना सुनिश्चित करें। आयोग से प्राप्त निर्देशों की प्रतियां समय-समय पर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। निर्धारित समय सारणी व निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाए। अपने कार्य एवं दायित्व के निर्वहन में आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों का पालन न करने के फलस्वरूप किसी भी त्रुटि के लिए संबंधित नोडल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों से उनसे संबंधित कार्यों की प्रगति जानी।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नगर मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि पर मां अष्टभुजा भगवती की होगी प्राण प्रतिष्ठा

मिश्रिख,सीतापुर। महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला रत्नुपुर में मां अष्टभुजा भगवती की प्रांण प्रतिष्ठा एवं स्थापना समारोह का आयोजन मनोरमा दीक्षित व जगदंबा प्रसाद दीक्षित एवं समस्त दीक्षित परिवार के तत्वाधान में किया जा रहा है ।

आयोजित कार्यक्रम में दिनांक 19 अप्रैल दिन शुक्रवार प्रात 8 बजे प्रायश्चित गोदान , जल यात्रा , मंडप प्रवेश , बेदी पूजन आदि तथा दिनांक 20 अप्रैल शनिवार को प्रातः 8 बजे से अन्नाधिवास , फलाधिवास ,

पुष्पाधिवास आदि कार्यक्रम सम्पन्न होगे । दिनांक 21 अप्रैल रविवार को देव सम्मेलन , शोभा यात्रा नगर भ्रमण , देव प्राण प्रतिष्ठा तथा कन्या भोज व पूर्णाहुति के बाद ब्रह्म भोज सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें समस्त क्षेत्र वासी , भक्त गण सादर आमंत्रित हैं ।

भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित झांकियों संग निकली विशाल शोभायात्रा

कुंडा-प्रतापगढ़। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को मुख्य कार्यक्रम नगर पंचायत मानिकपुर में आयोजित किया गया। जहां पर सुधीर सोनकर व रवि शंकर सोनकर की अगुवाई में मां ज्वालामुखी देवी धाम परिसर स्थित रविदास धर्मशाला से दर्जनों झांकियां के साथ विशाल शोभा यात्रा निकल गई। जो अलीगंज चौराहा सभागंज चौराहा होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्र लता जायसवाल के प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उसे डिंपू भैया अगुवाई में माल्यार्पण करने के पश्चात शोभा यात्रा बभनपुर, इंटर कॉलेज के रास्ते राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से मिलिट्री ग्राउंड पहुंची। जहां पर अंबेडकर सेवा समिति द्वारा अच्छी झांकियां तथा पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक मतेश सोनकर, जिला पंचायत सदस्य अनिल मौर्य, बब्बू यादव, संजय सोनकर बबलू सोनकर, अब्दुल हाशिम, उमाशंकर, डीके सोनकर, विमल पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।इसी प्रकार नगर पंचायत कुंडा में भी दूर दराज ग्रामीण इलाकों से आई झांकियां ने समाज सुधार समिति परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से शोभा यात्रा निकलकर भगवान तिराहा सरजू नगर मेन चौराहा, खैराती रोड मेडिकल चौराहा रोडवेज बस स्टेशन होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहा से समाज सुधार समिति पहुंचकर शोभायात्रा समाप्त होकर सभा में तब्दील हो गई।

परीक्षाफल पाकर खिलखिला उठे विद्यालय के छात्र-छात्राएं

कुंडा-प्रतापगढ़। विकास खंड बाबागंज की ग्राम पंचायत अर्जुन अतेरू के राघव शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल में शिक्षण सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा फल का प्रमाण पत्र रविवार को समारोह पूर्वक विद्यालय में वितरित किया गया। जहां पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में बाल कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। विद्यालय की एलकेजी की सार्थक यादव, यूकेजी का अभिराज, कक्षा एक का शिवांश पुष्पाकर, कक्षा 2 की श्रेया यादव, कक्षा 3 की निखिल पटेल, कक्षा 4 का आदर्श पटेल, कक्षा 5 की आंचल ओझा, कक्षा 6 की प्राची पटेल, कक्षा 7 का प्रिंस

चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष के आवास पर बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सदर ब्लॉक परिसर के चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर लाल के आवास पर रविवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जिला अध्यक्ष सिकंदर लाल की अगुवाई में नगर पंचायत कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया। उन्होंने दलितों व गरीबो के उत्थान के लिए काम किया।

भाजपा कार्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद कार्यालय मंझनपुर में जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य जी की अध्यक्षता में संविधान निर्माता,भारत रत्न बाबा साहब डा0भीमराव आम्बेडकर जी की जयन्ती पर दीप प्रज्वलित कर नमन् किया और लोकसभा चुनाव हेतु विधानसभा मंझनपुर की कोर कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर सांसद व भाजपा प्रत्याशी श्री विनोद सोनकर जी को विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सम्पर्क अभियान में गति लाने हेतु आग्रह किया।

कसेन्दा में कांग्रेसियों ने बाबा साहब की जयंती पर किया याद

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कांग्रेस कौशाम्बी पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम की अध्यक्षता में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। कसेन्दा के रमेश गौतम के घर के पास कैम्प लगा कर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवम मिठाई व केक बाटा गया। इस मौके पर सुखलाल यादव, कमलेश कुमार, वैजनाथ रामबाबू, संकरलाल, शारदा प्रशाद, सिद्धार्थ, मेराज अहमद, बांकेलाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

भड़ेसर में सपा प्रत्याशी ने मनाई बाबा साहब की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। परम पूज्य बाबा की जयंती समारोह मनाया गया। वार्ड नं0 22 भड़ेसर मंझनपुर में जिसमें सपा सांसद प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज व पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। कार्यक्रम संयोजक हंसराज सरोज, युवा संगठन अध्यक्ष अवधेश सरोज, आजाद सरोज, लोरी सरोज, रामहित,अरविन्द गौतम,सतीश मौर्य,अजय मौर्य मौजूद रहें।

सपा प्रत्याशी ने क्षेत्र का भ्रमण कर मांगा समर्थन

कौशाम्बी। कौशाम्बी लोकसभा संसदीय सीट से घोषित समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ सिराथू विधानसभा क्षेत्र के शहजादपुर , तरसौरा , कोखराज , पलटीपुर, फरीदगंज , सिपाह आदि सहित दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगो से मुलाकात किया इस दौरान पुष्पेन्द्र सरोज ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताते हुए सपा शासन काल में सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए समर्थन की अपील किया , वही भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा की किसानो, नौजवानों व बेरोजगारो का दर्द समाजवादी पार्टी के मुखिया ही समझ सकते हैं ,

वर्तमान सरकार में जनता परेशान है जनपद में विकास के नाम पर सिर्फ वादे किए गए लेकिन विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया गया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव , विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद , सोनी चौधरी , पुष्पा सरोज , मिन्हाजुल हसन , ऐनुल हसन , भईया लाल पाल , अजय मौर्या , वाजिद अली , देवेंद्र सिंह , आशीष पासी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को माइक्रो प्लान के अनुसार सभी गतिविधियॉध्कार्यवाही क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों एवं सभी अधिशासी अधिकारियों को नगर निकायों में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के साथ ही फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिडकाव नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को गर्मी के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि कुछ स्थानों पर झाड़ियों की कटाई नहीं हुई है,जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित कि ए0डी0ओ0 (पंचायत) के माध्यम से झाड़ियों की कटाई में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दस्तक अभियान के अन्तर्गत ऑगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर आमजन को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करें। उन्हांने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशाओं को प्रशिक्षित किया जाय, जिससे वे दस्तक अभियान के अन्तर्गत घर-घर भ्रमण के दौरान लोगों की आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउण्ट) को सुगमता पूर्वक बना सकें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सुअर पालकों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाय। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अजुहा में भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाई गई जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा कार्यालय में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने दलित शोषित वंचित के मसीहा संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा की अच्छा देखने के लिए नहीं, बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो , डा अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा शांति कुशवाहा ने नमन करते हुए कर्मचारियों सभासदों से कहा कि दलित शोषित वंचित के मसीहा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर हम सभी को चलना चाहिए।

उन्होंने भारत ही नहीं पूरे विश्व में सुख शांति समृद्धि की अलख जगाई थी। इस मौके पर भाजपा नेता ओम प्रकाश कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि फूलचंद केसरवानी, सभासद रामबाबू मोदनवाल , सुरेश कुमार मौर्य , रमेश कुमार , दीपक कुमार उर्फपप्पू गौतम , सुघर सिंह, सुरेश चंद्र केसरवानी सहित वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव , सुरेश यादव, करन सिंह, राजाराम ,राम प्रताप, मनोज कुमार, सूर्य प्रकाश साहू,गजराज सहित नगर पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

मनाई गई बाबा साहब की जयन्ती

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। चौधरी दिरगज सिंह इंटर कॉलेज सैयद राजेपुर सिराथू कौशांबी में सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे अभाविप काशी प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनूप पटेल जी इन्होंने बाबा साहेब के विचारो व आदर्श को बताते हुए कहा कि अगर भारत को विश्व गुरु बनाना है तो हमको आगे आना होगा और भारत के कोने-कोने में अंबेडकर जैसे नवयुवक को तैयार करना होगा और इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे विद्यालय के प्रबंधक बृजपाल यादव उर्फबउआ सर व विद्यालय के प्रधानाचार्य जयकरण यादव जी सूर्य प्रताप जी कुलदीप मौर्य जी मितेश सर वअन्य लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धासुमन

बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवनदर्शन व आदर्शों का अनुकरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि-जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी श्री राजेश कुमार राय ने सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व श्री प्रबुद्ध सिंह, उप जिलाधिकारी श्री राहुल देव भट्ट एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने विश्व भर के संविधानों का गहन अध्ययन कर भारतीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सबसे बेहतर संविधान का निर्माण किया। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी ने शोषित,दलित,पिछड़े व सर्व समाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनदर्शन तथा आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होंगी।

प्राइवेट विद्यालयों द्वारा लिए जा रहे री एडमिशन फीस के खिलाफ़ विद्यार्थी परिषद ने फूका बिगुल

विदित हो कि आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिला अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें शिक्षा के बाजारीकरण व अभिभावकों के ऊपर री एडमिशन फीस के नाम पर बनाए जा रहे दबाव व विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से इन विषयों की जांच करने के लिए एक जांच कमेटी का गठन करने के लिए कहा गया।इस मौके पर सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा की प्राइवेट विद्यालय प्रतिवर्ष एडमिशन फीस के नाम पर मनमानी तरीके से अभिभावकों से एक मुस्त धनराशि जमा करवाई जा रही है जिससे अभिभावकों को के ऊपर एक बड़ा बोझ पड़ता है प्रशासन को एक गाइडलाइन तैयार करनी चाहिए जिससे एक मानक फीस का तैयार हो सके।

धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में मनाई गई बाबा साहब की जयन्ती

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। धर्मा देवी इण्टर कॉलेज एवं कॉन्वेंट स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी, सहित शिक्षक अमित त्रिपाठी, अमित यादव, अरविंद तिवारी, शिवम,रामचन्द्र, मौजूद रहे डी डी कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य एस. बी. सिंह ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

बाल्मीकि बस्ती में याद किए गए बाबा साहब

अजुहा, कौशाम्बी। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नंबर 2 बाल्मीकि बस्ती में मनाई गई। जिसके राष्ट्रीय बाल्मीकि संघ के जिला अध्यक्ष रामू आनंद वाल्मीकि ने भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने के लिए के लिए प्रेरित किया ।इस मौके पर विमल वाल्मीकि, बनी वाल्मीकि , संजय आनंद , चंदेल आनंद वाल्मीकि व सीमा देवी वाल्मीकि सहित तमाम लोग आज उपस्थित रहे । साथ ही अजुहा कस्बे के बाल्मीकि बस्ती वार्ड नंबर 2 में अंबेडकर जी की मूर्ति लगने का प्रस्ताव रखा गया।

जन्मदिन पर कोटिया में याद किए गए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर

लोकमित्र ब्यूरो

नेवादा, कौशाम्बी। भारतीय संविधान के निर्माता, ज्ञान के प्रतीक, महान समाज सुधारक, देश के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती चायल तहसील के ग्राम पंचायत कोटिया में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का के चित्र पर फूल चढ़ाकर उनका जन्मदिन मनाया। पूरे गांव में भव्य शोभा यात्रा निकालकर लोगो को बाबा साहेब के देश के प्रति योगदान के बारे में जागरूक किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और डीजे की धुन पर जमकर थिरके, यह शोभा यात्रा पूरे गांव में घुमाई और साथ ही जय भीम के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामदास पाल, सुखलाल पाल, मंगल पाल, कलेक्टर पांडेय, गणेशी रैदास, रामदेव रैदास, शिवमंगल रैदास, विक्रम रैदास, रमेश सरोज और शिव सरोज समेत बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, नौजवान और बच्चे शामिल हुये।

अपना दल एस ने बाबा साहब को अर्पित किया श्रद्धासुमन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय स्थित रैन बसेरा भारतीय सविंधान के शिल्पी भारत रतन डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कोटि कोटि नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल के नेतृत्व में जिले के सभी कार्यकर्त्ता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई जयंती तथा जिला अस्पताल में जाकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी जी को बाबा साहब की प्रतिमा भेंट किया इस अवसर पर जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य विधि मंच छेदी लाल पटेल प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह पटेल जिला अध्यक्ष आई टी सेल शिव भवन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष चंद्रभवन पाल राम हित आर्या रामनारायण सरोज शिव नरेश प्रजापति रंजीत सरोज राज कुमार पटेल अश्वनी पटेल लल्लू राम पटेल अमर सिंह पटेल शिव शेखर पटेल कलीम हाशमी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकरी मौजूद रहे।

डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती, नगर स्थित कार्यालय में अध्यक्ष ने प्रतीमा पर किया माल्यार्पण

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर नगर पालिका कार्यालय और चमरूपपुर स्थित कार्यालय में बाबा साहब के छवि चित्र और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया स अंबेडकर जयंती के मौके पर नगर अध्यक्ष कविता पासी ने उनके छविचित्र पर माल्यापर्ण , पुष्पांजलि अर्पित किया और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि बाबा सहाब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होने विषम परिस्थितियों में संघर्ष कर न केवल उच्च शिक्षा ग्रहण की, बल्कि समाज को भी शिक्षित किया। उन्होने गुनगुनाते हुए कहा कि आज का दिन है बड़ा महान, बनकर सूरज चमका इक इंसान, कर गए सबके भले का ऐसा काम, बना गए हमारे देश का संविधान। वहीं नगर क्षेत्र में डीजे बाजा के साथ वॉर्ड नंबर 16 देहदानी राजेंद्र नगर के गौरा तिराहे से पदयात्रा भी भरवारी कस्बे में निकाली गई स इस दौरान लिपिक बबलू गौतम, लल्लू प्रसाद, सभासद वीरेंद्र गौतम, एडवोकेट आशीष कुमार, मनोज, राहुल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहें।

सैनी में अग्निशमन कर्मचारियों को दी गई श्रद्धांजलि

अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक होगा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी में स्थित अग्निशमन फायर स्टेशन सिराथू में रविवार को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के मौके पर अग्निशमन सेवा के कर्मचारियों ने कार्यक्रम का आयोजन कर अग्निशमन सेवा के शहीद कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन कर अपने अपने विचार रखे। उल्लेखनीय है आज ही के दिन 14 अप्रैल को 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर एस एस फोर्ट स्टिकीन नामक मालवाहक पोत जिसमे रुई के बंडल , विस्फोटक एव युद्ध उपकरण आदि भरे थे जिसमें अचानक आग लग गयी थी इस आग को बुझाते समय जहाज में विस्फोट होने के कारण मुम्बई अग्निशमन सेवा के 66 कर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे । वीरगति प्राप्त इन अग्निशमन कर्मियों की पावन स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को देश मे अग्निशमन सेवा के महत्व के रूप में अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस व 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत जागरूकता सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के मौके पर फायर स्टेशन सैनी में भीषण अग्निकांड के दौरान शहीद हुए कर्मचारियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अपने अपने विचार रखे। साथ ही अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस पर एक सप्ताह तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाए जाएगा जिसमें अग्नि विभीषिका से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा । इस मौके पर अग्निशमन कर्मचारी एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे ।

बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत- राज कपूर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के विकास खण्ड मंझनपुर परिसर के सहायक विकास अधिकारी पंचायल कार्यालय सभागार में ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राज कपूर की अगुवाई में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राज कपूर ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया।

उन्होंने दलितों व गरीबो के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि जबतक हम बाबा साहब के आदर्शो को आत्मसात नहीं करेंगे, तबतक बेहतर समाज की स्थापना नहीं कर सकते। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित गण मौजूद रहे। पदाधिकारियों में मुकेश कुमार जिला महामंत्री, संतोष कुमार जिला उपाध्यक्ष, बबलू कुमार ब्लॉक कोषाध्यक्ष मंझनपुर, शिवम, कमलेश, हीरालाल, सौरभ, नंदनी सहित तमाम लोग मौजूद रहें।